रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 30 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-99 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सरकार ने टोल टैक्स से वसूले 1.44 लाख करोड़, नितिन गडकरी ने लोकसभा में दी जानकारी

**नई दिल्ली।** सरकार को नेशनल हाइवे पर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत चलने वाले टोल प्लाजा पर टैक्स के रूप में 1.44 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई है।



इस बात की जानकारी केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में दी। उन्होंने बताया कि यह कमाई दिसंबर 2000 से लेकर अब तक हुई है। इसके साथ ही उन्होंने के कहा कि नेशनल हाईवे के सभी उपयोगकर्ता टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 और संबंधित रियायत समझौते के प्रावधान के अनुसार स्थापित किए गए हैं।

### जीडीपी वृद्धि दूसरी तिमाही में गिर कर 5.4 प्रतिशत, सरकारी खर्च बढ़ाने, ब्याज दर में कटौती की प्रतीक्षा

**नयी दिल्ली।** मुद्रास्फीति के दबाब और उपभोग मांग में नरमी के बीच चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में देश के सकल



घरेलू उत्पाद सालाना आधार पर वृद्धि दर घटकर 5.4 प्रतिशत रह गई। यह पहली तिमाही (अप्रैल-जून,24) के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम है। विश्लेषकों ने आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए सरकार के व्यय में तेजी और आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर घटकर 556.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर कम होकर 556.6 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.8 अरब डॉलर लुढ़ककर 657.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.04 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 566.8 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.83 अरब डॉलर बढ़कर 67.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से हो पालन : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में प्रदेश के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जाए। मुख्यमंत्री साय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाने, जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराया गया ''बस संगवारी एप'' लांच किया और परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया। बैठक में जानकारी दी गई कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद की पाठ्यपुस्तकों में सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से संचालित है। सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 101 ब्लैक स्पॉट और 748 जंक्शन के सुधार कार्य पूर्ण किए गए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना 40 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग द्वारा 6 लाख 70 हजार से अधिक तथा पुलिस विभाग द्वारा 4 लाख 87 हजार से अधिक चालानी कार्यवाही की गई है। 01 जनवरी 2023 से 31 अक्टूबर 2024 तक 7826 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया गया है।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति के तहत मिलेगा आवास : मुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 15,000 आवासों की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए यह पहल एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 15,000 आवास केवल मकान नहीं बल्कि उन परिवारों के लिए सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक हैं। हमारी सरकार इस योजना को पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ लागू करेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश के विकास और शांति स्थापना की दिशा में एक ांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि नक्सल पीड़ित परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को बेहतर जीवन देने के लिए हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। पीड़ित परिवारों को आवास मिल जाने से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यह योजना सामाजिक समरसता और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस योजना में विशेष रूप से उन परिवारों को शामिल किया जाएगा जिनका नाम सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011 और आवास प्लस 2018 की सूची में शामिल नहीं था। इन नामों को 6 दिसंबर 2024 तक आवास प्लस पोर्टल पर अपलोड करने की अनुमति केंद्र सरकार द्वारा दी गई है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास देने की स्वीकृति हेतु निवेदन किया था परिणामस्वरूप 15 हजार आवास की स्वीकृति भारत सरकार से दी गयी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस विशेष परियोजना के तहत पुलिस अधीक्षक जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत को आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों की सूची प्रदान करेंगे।

## दिल्ली में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राजधानी के भारत मंडपम में 06 दिसम्बर से पूर्वोत्तर राज्यों के तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक संवाददाता सम्मेलन में अष्टलक्ष्मी महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम के हॉल नंबर 14 में 06 से 08 दिसम्बर तक आठ राज्यों - असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम के अलग अलग थीम पर पवेलियन बनाये जाएंगे। मुगा सिल्क और एरी सिल्क के दो पंडाल अलग से लगाए जाएंगे। हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के लिए एक जीआई पवेलियन भी होगा। सिंधिया ने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों के संगीत की शाम भी होगी, जिसमें शिलांग के बैंड एवं कई संगीत समूह शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर एक डाक टिकट जारी किया जाएगा। पूर्वी एशिया के विभिन्न देशों के राजनयिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। हर राज्य के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर क्षेत्र को विकसित भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने की इच्छा रखते हैं। यह आसियान देशों के लिए भारत का द्वार है। आन वाले समय में इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने की कोशिश की जाएगी।

## नियम 267 को व्यवधान का हथियार बनाया जा रहा है : धनखड़

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के सामान्य कामकाज में जारी व्यवधान पर गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए कहा कि नियम 267 को बाधा का हथियार बनाया जा रहा है। धनखड़ ने सदन में नियम 267 के अंतर्गत मिले नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के हंगामे पर कहा कि ये मुद्दे सप्ताह के दौरान बार-बार उठाए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप पहले ही तीन कार्य दिवस में कोई कामकाज नहीं हो सका। उन्होंने कहा, ये वे दिन थे जो हमें सार्वजनिक हित के लिए समर्पित करने चाहिए थे। हमें शपथ का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस दौरान समय और अवसर का नुकसान हुआ। विशेष रूप से प्रश्नकाल का नहीं होना आम जनता को बहुत बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि नियम 267 को व्यवधान और सामान्य कामकाज से विचलित करने के एक उपकरण के रूप में हथियार बनाया जा रहा है।

## बस मार्शलों की बहाली पर अड़ंगा लगा रही भाजपा : सीएम आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी भाजपा की ओर से पहले मार्शलों



का वेतन रोका गया फिर नौकरी से निकाला और अब मार्शलों की पुनः बहाली पर भी अड़ंगा लगा रहे है। आतिशी ने आज विधानसभा में कहा, दिल्ली में जब कोई लड़की, कोई महिला पढ़ाई करती है, नौकरी पर जाती है तो डीटीसी बसों में उनके साथ जो दुर्व्यवहार होता है, उसे मैं अच्छी तरह से समझती हूँ।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 18.09 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में धान 14 नवम्बर सें शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 18.09 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 3.85 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 3706 करोड़ 69 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

## संभल मस्जिद विवाद मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई तक जिला अदालत की कार्यवाही पर सुप्रीम रोक

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले जिला अदालत से कहा कि वह उच्च न्यायालय में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करें। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान चार प्रदर्शनकारियों की पिछले दिनों मृत्यु हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उसे उच्च न्यायालय के समक्ष तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट की सर्वेक्षण रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो... उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह आदेश (सर्वेक्षण करने का) जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा, हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा... हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है। पीठ ने मामले को छह जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज के समक्ष सुनवाई की अगली तारीख आठ जनवरी तय की गई है। पीठ ने संभल मामले में निर्देश देने से पहले शुरुआत में कहा कि उसे सिविल जज द्वारा 19 नवंबर को पारित आदेश पर कुछ आपत्तियां हैं।

## पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी कुंतल घोष को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती कथित घोटाले से जुड़े केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता कुंतल घोष को सशर्त जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने उन्हें यह राहत दी। पीठ जमानत देने के साथ ही यह भी निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता फिलहाल कोई सार्वजनिक पद नहीं संभाल सकता। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि हालांकि इस साल जनवरी में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है, लेकिन सीबीआई द्वारा पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का प्रस्ताव होने के कारण इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा सकता है। इसके अलावा निकट भविष्य में मुकदमे के पूरा होने की कोई संभावना नहीं है। पीठ ने कहा निकट भविष्य में मुकदमे के निष्कर्ष की भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी। याचिकाकर्ता को अनिश्चित काल के लिए हिरासत में रखना आपराधिक न्यायशास्त्र के सुस्थापित सिद्धांतों के अनुरूप नहीं होगा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्हें 20 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया गया था और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धन शोधन से संबंधित मामले में उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दी गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि याचिकाकर्ता एक व्यापक घोटाले और गहरी साजिश का हिस्सा था।

## पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम को राहत देते हुए मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्हें (पूर्व मुख्यमंत्री) और उनके परिवार के सात सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले को बहाल किया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने पनीरसेल्वम और अन्य की याचिकाओं पर उच्च न्यायालय के आदेश को निलंबित करने संबंधी अपना आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अभियोजन एजेंसी सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) को भी नोटिस जारी किया।

## क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को कृषि ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com



केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमन ने आज यहां बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के 4 राज्यों को कवर करने वाले पूर्वी क्षेत्र के 8 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के प्रदर्शन की समीक्षा की और इन बैंको को जमीनी स्तर पर कृषि ऋण वितरण को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू, आरबीआई ईडी, आरआरबी और प्रायोजक बैंकों के अध्यक्ष मौजूद थे। बैठक में नाबार्ड और सिडबी के प्रतिनिधि और भाग लेने वाले राज्यों के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में 8 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने भाग लिया और इसमें व्यवसायिक प्रदर्शन, डिजिटल प्रौद्योगिकी सेवाओं को उन्नत करने तथा कृषि और सूक्ष्म एवं लघु उद्योग से जुड़ी गतिविधियों में व्यवसाय वृद्धि को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन देने में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए वित्त मंत्री ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से आग्रह किया कि वे अपने प्रायोजक बैंकों के सक्रिय सहयोग से भारत सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं जैसे पीएम मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा आदि के तहत ऋण वितरण में वृद्धि करें।

## दिल्ली की कानून-व्यवस्था नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दें अमित शाह : केजरीवाल

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यदि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजधानी की कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे हैं, तो अपने पद से इस्तीफा दे दें। केजरीवाल ने विधानसभा में कहा कि आज से 10 साल पहले दिल्ली के लोगों ने हमें स्कूल-अस्पताल निर्माण, बिजली-पानी और सड़कें ठीक करने की जिम्मेदारी दी थी। हमने स्कूल-अस्पताल अच्छे कर दिए। दवाइयां मुफ्त कर दीं, बिजली ठीक कर दी। हमने कई इलाकों में पानी ठीक कर दिया कई इलाकों में बाकी है, उसे भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आधी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के पास है और आधी जिम्मेदारी केंद्र सरकार के पास है। दिल्ली की जनता ने भाजपा की केंद्र सरकार को दिल्ली वालों को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी दी थी।

**महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की**

## 2027 में बड़ी होगी भाजपा की विजय : मुख्यमंत्री योगी

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। भाजपा मुख्यालय में आयोजित उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गये हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां बीजेपी ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि बीजेपी हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है। उन्होंने सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकर्ताओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी।

## चुनावी हार से हताश होने की बजाए नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत : खरगे

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उत्साह भरे नतीजों को हासिल करने के बाद विधानसभाओं के चुनावों में पार्टी को धक्का लगा है, लेकिन इससे हताश होने की बजाय कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत है। खरगे ने कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारिक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को पराजय से हताश होने की जरूरत नहीं है बल्कि नए संकल्प के साथ जमीनी स्तर से काम करते हुए समय के अनुसार बदलाव लाने की जरूरत है। पार्टी ने पहले भी चुनौतियों पर विजय पाई है, इसलिए मौजूदा चुनौतियों से पार पाते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस पार्टी ने नए जोश-खरोश के साथ वापसी की थी, लेकिन उसके बाद हुए तीन राज्यों के चुनावी नतीजे हमारी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे। इंडिया समूह ने चार में से दो राज्यों में सरकार बनाई, लेकिन प्रदर्शन उम्मीदों के अनुकूल नहीं रहा। ये चुनाव परिणाम भविष्य के लिहाज से हमारे लिए चुनौती है। हमें चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है।


Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी
मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डिपार्टमेंट ऑफ डर्मेटोलॉजी



परामर्श एवं उपचार
- चेहरे का काला दाग एवं झाईयाँ सोरियासीस एवं एक्जीमा- दाद, खाज, खुजली
- किल मुहासें एवं ब्लेक हेड संबंधित समस्याएं
- पलकों में काला दाग एवं आँखों के नीचे का काला दाग
- चेहरे के मस्सों व तिल का ईलाज, हाथ और पैर के तलवे से पसीना आना
- बालों का झड़ना, पकना, रूसी एवं गंजापन
- नाखुनों का सड़ना गलना
- एड़ियों का बार - बार फटना
- बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के त्वाचा संबंधित समस्याएं ऐलर्जी
- गुप्त रोग एवं कुष्ठ रोग से संबंधित समस्याएं

मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 0771-4241000/01/02

# जिला स्तर पर जन योजना अभियान (जीपीडीपी) निर्माण के संबंध में फैसिलिटेटर एवं जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं ज़िला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर फैसिलिटेटर एवं जनपद स्तर के अधिकारी कर्मचारियों को जन योजना अभियान (जीपीडीपी) निर्माण की प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में फैसिलिटेटर के रूप में समस्त ग्राम पंचायत के सचिव/रोजगार सहायक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। विदित हो कि उक्त प्रशिक्षण में समस्त विभागीय योजनाओ से कार्य सम्मिलित करने के लिए बताया गया। इसमें यह भी बताया गया कि सभी ग्राम पंचायत, 9 थीम में से एक थीम का चयन करें और उक्त चयनित थीम के कार्यो को शत प्रतिशत कार्य योजना में सम्मिलित करे और उस थीम को उस ग्राम पंचायत से संतृप्त करे साथ ही वर्ष 2030 तक पूरे 9 थीम से संबंधित कार्यो को संतृप्त करना है, साथ ही समस्त विभागीय योजनाओं के कार्यो को भी सम्मिलित कर एक गुणवत्तापूर्ण कार्ययोजना तैयार करने के निर्देशित किया गया। शशि सिन्हा जिला समन्वयक ने बताया कि उक्त कार्य हेतु राज्य स्तर से 02 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य जिला जनपद एवं ग्राम पंचायत में सामान्य सभा व ग्राम सभा का आयोजन कर आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्य योजना का निर्माण कर ई ग्राम स्वराज पोर्टल में ऑनलाइन अपलोड किया जाना है। उक्त कार्य के निर्वहन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर फैसिलिटेटर के रूप में सचिव अथवा रोजगार सहायक को नियुक्त किया जाता है। प्रत्येक ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला स्तर के लाइन विभाग के अधिकारियों को फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में नामांकित किया जाता है। कार्य योजना निर्माण हेतु कम से कम 2 ग्राम सभा का आयोजन किया जाना अनिवार्य प्रथम ग्राम सभा 2 अक्टूबर 2024 चर्चा हेतु, तथा उसके उपरांत 31 जनवरी 2024 के पूर्व दूसरी ग्राम सभा/ सामान्य सभा की शेड्यूलिंग जीपीडीपी पोर्टल पर की जाती है। ग्राम सभा/ सामान्य सभा के आयोजन उपरांत फैसिलिटेटर की आईडी से ऑनलाइन फैसिलिटेटर फीडबैक फॉर्म भरा जाना अनिवार्य होता है। आयोजित ग्राम सभा की फोटो वह वीडियो क्लिप को ग्राम सभा निर्णय एप्प में अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना होता है। ग्राम सभा से अनुमोदित कार्य योजना ही ई ग्राम स्वराज पोर्टल में अपलोड की जाती है। ग्राम पंचायत स्तर पर जीपीडीपी निर्माण की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 होगी। जनपद स्तर पर बीपीडीपी निर्माण की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 होगी एवं जिला स्तरीय डीपीडीपी निर्माण की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 होगी। उक्त गाइडलाइन को एवं समय सीमा को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण गतिविधियों पूर्ण करने हेतु सभी संबंधित फैसिलिटेटर एवं जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया गया। इसी तारतम्य में उपसंचालक पंचायत ने अवगत कराया कि जिला/ जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जिससे कि कार्यो को आसानी से समयावधि में पूर्ण कराया जा सके। जैसे कि जिला स्तर पर नोडल अधिकारी ऋषभ सिंह चंदेल उपसंचालक पंचायत नोडल अधिकारी एवं शशि सिन्हा सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त है साथ ही अलग-अलग विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को भी उक्त कार्यो के निर्वहन हेतु आदेशित की गई है। इसी प्रकार जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में समस्त जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को नोडल अधिकारी समस्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को सहायक नोडल अधिकारी तकनीकी एवं अन्य सभी कार्य हेतु संबंध जनपद पंचायत के संकाय सदस्य एवं करारोपण अधिकारियों को कार्य क्रियान्वयन हेतु 15वें वित्त से संबंधित समस्त जनपद के शाखा लिपिक को एवं विभिन्न प्रकार के ग्राम पंचायत से मोबाइल ऐप के द्वारा कार्य किए जाने हेतु सहयोग प्रदान करने के लिए क्षेत्र प्रभारी के रूप में समस्त तकनीकी सहायकों को आदेशित की गई है इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त सचिवों को फैसिलिटेटर एवं लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश नंदिनी साहू ने बताया कि यदि तीनों स्तर पर आदेशित किया गए अधिकारी कर्मचारी सही तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तो हमारे जिले से यह कार्य बहुत ही आसानी से पूर्ण किया जा सकता है ।

# रकम डबल करने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पिता-पुत्र को सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार





पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

8 अक्टूबर को स्थानीय केतका रोड़ निवासी विशाल गुप्ता ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि माह 6/24 में असफाक उल्ला के द्वारा रकम 35 दिन में डबल करने का झांसा दिया जिसके बहकावे में आकर उसे 10 लाख रूपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया जिसके एवज में असफाक के द्वारा 10 लाख रूपये का चेक दिया गया। काफी समय बीतने के बाद भी असफाक के द्वारा पैसा वापस न कर टालमटोल करने पर प्रार्थी के द्वारा इसकी रिपोर्ट थाना सूरजपुर में करने पर 08/10/2024 को आरोपी असफाक उल्ला, उसका पिता जरीफ उल्ला और जीजा के विरूद्ध अपराध क्र. 558/24 धारा 420, 506, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

वहीं दूसरे मामले में मानपुर निवासी मोहम्मद अल्ताफने थाना सूरजपर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15.05.24 से 23.05.24 के बीच ग्राम सोनपुर का असफाक उल्लाह, जरीफ उल्लाह व अन्य 5 लोगों के द्वारा 52 दिनों में पैसा डबल करने के नाम पर 10 लाख रूपये का धोखाधड़ी किए है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 650/24 धारा 420, 506, 34 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वहीं तीसरे मामले में मानपुर सूरजपुर निवासी फरहत नाज ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20/02/2024 को ग्राम सोनपुर का असफाक उल्लाह, जरिफ उल्लाह व उसका जीजा के द्वारा 60 दिनों में पैसा डबल करने के नाम पर कुल 54 लाख रूपये का धोखाधड़ी किए है। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 651/24 धारा 420, 506, 34 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आमजनता के लाखों की धनराशि लेकर धोखाधड़ी करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम गठित कर लगाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम के द्वारा नई तकनीक की मदद व प्राप्त मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी असफाक उल्ला व उसके पिता जरीफ उल्ला को पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के द्वारा वारदात को अंजाम देना पाए जाने पर उक्त तीनों प्रकरणों में आरोपी असफाक उल्ला पिता जरीफ उल्ला उम्र 23 वर्ष एवं जरीफ उल्ला अंसारी पिता अब्दुल रहीम उम्र 53 वर्ष ग्राम सानपुर, चौकी बसदेई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया और आरोपी असफाक उल्लाह का 05 दिनों का पुलिस रिमाण्ड लिया गया है और आगे की विवेचना की जा रही है। आरोपी के विरूद्ध थाना अम्बिकापुर में भी अपराध पंजीबद्ध होने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी अम्बिकापुर पुलिस को दी जा रही है।

# एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने ली क्राईम मीटिंग, आदतन अपराधी, गुंडे एवं बदमाश प्रवृति के लोगों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व लंबित मामलों के निराकरण की स्थिति जानने और निकाल के निर्देश देने हेतु पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी और पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की मौजूदगी में गुरूवार, 28 नवम्बर 2024 को क्राईम मीटिंग ली और थाना-चौकी प्रभारियों को सख्ती से कहा कि अवैध कबाड़ सहित प्रत्येक अवैध कार्य पर रोक लगाई जावे कहीं भी अवैध गतिविधियां नहीं होनी चाहिए, ऐसी कोई सूचना मिलने पर दूसरे थाना की टीम से कार्यवाही होने की स्थिति में संबंधित थाना प्रभारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाए, थाना प्रभारी रात्रि गश्त को अपनी मौजूदगी में हिदायत देकर रवाना करें और इसकी औचक चेकिंग हेतु राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया। साईबर क्राईम मामले में फौरन एक्शन ले ताकि ठग अपने मकसद में कामयाब न हो सके और ठगी की रकम को होल्ड कराकर पीड़ित को राहत दिलाया जा सके। इस दौरान उन्होंने अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, बेहतर और विजुअल पुलिसिंग करने सहित कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए साथ ही कहा कि आदतन अपराधी, गुंडे एवं बदमाश प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखे, असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ बनाए रखने तथा सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय मौजूदगी बनाए रखने एवं नियमित रूप से पैदल गश्त व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।

## जांच-विवेचना में नहीं चलेगी लापरवाही, प्रभारियों को लगाई कड़ी फटकार

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बैठक में प्रत्येक प्रभारियों से मामला पंजीबद्ध होने, गुम इंसान व मर्ग कायमी एवं शिकायत प्राप्त होने के बाद उसके विवेचना, जांच और निराकरण के क्या-क्या प्रयास किए गए है उसकी जानकारी ली और सुस्त कार्यप्रणाली बरतने वाले प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई और सख्त हिदायत दी कि जल्द और विधिवत् मामलों का निराकरण कर अवगत कराए। उन्होंने प्रभारियों को कहा कि गुम इंसान व मर्ग जांच को पूर्ण गंभीरता व संवेदनशीलता से जांच करें। निगरानी, गुण्डा बदमाशों सहित असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर लगातार बनाए रखे, पूर्ण सजगता के साथ आने-जाने वाले सभी वाहनों की बारीकी से चेकिंग की जाए, गिरफ्तारी व स्थाई वारंटी तामीली के लिए विशेष अभियान चलाए, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में बढ़ोत्तरी करते हुए अनिवार्य रूप से बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही कराए।

# धान परिवहन शुरू, पोंडी खरीदी केंद्र से श्रीगणेश, संग्रहण केंद्रों में धान भेजने का सिलसिला शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



जाम की स्तिथि से निपटने के लिए अब प्रशासन ने ही उठाव कराना शुरू कर दिया हैं। शुक्रवार से इसकी शुरुआत कर भी दी गई हैं। जिले में धान का परिवहन शुरू हो चुका है। पोंडी उपार्जन केंद्र से उठाव का श्रीगणेश किया गया है। पोंडी केंद्र से धान को जगतरा संग्रहण भेजा गया है। पहले दिन 36 हजार क्विंटल धान का टीओ मार्कफेड विभाग द्वारा जारी किया गया था, वही दूसरे दिन शुक्रवार को एक लाख 16 हजार 770 क्विंटल का टीओ जारी किया गया है। एकमात्र गुरुदेव ट्रांसपोर्टर द्वारा उठाव कर परिवहन किया जा रहा है। बताया गया है की शुक्रवार को शाम 6 बजे तक गैंजी, डौंडी, पोंडी और साल्हे से 1 हजार 720 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका है। बता दे की जिले के चार संग्रहण के केंद्र मालीघोरी, धोबनपुरी, फुण्डा और जगतरा की कुल क्षमता 22 लाख क्विंटल है, और जिले में शुक्रवार तक साढ़े 14 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। इधर शासन द्वारा कस्टम मिलिंग नियमो में किये बदलाव, 2 वर्ष के पुराना बकाया भुगतान नही किये जाने से नाराज राइस मिलर अनुबंध/पंजीयन नही करा रहे हैं। हालांकि मिलरों की उच्च अधिकारियो से चर्चा हुई, लेकिन चर्चा ने निष्कर्ष क्या निकला यह मालूम नही चल पाया है। एक तरफ राइस मिलर अनुबंध नही करा रहे है, दूसरी तरफ खरीदी केंद्रों से धान को संग्रहण केंद्रों में भेजने टीओ जारी करने का कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन पहले दिन सिर्फ 4 केंद्रों से 1 हजार 720 क्विंटल धान का ही उठाव किया गया, अगर ऐसी ही स्तिथि रही तो आने वाले दिनों में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है।

## सोमवार खरीदी के लिए 3,769 टोकन जारी

जिले में 33 हजार 986 किसानों ने 14 लाख 66 हजार 646.80 क्विंटल धान बेचा है। आज शनिवार और कल रविवार को अवकाश के चलते खरीदी बन्द रहेगी। दो दिन बाद सोमवार को खरीदी की जाएगी। सोमवार के लिए के लिए 547 समिति द्वारा और 3 हजार 222 एप्प के माध्यम से यानि कि कुल 3 हजार 769 टोकन एक लाख 83 हजार 832.80 क्विंटल का जारी किया गया है। वही अब तक 1 हजार 3 हजार 627 किसानों ने 112 समितियो में 192.221 रकबा समर्पित किया हैं। आपको बता दे कि जिले में 122 समिति अंतर्गत कुल 143 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हुई और शुक्रवार 29 नवंबर तक 33 हजार 986 किसानों से 338 करोड़ 79 लाख 87 हजार 744 राशि का 14 लाख 66 हजार 646.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई हैं। ऋण के विरुद्ध 109 करोड़ 25 लाख 65 हजार 101 रुपये की वसूली पश्चात 229 करोड़ 53 लाख 72 हजार 826 रुपये का शुद्ध भुगतान किसानो के खातों में किया गया हैं।

## 90 केंद्रों में जाम के हालत

जिले के 90 धान खरीदी केंद्र में बफर लिमिट से अधिक धान की मात्रा है। इन 90 केंद्रों में कुल 10 लाख 32 हजार 69.20 क्विंटल धान का स्टॉक है। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक केंद्र ऐसे हैं, जहां अगले सोमवार तक बफर लिमिट पार हो जाएगी। ऐसे में सभी समितियों में खरीदी की रफ्तार भी प्रभावित हुई है। पहले दिन 36 हजार क्विंटल टीओ जारी हुआ, और जिस कछुआ गति से परिवहन किया गया, उस हिसाब से यह अंदाजा लगाया जा सकता है, की आने वाले दिनों में केंद्रों की स्तिथि क्या होगी। हालांकि जिला विपणन विभाग द्वारा जल्द ही उठाव किये जाने की बात कह रहा हैं। लेकिन संशय इस बात का है कि क्या सिर्फएक ट्रांसपोर्टर के भरोसे लाखों क्विंटल धान संग्रहण केंद्रों में कैसे पहुचाया जाएगा। स्थिति को ध्यान में रखते यह कहा जा सकता है कि शुरूआत सुस्त रफ्तार से हुई है। हालांकि आज से इस गति में और तेजी आने की बातें कही जा रही है।

# आत्मानंद स्कूल के शिक्षक ने छात्र से बाल खिचकर पिटाई मामले की नहीं हुई अब तक जांच

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पदस्थ शिक्षक द्वारा छात्र से लगभग 20 दिन पहले मारपीट की घटना प्रकाश में आया था। जिस पर अब तक क्या जांच किया गया। पता नहीं पिडित छात्र की मां ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से मुलाकात कर घटना की जानकारी विस्तार दी गई। इस संबंध में पिडित छात्र की मां संगीता पंडा ने जानकारी देते बताया कि मेरा पुत्र आरुष पंडा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सरायपाली में कक्षा तीसरी में अध्यनरत है। पदस्थ शिक्षक शोभाराम भोई ने 11 नवंबर को मेरे पुत्र को बे वजह बाल बिंचकर पिटाई की। उक्त घटना की लिखित शिकायत मैंने तत्काल प्राचार्य से की तथा पावती मांगा तो उन्होंने पावती देने से यह कहकर इंकार किया कि वे अपने स्टाफके खिलाफ पावती नहीं देंगे। मैंने इस घटना की शिकायत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की। घटना को आज 20 दिन से अधिक हो चुका है किंतु दोषी शिक्षक के खिलाफकोई भी जांच या कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसे प्रतीत हो रहा है कि विभाग के अधिकारी दोषी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रहे हैं। पंडा ने आगे कहा कि चूंकि मैं अकेली महिला हूं इसलिए मेरे पुत्र के साथ हुई घटना को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इतना ही नहीं शिक्षकों द्वारा मेरे विरुद्ध षडयंत्र कर जबरन फंसाने की बातें भी सुनने में आ रहा है।

# कलेक्टर ने मंडी रोड़ स्थित नशामुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन ने नशामुक्ति केंद्र मंडी रोड़ सूरजपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने नशामुक्ति केंद्र में भर्ती सभी नशा पीड़ितो से व्यक्तिगत चर्चा किया और नशा मुक्ति केंद्र में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के सचिव सुरेन्द्र साहू ने बताया कि दिसंबर 2022 से अभी तक कुल 116 नशा पीड़ित भर्ती हुए थे, जिसमें अधिकांश लोग नशा से मुक्त होकर अपने घर चलें गए हैं। साथ ही 285 मरीजों का काउंसलिंग भी किया गया है। नशामुक्ति केंद्र में प्रमुख रूप से गांजा, शराब, कोरेक्स, चरस, सुलेशन, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट के मरीज भर्ती है। उन्होंने आगे बताया कि जिला प्रशासन सूरजपुर द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र में किसी भी जिले का मरीज भर्ती हो सकते है। नशामुक्ति केंद्र में मरीजों को भर्ती कर उन्हें ठीक करने का प्रयास छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा किया जाता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नशामुक्ति केंद्र में उपलब्ध रिकॉर्ड के संधारण हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों द्वारा केंद्र की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित संबंधित को नशा मुक्ति केंद्र में रहने वाले युवाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनओं के अंतर्गत संचालित रोजगार मूलक प्रशिक्षण से जोडने के निर्देश दिए ताकि स्वरोजगार प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़े और जिससे कि वो सकारात्कम दिशा की ओर आगे बढ़ कर अपने सुनहरे भविष्य का निर्माण कर सके।

निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान लखनपुर जिला सरगुजा के कर्मचारी भारती साहू, हरिकेश गुप्ता विक्रम पाले, आकाश नायक, जय विश्वकर्मा, सूरज कुसरो, अर्णव, रितेश ताजे, नर्स अनिता कुशवाहा सहित सभी स्टाफ और हितग्राही उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री की पहल से किसानों को धान उपार्जन केंद्र में मिल रही सुविधाओं की कृषक ने की तारीफ

# खूबसूरती सिंह ने समिति में 102.40 क्विंटल धान का किया विक्रय

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com




समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत जिले के धान खरीदी केन्द्रों में सुगमतापूर्वक धान खरीदी हेतु चाक-चौबंद व्यवस्था की सूरजपुर जिले के किसानों ने सराहना की है।

जिले के किसानों ने धान खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा की गई जरूरी व्यवस्था के अलावा 3100 रुपये की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय को अत्यंत दूरदर्शी व किसान हितैषी बताया है। छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए जिले के ग्राम करवा के किसान खूबसूरती सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री साय द्वारा 3100 रुपये की दर पर धान खरीदी का निर्णय लेकर कृषको के श्रम को सम्मानित करने का अभिनव कार्य किया गया है। उनके द्वारा समिति में 102.40 क्विंटल धान विक्रय किया गया हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम किसान काफी मेहनत कर फसल उगाते है जिसे कटाई और मिंजाई के पश्चात विक्रय हेतु धान खरीदी केन्द्र लाते हैं।

धान खरीदी केंद्र में इस बार की गई व्यवस्था से हम किसानों को काफी खुशी हुई है। धान खरीदी केन्द्र लटोरी में अपने धान की बिक्री करने के पश्चात् व्यवस्था की सराहना करते हुए कृषक बंधु ने खुशी-खुशी बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से किसानों को धान विक्रय करने में काफी सहूलियत मिली है।

# युवतियों को आवासीय सिलाई प्रशिक्षण दे रहे है पुरुष ट्रेनर, सुरक्षा व्यवस्था नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com






बोड़ला विकासखंड के ग्राम खडौदा खुर्द में भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड द्वारा जिले के जरूरत मंद युवतियों को आवासीय निःशुल्क सिलाई मशीन ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवतियों और महिलाओं को शामिल किया जाता हैं । प्रशिक्षण देने के लिए पुरुष ट्रेनर की नियुक्ति किया गया है साथ ही उक्त संस्थान का प्राचार्य भी पुरुष है। आवासीय प्रशिक्षण होने के कारण छात्रावास की अधीक्षक महिला है । लेकिन एक छोटे से परिसर में जहां पर युवतियां और महिलाएं रहती है वहां पुरुष अधिकारी-कर्मचारियों का होना कोई अप्रिय घटनाओं को घटित होने की संदेह को जन्म देता हैं।

## प्रशिक्षण के लिए आवश्यक योग्यता

बालकों द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण लेने वाले का उम्र न्यूनतम 18 वर्ष या अधिक होना जरूरी है साथ ही कम से पांचवीं कक्षा की पढ़ाई की हो, निवास की पता के लिए आधार कार्ड, 6 पासपोर्ट साइज की फोटो, शैक्षणिक योग्यता का अंकसूची और राशन कार्ड आवश्यक होना चाहिए। उक्त योग्यता धारी युवतियों निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं।

## प्रशिक्षण केंद्र में मिलने वाली सुविधाएं

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड द्वारा जिले के युवतियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान उच्च श्रेणी के पुरुष मास्टर ट्रेनर रखा है। जिसके द्वारा प्रतिदिन दिन प्रतिभागियों को ट्रेनिंग दिया जाता है। प्रशिक्षार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन और छात्रावास की व्यवस्था रखा है।

## प्रशिक्षण का अवधि सीमित

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड द्वारा वेदांता स्किल्स स्कूल ग्राम खडौदा खुर्द में संचालित किया जा रहा है जिसमें प्रतिवर्ष 200 युवतियों और महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रतिभागियों को 36 दिवस में प्रशिक्षित करने का समय सारणी तय किया गया है लेकिन सभी सिलाई मशीन विद्युत से चलने वाली है। वनांचल क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती होने के समय सिलाई प्रशिक्षण बाधित हो जाता हैं लेकिन समय सीमा का बंधन होने के कारण 36 दिवस में उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर छुट्टी दे दी जाती हैं। एक शिफ्ट में 25 युवतियां और महिलाएं को ही प्रशिक्षण दिया जाता हैं।

## छः कर्मचारियों का सेटअप

वेदांता स्किल्स स्कूल ग्राम खडौदा खुर्द, बोडला -बैजलपुर, जिला कबीरधाम में युवतियों और महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण देने के लिए भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने छः कर्मचारियों की सेटअप तैयार किया है। जिसमें एक महिला अधीक्षिका, संस्था प्रमुख प्राचार्य (पुरुष), मास्टर ट्रेनर (पुरुष) सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं जबकि युवतियों और महिलाओं को प्रशिक्षित करने वाले संस्थान पर महिला अधिकारी कर्मचारियों से कार्य लिया जाना चाहिए।

## सुरक्षा की आवश्यकता

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड द्वारा युवतियां और महिलाएं को सिलाई मशीन का प्रशिक्षण देने के जो स्कूल का संचालन किया जा रहा है वो स्थान गांव से थोड़ा दूर है साथ ही जंगल और जंगली नदियों के किनारे है। सूरज की उजाला समाप्त होते ही उक्त स्थान सुन शान हो है। इसे में युवतियों और महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसा हो जाता हैं। बालकों प्रबंधन के द्वारा कंपनी की ओर से एक भी सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था नहीं किया है।

# धान उपार्जन केन्द्र कच्चे में हुई धान खरीदी की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





धान उपार्जन केन्द्र कच्चे में धान खरीदी की शुरुआत हुई। जनपद सदस्य जिवराखन सलाम, सरपंच गायत्री कावडे, सरपंच इरागांव गैंद लाल हिडको ग्राम पटेल सोमजी सलाम पूर्व मंडी अध्यक्ष रिखी राम मंडावी मत्थे सिंह भुआर्य अशोक तारम जगत नुरूटी संजय भुआर्य संत राम भुआर्य विजय शोरी व क्षेत्र से आए किसानों ने धान एवं कांटा बट का पूजा पाठ कर इस केंद्र में धान खरीदी शुरू किया गया। वहीं उपस्थित किसानों को मिठाई वितरण किया इससे पूर्व में इस मंडी के आरक्षित एरिया का भी क्षेत्रीय पटवारी द्वारा पुनः सिमांकन किया गया जिसमें कुछ गांव वालों द्वारा मंडी एरिया में अवैध रूप से कब्जा करना पाया गया जिसे आपसी सहमति से उक्त जगह को आने वाले वर्ष के धान खरीदी से पहले खाली करने पर सहमति बनी किसानों द्वारा बताए गए कि हर साल किसानों कि संख्या बढ़ती जा रही है और यह जगह छोटी पड़ रही हैं इस कारण इस जगह को आने वाले दिनों में हमारे गांवोके किसानों को कहि और जाना न पड़े इसलिए इस को आरक्षित रखना होगा और हम सभी धान उपार्जन केन्द्र कच्चे साल्हे टेकाढोडा ईरागाव मरदेल के किसान शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि हमारे द्वारा आरक्षित भूमी की सुरक्षा हेतु शिघ्रता के साथ बाउंड्री वॉल बनवाऐ।

## ब्लाक कांग्रेस ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के द्वारा भानुप्रतापपुर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया गया। यहां आज कल 18 किसानों का टोकन कटा है धान खरीदी केंद्र प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में ऑनलाइन टोकन काटने में कुछ समस्याएं आ रही हैं इसलिए ऑफलाइन टोकन काटा जा रहा है आज कुल 18 टोकन कटे हैं जिनका शाम तक धान की तोलाई हो जाएगी।निरीक्षण दल में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, किसान कॉंग्रेस के प्रदेश महामंत्री मुकेश चंद्राकर,वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता अमृत संचेती, जिला कॉंग्रेस महामंत्री कृष्णा टेकाम, चेतन मरकाम सरपंच संघ अध्यक्ष, जोहर पटेल, कमल साहू थे।धान विक्रय करने आए किसानों ने बताया की कि यहां पेयजल तथा यूरिनल की व्यवस्था नहीं है जिससे हमें परेशानी हो रही है आने वाले दिनों में कृषकों की संख्या में वृद्धि होने लगेगी तब यह तौल मशीने भी कम पड़ेंगी अभी मात्र दो तौल मशीन हैं और कल 6 हमाल हैं जिससे हम लोग मदद करके अपना ध्यान तौला रहे हैं।उस समय खाली बारदानों की भी भीषण समस्या होगी। कॉंग्रेस के निरीक्षण दल ने इस विषय पर सम्बंधित अधिकारी से चर्चा कर ध्यान आकृष्ट करवाया, उन्होंने अतिशीघ्र इसका निदान करने का आश्वासन दिया।किसानों ने बताया कि टोकन काटने की समुचित व्यवस्था नही होगी तो शासन द्वारा निर्धारित समय पर सभी किसानों का धान विक्रय नही हो पायेगा।

# उपजेल व मुख्य नगरपालिका नारायणपुर का किया गया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के निर्देशानुसार गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा उपजेल व मुख्य नगरपालिका नारायणपुर को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल में ऐसे विचाराधीन बंदियों को चिन्हांकित किया गया, जिसकी जमानत का लाभ दिया जा चुका है फिर भी जेल मे निरुद्ध है और बंदियो का बेल आवेदन लंबित है या आवेदन लगाना चाहते है ऐसे बंदियों पर विचार कर जेल के कर्मचारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जो बंदी अपने प्रकरण में निजी अधिवक्ता से पैरवी करने हेतु निशक्त है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से डिफेंस काउंसिल से शासकीय अधिवक्ता के लिए आवेदन कर सकते है। साथ ही बंदियो को रखे जाने वाले बैरकों की जांच की गई व बंदियों के लिए नहाने के लिए पानी, शौचालय की सुविधा, बाथरूम, किचन खाद्य पदार्थ रखे जाने वाले कमरे का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत में जलकर, व संपत्ति जैसे मामलों मे अधिक से अधिक से प्रकरण रखने के लिए मुख्य नगर पालिका नारायणपुर के कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस अवसर पर चन्द्रप्रकाश कश्यप प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंधन कार्यालय नारायणपुर, विवेक कश्यप, घासीराम नेताम अधिकार मित्र, उपजेल नारायणपुर व नगरपालिका नारायणपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हो रहे धार्मिक उत्पीड़न के विरोध में भाजपा मंडल ने फूंका बांग्लादेश सरकार का पुतला

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



बांग्लादेश में हो रहे धार्मिक उत्पीड़न के विरोध में भाजपा मंडल की ओर से भानुप्रतापपुर में बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया गया।भाजपा कार्यकर्ताओ ने कहा बांगलादेश में हिंदू मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है और हिंदू समुदाय पर अत्याचार किए जा रहे हैं। जिन मुद्दों को साजिशों के आधार पर उठाया गया था, उन्हीं मुद्दों के कारण हिंदू मंदिरों को नष्ट किया जा रहा है और उनके ऊपर अत्याचार किए जा रहे हैं। अब यह सुनने को मिल रहा है कि बांगलादेश की पुलिस, सेना और जिहादी इन उपद्रवियों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ भारत और हिंदू समुदाय के लिए चुनौती नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता और दुनिया के लिए एक गंभीर मुद्दा बन चुका है।

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद इस्लामीक कट्टरपंथियों ने सरकार बनाई है जिसके बाद निरंतर वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है हिंदू बेटियों के साथ दुष्कर्म हो रहा है और अब इस्कॉन संस्था जो वैश्विक स्तर पर समाज में समरसता और सद्भाव लाने में प्रयासरत रहती है एवं भगवान कृष्ण और गीता का उपदेश का प्रचार प्रसार करती है उस पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया जा रहा है । बांग्लादेश के इस कुकृत के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा बांग्लादेशी सरकार का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा,भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष नरोतम चौहान,मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन,भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी, जागेस नरेटी, ज्वाला जैन, डिगेश खापर्डे,जुगल किशोर शर्मा, गिरधारी नरेटी, लक्ष्मण कुलदीप, अंकुर शुक्ला, राहुल सिंह धुन्ने, मीडिया प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव, गौरव शर्मा, विजय पंजवानी, हरि यादव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर में घूम रहे मानसिक रोगी युवक का यूथ क्लब भानुप्रतापपुर ने कराया इलाज



पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर में बीते कई दिनों से नगर में घूम रहे मानसिक रोगी युवक जिसका नाम जागेश्वर दर्रो है बीते दो दिनों से नगर के मैन चौक से लगे काम्प्लेक्स के पास बेसुध होकर पड़ा था जिसकी जानकारी मिलते ही यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के सदस्यों ने हॉस्पिटल लेजाकर इलाज कराया है इलाज में पता चला कि किसी बाइक की ठोकर से युवक का घुटना फ्रैक्चर होगया है जिससे उसको चलने में परेशानी हो रही है, यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष डिकेश साहू ने कहा है कि जागेश्वर दर्रो का हर संभव इलाज कराया जाएगा और उसके घर का पता लगाया जा रहा है उसके घर का पता लगते ही उसे उसके घर भिजवाया जाएगा, इलाज कराने में यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के सदस्य हिमांशु ठाकुर, प्रेम शर्मा एवं नगर के शंकर गांधी जी ने सहयोग किया है।

# प्लेसमेंट कर्मचारियों ने विधायक विधायक सावित्री मंडावी को सौंपा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक सावित्री मंडावी को ज्ञापन सौंपा है।कर्मचारियों ने बताया कि उनकी 4 सूत्रीय मांग है। जिस पर विधायक ने उनकी मांगों को सुना और इस संबंध में शासन तक उनकी मांग रखने का आश्वासन दिया है। प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बताया कि उनकी 4 सूत्रीय मांग है, जिसमें नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किया जाये। समस्त नगरीय निकायों से प्लेसमेंट ठेका प्रथा को समाप्त किया जाये। समस्त नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों को 4000 श्रम सम्मान राशि प्रदान किया जाये, निकाय में 05, 10, 15, 20 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाए। इस प्रकार कर्मचारियों ने अपनी मांग ज्ञापन के माध्यम से विधायक के समक्ष रखी। इस दौरान राम किशोर कोर्राम जिला अध्यक्ष प्लेसमेंट, विष्णु यादव, संदीप रावटे, भगत प्रहलाद, कौशल यादव निखिल साहू, विजय सागरे, रतन आरदे, पितंबर कोर्राम चैतराम, सुरेश मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर हुआ विशेष आयोजन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आगामी 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विशेष खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम सह ऑडिटोरियम में होगा, जिसमें जिले के दिव्यांगजन भाग लेंगे। आयोजन का मुख्य आकर्षण आयु अनुसार रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता होगी, जिनका थीम नशामुक्त भारत अभियान निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, खेलकूद प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़, मटका फोड़, नींबू दौड़, 100 मीटर दौड़ जैसे विभिन्न खेल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 500 दिव्यांगजन भाग लेंगे और सभी वर्गों के दिव्यांगों हेतु पृथक-पृथक खेलों की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही प्रतिभागियों के प्रोत्साहन हेतु हर खेल के लिए पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गयी है।

# शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के भूगोल विभाग का भौगोलिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के निर्देशन में और भूगोल विभागाध्यक्ष समलेश पोटाई, अतिथि प्राध्यापक जगतु नेताम, सहायक ग्रेड 3 अनिता उसेंडी और तकनीशियन सायरा बानो के सहयोग से एम.ए. भूगोल के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का 22 से 25 नवंबर तक भौगोलिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में आंध्र प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न भौगोलिक स्थलों का अध्ययन किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वनजंगी के विशाल पहाड़ों में स्थित घाटी समीर और कोहरे से संबंधित विशिष्ट जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को घाटी समीर के प्रवाह को प्रत्यक्ष रूप में देखने का अवसर मिला। इसके बाद, विशाखापट्टनम स्थित ऋषिकोंडा समुद्र तट पर वहां की स्थलाकृति, ऊंचाई, जलवायु और समुद्र तट की विशेषताओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। महाद्वीपीय मग्न तट, वायु प्रवाह और समुद्र तट के अन्य पहलुओं पर भी गहन अध्ययन हुआ। इसके अतिरिक्त, जगदलपुर के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में विद्यार्थियों ने जैव विविधता, स्थलाकृति, गुफाएं और जलप्रपातों का अध्ययन किया। कांगेर घाटी में भू-आकृतियों और जलवायु के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों को हाल ही में विकसित पर्यटन स्थल घुड़मारास पर बैंबू राफ्टिंग के दौरान तीरथगढ़ जलप्रपात का भ्रमण भी कराया गया।

# बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों का एक दिवसीय समीझा बैठक का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



ब्लाक भानुप्रतापपुर के आह्वान संस्था द्वारा विकासखंड भानुप्रतापपुर में बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों का एक दिवसीय समीक्षा बैठक एवं सह क्षमतावर्धन बैठक का आयोजन बीआरसीसी आफिस भानुप्रतापपुर में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि विकासखण्ड स्रोत समन्वयक राधेलाल नुरेटी के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में विकासखंड में संचालित 22 बालवाड़ी के प्रभारी शिक्षक सम्मिलित हुए। जिसमें सत्र 2024-25 में नए 3 चयनित बालवाड़ी के प्रभारी शिक्षक भी शामिल हुए। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नुरेटी ने कहा बालवाड़ी शिक्षकों का क्षमतावर्धन बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमें शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है ताकि शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। आह्वान संस्था के जिला समन्वयक लक्ष्मण मालवीय ने बताया, हम बालवाड़ी शिक्षकों के क्षमतावर्धन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें शिक्षकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं जिसका परिणाम बालवाड़ी की कक्षाओं देखने को मिलेंगा। इस बैठक में बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों को बच्चों के विकासात्मक आयाम, थीम आधारित पाठ्यक्रम और खेल आधारित शिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। शिक्षकों को दैनिक पाठ्ययोजना, लेशन प्लान पर समझ बनाते हुए संख्यापूर्ण अवधारणाओं पर विस्तृत समझ बनाया गया। सत्र में बालवाड़ी संचालन के अकादमिक सफलता एवं चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा के बाद भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास, और सर्कल टाइम की डेमो प्रस्तुति दी गई। जिससे शिक्षकों को गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण विधियों को समझने का अवसर मिला। और बच्चों के विकासात्मक सीखने के परिणामों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान भाषा और संज्ञानात्मक विकास, मिश्रित गतिविधियां पाठ्यक्रम का उपयोग कर कक्षा संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में बच्चों के सीखने के संकेतक, लक्षित उद्देश्य की प्राप्ति, भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## लंबित अपराधों के निकाल व बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस अधीक्षक ने ली ओवर साइट कमेटी की बैठक

# चलित थाना लगाकर शिकायतों का तत्काल निराकरण के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक द्वारा आज लंबित अपराधों के शीघ्र निकाल एवं अपराधों की रोकथाम और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय मीटिंग हाल में समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारियों का अपराध समीक्षा मीटिंग लिया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों से उनके यहां लंबित महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों, शिकायत, गुम इंसान और मर्ग के लंबित रहने के बारे में विस्तृत जानकारी ली और उन्हें जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कई मामलों में आरोपी दिगर राज्य के होने पर आरोपियों की धरपकड़ हेतु पुलिस टीम को दिगर राज्य विधिवत् रवाना होने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने थाना प्रभारियों को कहा कि, अपने थाना क्षेत्र में आपकी मौजूदगी सदैव बनाये रखने, कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत् लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने और निराकरण करने के साथ चलित थाना लगाकर नषामुक्ति, बाल एवं महिला सुरक्षा, घरेलु हिंसा, सायबर क्राईम, एटीएम एवं बैंक फ्राड, यातायात नियमों का पालन करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने और थाना के महत्वपूर्ण रेकार्डो के संधारण बेहतर तरीके से कराने निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि, रूटीन के कार्यों का प्रतिदिन एक चेक लिस्ट बनाकर रखें, जिसमें पूरे दिन के कार्यों का डाटा लेख हो, उसी अनुरूप लगातार कार्य किए जाए। प्राकृतिक मृत्यु के मामलों में मृतक के वारिसान को शासन की ओर से जल्द सहायता राशि दिलाने तत्परता से कार्य करने के साथ थानों में अपनी शिकायत लेकर आये फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करने एवं उनके शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करने और जनता व पुलिस के मध्य मधुर संबंध स्थापित हिदायत दिया गया। क्षेत्रान्तर्गत असामाजिक तत्वों पर नियमित रूप से निगरानी रखते हुए अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए नियमित रूप से पेट्रोलिंग के साथ रात्रि में पाईट ड्यूटी लगाने आदेशित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 16 नवंबर से धान खरीदी प्रारम्भ हो गया। इस दौरान सरहदी राज्यों से धान का अवैध परिवहन कर खपाने का कोशिश किया जाता है, जिसके रोकथाम हेतु सरहदी राज्य से लगे थाना क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगाकर गहन चेकिंग करने निर्देशित किया गया। क्राईम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, पेश कुमार डाण्डे सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# प्रधान पाठक गणेश यदु के सेवा निवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में दी विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत करमोती के हाईस्कूल के प्रधान पाठक गणेश यदु के सेवा निवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। गणेश यदु के विद्यालय पहुँचने पर बाजे गाजे के साथ पुष्पहार व छात्र छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में जनपद प्रा. शा. एवं माध्यमिक शाला के बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। विदाई समारोह में विराजित जनपद सदस्य कमलेश निषाद, सरपंच बालो पोटाई, उपसरपंच श्याम सिंह सोनवानी, ग्राम पटेल चंद्रकांत पटेल, स्वरुप कुलदीप ने अपने अनुभव साझा किए। गणेश यदु को सरपंच ग्राम पंचायत, नवयुवक समिति, उपसरपंच, जनपद प्रा. शा., प्रा. शा.झालोपारा, प्रा. शा. जामडी, महिला समूह, पालकों, और हाईस्कूल के छात्र छात्राओं ने उपहार भेंटकर सम्मानित किया।शाला परिवार व शाला समिति की ओर से सबके लिए भोजन व्यवस्था की गई। संबलपुर श्री गणेश स्वामी मंदिर से बाजे गाजे के साथ सेवा निवृत्त गणेश यदु को उनके निवास तक सभी जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, पंचायत के शिक्षक, और विद्यार्थी छोड़ने पहुंचे।


GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER RESOURCES DIVISION, KORBA**
**DISTT. KORBA, (C.G.)**

-:: CORRIGENDUM NO. I ::-

IN NIT NO. 03/SAC/2024-25, Dated: 13.11.2024 System Tender No.161125 (First Call), Whose G-Number 242503789 Following amendments are made.

| Sl. No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1 | Clause 2.8.1 of form "B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4515/F-7-7/S- 2/31/2001, Nava raipur, Date 25.11.2024. |
| 2 | **Clause 4.3.36** of form "B" as per Govt of C.G. WRD, Raipur Order No. 4504/F-7-7/S- 2/31/2001, Nava Raipur, Date 22.11.2024 |
| 3 | Online Tenders are invited up to 04.12.2024, 17.30 Hour |
| 4 | Bid Open Start Date and Time 05.12.2024, 11.30 Hours |

**Note :- Detailed Amendments can be viewed on the web site http://eproc.cgstate.gov.in All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.**

**G-242504175/5**

**Executive Engineer**
**Water Resources Division, Korba**
**Distt. Korba, (C.G.)**

# 85 प्रतिशत नल जल कनेक्शन पहुंचाने की झूठी रिपोर्ट परोस कर शासन को गुमराह कर रहे पीएचई अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला के 666 ग्रामों मिले नल से जल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य अभी तक पूरा नहीं कर पाने के चलते अब जिला के पीएचई कार्यपालन अभियंता कलेक्टर और शासन के समक्ष झूठी रिपोर्ट परोस कर कार्यवाही से बचने में कामयाब हैं जानकारी अनुसार जिला भर के 666 ग्रामों में 154147 घरेलू कनेक्शन देने का लक्ष्य स्वीकृत है और निर्धारित लक्ष्य में से 131315 पूर्ण बताते 85.19% पूरी तरह कंप्लीट बता रहे हैं और बचे 22832 घरों में मार्च तक कनेक्शन करने का प्रस्तावित बताते हैं लेकिन इस बीच पूर्ण 131315 नल जल कनेक्शन को पूरी तरह फर्जी माना जा रहा है क्योंकि मैनपुर और देवभोग के जिन गांव के हितग्राहियों को नल जल कनेक्शन देने की उल्लेख सरकारी रिकॉर्ड पर दर्ज किया हकीकत में वहां पानी पहुंचता नहीं है बल्कि यह नल जल कनेक्शन काम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ है कही पाइप फटा है तो कहीं चबूतरा उखड़ा पड़ा है तो किसी नल की हालत खराब पड़ी है फिर भी विभागीय अधिकारी कलेक्टर और शासन के



### स्टाफ के बीच फेर बदल करने की दरकार

मोदी के मंशा अनुरूप गांव गांव के ग़रीब मजदूर किसान महिलाएं हितग्राहियों को नल जल कनेक्शन कार्य का शत प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए जिला के इंजीनियरों के बीच फेर बदल करने की सख्त दरकार बताई जाती हैं क्योंकि कई वर्षों से पदस्थ होने के कारण ठेकेदार भी नल जल कनेक्शन कार्य में जमकर भ्रष्टाचार को अंजाम देते झूठी रिपोर्ट तैयार किए हैं ऐसे में बचत काम भी गुणवत्ता पूर्वक होने की संभावना बहुत कम बताते है।

### विभागीय सचिव से जांच की उम्मीद

सबसे खास बात तो यह है कि जिला के ईई सहित पूरा स्टाफ अधीक्षण अभियंता को वह सिलेक्ट कार्य दिखाते हैं जो उन्हें संतुष्टि होते शासन स्तर पर वाह वाही लूटा जा सके लेकिन अपूर्ण भ्रष्टाचार से निर्माण कनेक्शन कार्य से बिल्कुल ही दूरी बना लेते है ऐसे में अधीक्षण अभियंता से जमीनी स्तर की निष्पक्ष जांच मुश्किल माना जाता हैं इसलिए विभागीय सचिव के समक्ष कागजी में पूर्ण बताए नल जल कनेक्शन कार्य की रिपोर्ट देते उनके निगरानी में जांच और कार्यवाही की मांग किया जाएगा ताकि 22832 घरों में गुणवत्ता पूर्वक नल से जल पहुंचाने का कार्य कराया जा सके।

समक्ष झूठी आंकड़ा परोसने में कामयाब हैं इतना ही नहीं यह झूठी रिपोर्ट परोस कर ठेकेदारों को भी आर्थिक लाभ पहुंचाया है। शायद यही वजह है इस नल जल कनेक्शन कार्य से ना हितग्राही खुश होते है और ना जनप्रतिनिधि अगर देवभोग ब्लॉक की बात करें तो सबसे खराब हाल गाढ़ाघाट दीवानमुड़ा माडागांव खोकसरा दबनई घोघर जैसे अन्य गांव में नल जल कनेक्शन पहुंचाने का काम पर पालिंदा लगा हुआ है और इस गांव में कई हितग्राहियों का नल जल कनेक्शन पाइप चबूतरा स्टैंड कार्य टूट फूट स्तिथि में देखा जा सकता है। इसी तरह मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत मूंचबहल सहेबिन कछार गोपालपुर चनाभाटा सहित मैनपुर मुख्यालय में तक इस योजना की हालत खस्ता है इन गांव के साथ साथ कई गांव के हितग्राहियों को तक पता नहीं है कि उनका नल जल कनेक्शन कार्य पूर्ण हो चुका हैं मगर ऐसे हितग्राहियों के सहारे अधिकारी फर्जी आंकड़ा परोसने में पीछे नहीं है।

## कड़ाके की ठंड, स्कूल समय में बदलाव की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में बीते कुछ सप्ताह से ठंड इतनी बढ़ गई है कि 8 बजे तक कोहरे का धुंध दिखाई दे रहा है। साथ ही दिन भर चलने वाली ठंडी हवा की वजह से मौसम में नमी महसूस हो रही है। यह ठंड सबसे ज्यादा बच्चों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है जिन्हें सुबह की पाली में यानी 7 बजे से स्कूल जाना होता है। बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रदेश के कुछ जिलों में स्कूलों का समय परिवर्तन किया गया है परंतु धमतरी जिले में अब तक ऐसा कुछ शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया गया है जिससे बच्चों को कड़कड़ाती ठंड में स्कूल जाना पड़ रहा है। सुबह सुबह कोहरे के साथ पड़ने वाली ठंड के बीच कंपकंपाती ठंड में बच्चों का स्कूल जाना और भी मुश्किल होता जा रहा है। तापमान में भारी गिरावट एवं शुष्क हवाओं के साथ कोहरे एवं ठंड की वजह से बच्चों की तबीयत भी बिगड़नी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता सुमीत जैन ने कहा कि जिले में कुछ दिनों से कोहरे के साथ ठंडी हवाएं चल रही है जिससे बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही हैं। बच्चों का स्कूल सुबह 7 बजे से लगता है जिससे उन्हें इस कड़ाके की ठंड का सामना करते हुए स्कूल पहुंचना पड़ता है। इस वजह से कुछ बच्चे बीमार भी पड़ रहे हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके स्कूल का समय सुविधानुसार परिवर्तित किया जाना चाहिये ताकि बच्चों की पढ़ाई में भी नुकसान न हो एवं उन्हें कड़ाके की ठंड का सामना करते हुए स्कूल जाना न पड़े। ठंड बढ़ने से सूर्योदय भी देर से होता है जिससे बच्चों को जगाना भी मुश्किल होता है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन को स्कूल के समय में परिवर्तन किया जाना चाहिये। वहीं बच्चों के पालकों का कहना है कि जिले में कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है जिसमें बड़े लोगों का ही सुबह से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इस पर बच्चों के स्कूल सुबह सवेरे लगने से परेशानियां और बढ़ जाती है। इतनी ठंड बढ़ने के बावजूद स्कूलों का समय नहीं बदला गया है। छोटे बच्चों को सुबह स्कूल भेजने में बहुत परेशानी होती है।

## शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस, तैयारी बैठक विधायक केशकाल के उपस्थिति में सोनाखान में आज

**धमतरी।** प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस एवं वीर मड़ई मेला 8, 9, 10 दिसम्बर 2024 को शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में तीन दिनों का वीर मड़ई मेला एवं शहादत दिवस के रूप में आम जन आदिवासी समुदाय समाज के सहयोग से वीर भूमि सोनाखान में आयोजन प्रस्तावित है। तैयारी हेतु विशेष बैठक शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति संस्थान के संस्थापक राजेन्द्र सिंह दीवान वशंज एवं कुंजल सिंह दीवान के सहमति अनुमोदन के अध्यक्षता में एवं नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, सदस्य बस्तर विकास प्राधिकरण के विशेष उपस्थिति सोनाखान संग्रहालय वीर वाटिका में समय सुबह 11 बजे से 2 बजे तक शनिवार को आहुत की गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तैयारी हेतु समस्त सर्व समाज प्रमुखगण एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारीयों को उपस्थिति की अपील समिति के अध्यक्ष श्रीराम ध्रुव द्वारा की गई है।



## दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय कसडोल में अग्निवीर वायु सेना खुली भर्ती की संबंध में छात्रों को दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com




स्व. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में भारतीय वायुसेना कार्यालय भोपाल सेना के अधिकारी द्वारा हम होंगे कामयाब अभियान के तहत महाविद्यालय में भारतीय वायु सेना में अग्निवर वायुसेना खुली भर्ती से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया,जिसमे जिला रोजगार अधिकारी मनोरम भगत, वायुसेना के अधिकारी सार्जेंट रोहित कुमार शर्मा एवं राजीव खटाना, जिला रोजगार कार्यालय से हेमेत कुमार मानकर डगेश्वरी साहू डेनिल डेविड अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की चलचित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। सार्जेंट राजीव खटाना ने छात्र-छात्राओं को वायुसेना के विभिन्न विभागों में भर्ती हेतु उत्साहित किया एवं वायु सेवा में अग्नि वीर भर्ती योजना के लाभ एवं भर्ती विभिन्न चरणों एवं मापडंडो के बारे में विषतार से बताया गया, उन्होंने बताया कि 17 से 23 वर्ष आयु के छात्र-छात्राएं वायु सेवा में भर्ती हो सकते हैं। इसके लिए जनवरी माह में रायपुर जोन में रैली आयोजित की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अभ्यर्थियों को वायु सेवा में भर्ती में जागरूक करना एवं मार्गदर्शन प्रदान करना था इसके लिए शासन एवं प्रशासन स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं ताकि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत अधिक अधिक से अभ्यर्थी रैली में सम्मिलित हो सके। कार्यक्रम का संचालन संजू लता पटेल सहायक प्रबंधक के द्वारा किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य युगल किशोर पटेल महाविद्यालय के रोजगार एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी अधिकारी के के देवांग सहायक प्राध्यापक के के बर्मन सी टंडन क पटेल कुमारी दीप्ति महिलाओं समस्त अतिथि व्याख्याता एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों का उपस्थित रहे।

## शा.मा शाला जालमपुर में तीसरा परख परीक्षा मॉक टेस्ट



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की मंशा के अनुरूप देश के सभी राज्यों में तथा राज्य शासन के आदेश अनुसार कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों का शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों की शिक्षा स्तर की जांच तथा परीक्षा पश्चात शिक्षा गुणवत्ता में कैसे वृद्धि हो इस उद्देश्य से, स्कूल के स्तर जांच शिक्षकों के अध्यापन और आंकलन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का आंकलन करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 4 दिसंबर को राज्य के सभी कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी कक्षा के शाला में पंजीकृत अध्यनरत विद्यार्थियों का परख परीक्षा मॉक टेस्ट एक साथ एक ही तिथि में लिया जा रहा है। 4 दिसंबर को होने वाले फइनल परख परीक्षा के पूर्व तीसरा मॉक टेस्ट 29 नवंबर को परख मॉक टेस्ट राज्य के सभी विद्यार्थीगणए दिला रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला जालमपुर मेंभी परख परीक्षा का मॉक टेस्ट 29 नवंबर को 11 बजे से आरंभ किया गया। माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुख दीपक शर्मा की उपस्थिति और सुपरविजन में परीक्षा प्रभारी महेश मिश्रा, तन्मय, विजय ने विद्यार्थियों को विधिवत प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट वितरित किये तथा ब्लैक बोर्ड में उन्हें फाइनल परीक्षा 4 दिसंबर के पूर्व ओएमआर शीट भरने की प्रैक्टिस भी कराये है परख परीक्षा मॉक टेस्ट के पूर्व कक्षा छठवीं के सभी विषय शिक्षकों परीक्षा प्रभारी सहित सुश्री शैलेंद्री तुरे तथा खिलेश्वरी कामडे, परख परीक्षा के प्रश्नों के पैटर्न के अनुसार लगातार प्रैक्टिस करा रहे हैं।

## बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने करें सार्थक प्रयास : कलेक्टर

### बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए कराई जाएगी रिवीजन, प्रचार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला पंचायत सभाकक्ष में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रचार्यों की समीक्षा बैठक लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने आगामी 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में जिला का बेहतर परिणाम हेतु सार्थक प्रयास करने प्राचार्यो को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए प्रश्न बैंक तैयार कर उपलब्ध कराने, पिछले 8- 10 वर्ष के प्रश्न पत्र का अभ्यास तथा रिवीजन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में जिले का परिणाम बेहतर होना चाहिए। किसी भी स्थिति में राज्य औसत से कम प्रतिशत न हो। शिक्षक व प्राचार्य अपने दायित्व का केवल निर्वहन ही नहीं बल्कि बच्चों के भविष्य का ध्यान रखते हुए शिक्षकीय कार्य करें। शिक्षक सहयोग व लगन से बच्चों का भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है वहां सदाचार की महती भूमिका है। शिक्षक अपने आचरण व सदव्यवहार का मिशाल पेश करें।कोई शिक्षक स्कूल में अमर्यादित या अनैतिक न करें। ऐसे कृत्य करने की शिकायत मिलने पर सम्बंधित शिक्षक पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्यवाही के लिए बीईओ व डीईओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए स्थानीय स्तर पर शाला विकास समिति एवं ग्राम पांचयतो के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में 15 वें वित की राशि का उपयोग वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था के लिए सरपंचो से आवश्यक समन्वय करें। बताया गया कि स्कूलों में आगामी 5 से 12 दिसम्बर तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जनवरी 2025 में प्री बोर्ड परीक्षा लेकर बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

## विशेषर पटेल के राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बनने पर पटेल समाज ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विशेषर सिंह पटेल को राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर सर्व पटेल समाज ने बधाई दी है। इस नियुक्ति के लिए पटेल समाज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। ज्ञात हो कि विशेषर सिंह पटेल इसके पूर्व भी राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष रह चुके है। जिनके कार्यकाल में पशु धन को बढावा देने एवं संरक्षण देने के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ था। इनके नियुक्ति से निश्चित ही पटेल समाज का गौरव बढा है। पटेल के नियुक्ति पर मरार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बीआर पटेल, महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष टीकेश्वरी पटेल, हरदिहा पटेल मरार समाज लवन राज के अध्यक्ष डा. भागचंद पटेल, पूर्व अध्यक्ष मनोज पटेल, एनपी पटेल, रामकुमार पटेल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. रामचंद पटेल, पूर्व महासचिव रघुनाथ पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम पटेल, संरक्षक रामाधार पटेल, हेमंत पटेल, मुरली मनोहर पटेल, शिवकुमार पटेल, छात्रावास अध्यक्ष हिरमेंन्द्र पटेल, भूपेन्द्र पटेल, दीपक पटेल, घनश्याम पटेल, शंकर दयाल पटेल, पोषण पटेल,जगदीश पटेल, सहकारी समिति अध्यक्ष संतोष पटेल, सुधराम पटेल, नागेश्वर पटेल, धमेन्द्र पटेल विनोद पटेल, आदि ने बधाई दी है।

## डबरी भूमि सुधार तालाब जैसे 766 स्वीकृत कार्य में से 22 पूर्ण 237 प्रगति बाकी अप्रारंभ पर सवाल




पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

| ब्लॉक नाम | स्वीकृत काम - | पूर्ण काम - | प्रगति काम |
|---|---|---|---|
| देवभोग | 65 | 1 | 19 |
| मैनपुर | 109 | 4 | 34 |
| गरियाबंद | 52 | 3 | 14 |
| छुरा | 442 | 9 | 147 |
| फिंगेश्वर | 98 | 5 | 23 |

मनेरगा मजदूरों को डबरी भूमि सुधार तालाब गहरीकरण पशु शेड कुंआ जैसे अन्य हितग्राही मुलक कार्य से जोड़ने के लिए शासन मुस्तैदी के साथ डटी हुई तो दूसरी ओर जिम्मेदारों अधिकारियों की सुस्ती के चलते ऐसे कार्य उदासीनता की भेंट चढ़ रहा है, तभी जिला भर में स्वीकृत 766 कार्य में सिर्फ 22 कार्य ही पूर्ण हो पाया है। इसके अलावा 237 को प्रगति बताकर बाकी कार्य को अप्रारंभ माना जा रहा है ऐसे में जॉबकार्ड धारी मजदूरों को किस तरह शत प्रतिशत रोजगार मूलक कार्य से जोड़ा जा सकता है जानकारी अनुसार वर्ष 2024-25 में जिला के 5 विकासखंड में नया तालाब मुर्गी शेड पशु शेड कुंआ डबरी भूमि सुधार तालाब गहरीकरण जैसे अन्य 766 कार्य स्वीकृत हुआ है, तब से लेकर बीते 20 नम्बर की स्तिथि में 22 काम ही पूरा हुआ है सबसे खराब स्थिति छुरा और मैनपुर ब्लॉक की है क्योंकि इस ब्लॉक में काफी संख्या मे हितग्राही मुलक कार्य अप्रारंभ हैं जिसे शुरू करने में ना ब्लॉक के अधिकारी रुचि दिखा रहे हैं और ना जिला अधिकारी गंभीर है। शायद यही वजह है कि अप्रारंभ काम चालू नहीं हो रहा है। बावजूद इसके हाथ पर हाथ धरे नजर आ रहे हैं तभी अप्रारंभ काम प्रारंभ नहीं हो रहा है। जिसका नुकसान सीधा सीधा मनेरगा में निर्भर मजदूरों को उठाना पड़ेगा।

### आयुक्त के मॉनिटरिंग की जरूरत

जिला अधिकारियों द्वारा अप्रारंभ को प्रारंभ कराने में रुचि नहीं दिखाने के बीच आयुक्त के मॉनिटरिंग की जरूरत महसूस किया जा रहा है ताकि सैकडो की तादात में अप्रारंभ काम समय होते चालू कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जा सके, अन्यथा हजारों मजदूरों को इस बार भी मजदूरी में कटौती का सामना करना पड़ेगा जिससे जिला के तमाम अधिकारी भी अवगत है मगर अपसोस की बात है। काम चालू कराने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं किया जा रहा है यही कारण है कि ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी हितग्राही मुलक कार्य को प्राथमिकता देने में पीछे है जिनकी शिकायत भी कई बार अधिकारियों के बीच होती हैं।

### धान कटाई के आड़ में बचते हैं अधिकारी

अप्रारंभ कार्य को शुरू नहीं करने वाले ज़िम्मेदार ब्लॉक अधिकारी कार्यवाही से बचने के लिए बहानेबाजी कर टाल मटोल कर देते है कुछ इस तरह वर्तमान में भी सुनने को मिल रहा है अधिकारी बरसात से पहले हितग्राही मुलक कार्य स्वीकृत होने और फिलहाल धान कटाई में मजदूर व्यवस्त होने का हवाला देते कार्य शुरू नहीं होने की बात कह रहे हैं मतलब अपनी अपनी नाकामी को छुपाने के लिए धान कटाई सीजन का सहारा ले रहे हैं जबकि लगभग धान कटाई होने के साथ किसान काफी मात्रा मे अपना अपना धान बेचना शुरू कर दिए हैं।

## युवा उत्सव पर 3 से 6 दिसम्बर और जिला स्तर पर 13 दिसम्बर को होंगी प्रतियोगिताएं

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड और जिला स्तर पर किया जा रहा है। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर 3 से 6 दिसम्बर तक और जिला स्तर पर 13 दिसम्बर को युवा उत्सव के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव पंजीयन की तिथि 30 नवम्बर तक है। उन्होंने बताया कि जिले के इच्छुक प्रतिभागी पंजीयन फॉर्म के साथ दो फोटो, जाति, निवास, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेजों की फोटोकॉपी संलग्न करेंगे। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का पंजीयन संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा खेल एवं युवा कल्याण, कार्यालय रूद्री में करा सकते हैं। साथ ही उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी माई भारत युवा पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन करेंगे। गौरतलब है कि युवा उत्सव 15 से 29 वर्ष तक की आयु वर्ग में आयोजित होगा। इसमें सांस्कृतिक के तहत सामूहिक लोकनृत्यए सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, लाईफ स्कील के तहत कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला/तात्कालिक भाषण, कविता, थीमेटिक के तहत विज्ञान मेला, युवा कृति के तहत हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, फोटोग्राफी के तहत मोबाईल फोटोग्राफी केवल जिला स्तर पर और अन्य के तहत रॉकबैंड केवल जिला एवं राज्य स्तर पर आदि विधा में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर नम्रता गांधी ने विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव के लिए संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को आयोजन प्रभारी नियुक्त किया है।

## दाऊ कल्याण महाविद्यालय द्वारा रासेयो शिविर का शुभारंभ




पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 27.11.2024 से 03.12.2024 तक ग्राम बिटकुली में किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ ए आर सी जेम्स के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा के नेतृत्व में आयोजित सप्त दिवसीय शिविर में मुख्य अतिथि सरपंच संतोषी संदीप मनहरे, विशेष अतिथि संदीप पांडे जिला रासेयो सलाहकार बलौदाबाजार, योगेंद्र कंवर, रमेश कुमार जांगड़े, अमरसिंह बहेलिया, निर्मला वर्मा, ममता वर्मा, गांव के पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। संदीप पांडे के बताया सभी को रासेयो का महत्व अनुशासन नेतृत्व क्षमता सीखने को मिलता है। महाविद्यालय के छात्रों को शिविर स्थल बिटकुली तक पहुंचाने के लिए प्रमोद शर्मा द्वारा बस की सुविधा उपलब्ध कराया गया जिनका प्राचार्य के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. सी के चंद्रवंशी, डॉ. रीता यादव, मोहनलाल वर्मा जी एस मिंज, राजेश कोमलवार द्वारा हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को शिविर स्थल के लिए रवाना किया गया। शिविर में छात्रों को विभिन्न गतिविधि, प्रभात फेरी, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान आदि के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करने का अवसर प्राप्त होगा।

## रबी फसलों के उन्नत बीजों का सहकारी समितियों में पर्याप्त भण्डारण, किसानों से अपील शीघ्र करे उठाव



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले की सहकारी समितियों एवं कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालयों में रबी वर्ष 2024-25 हेतु गेहूँ, रागी, चना, मटर, मसूर, सरसों एवं मूंगफली के बीजों का पर्याप्त भण्डारण किया गया है। किसानों का आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार का प्रयास निरंतर जारी है। इसी कड़ी में रबी मौसम में धान के बदले अन्य फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। रबी फसलों के बीज सहकारी समितियों एवं कृषि विभाग के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। किसान भाई अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समितियों, कृषि विभाग एवं जिला स्तर पर उप संचालक कृषि कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। रबी फसलों में धान के बदले अन्य फसल बोने से लाभ रबी मौसम में धान के बदले अन्य फसल बोने से किसानों को अनेक लाभ जैसे खेती की लागत में कमी, मजदूरों की कम आवश्यकता, कम पानी में अधिक रकबे की सिंचाई, रबी फसलों में कीट बिमारी का कम लगना, दलहन एवं तिलहन फसलों से अच्छी आमदनी प्राप्त होना तथा रबी मौसम में उगाये गये धान का मूल्य कम मिलने की संभावनाओं को देखते हुए किसान भाई इसका लाभ ले सकते है। विभागीय योजनाओं की मैदानी अमलों/सहकारी समितियों के माध्यम से / ग्राम पंचायतों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर कृषकों को योजनाओं पर रियायती दर पर बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में जिले की अधिनस्थ सहकारी समितियों / कृषि विभाग में गेहूँ 1497.90 क्विंटल, चना 174.24 क्विंटल, मटर 27.20 क्विंटल, मसूर 5.2 क्विटल, सरसो 41.84 किंवटल एवं मूंगफली 81.40 क्विटल बीज उपलब्ध है।

### ऋण वसूली शिविर 6 से 26 दिसम्बर तक

धमतरी। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने एवं अंत्योदय स्वरोजगार योजना में अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों से स्वरोजगार हेतु ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए आगामी 6 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक जिले के विकासखण्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि 6 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक नगरी विकासखण्ड में कृषि उपज मंडी के सामने स्थित अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी, 11 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक धमतरी विकासखण्ड के कलेक्टोरेट, प्रथम तल कक्ष क्रमांक-48 स्थित जिला अंत्यावसायी धमतरी, 20 दिसम्बर को दोपहर 12 से तीन बजे तक मगरलोड के जनपद पंचायत भवन मगरलोड और 26 दिसम्बर को दोपहर 12 से तीन बजे तक कुरूद विकासखण्ड के जनपद पंचायत भवन कुरूद में शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यपालन अधिकारी ने उक्त शिविरों में ऋणी हितग्राहियों को ऋण की किस्त राशि जमा कर रसीद प्राप्त करने एवं दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए ऋण की सम्पूर्ण बकाया राशि समय पर अदा करने की अपील की है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना चिपावंड का सात दिवसीय विशेष शिविर






पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिले के ग्राम पंचायत सिंगनपुर में डॉ.डी.एल पटेल कार्यक्रम समन्वयक, शशि भूषण कन्नौज जिला संगठक सी.के. चतुर्वेदी प्राचार्यके मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर गांव के स्कूलों, ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी के पास साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे है, साथ ही नलों के पास सोख्ता गड्ढा का निर्माण भी किया जा रहा है। शिविर में अंधविश्वास, बाल विवाह, स्वच्छता स्वास्थ्य एवं नशा के दुष्प्रभाव को नाटक के माध्यम से जन समुदाय के बीच प्रस्तुत किया जा रहा है। योग सत्र में गांव के छात्र-छात्राएं भी शामिल होकर योगा सीख रहे है। बौद्धिक चर्चा में स्वास्थ्य विभाग से सुलोचना मरकाम नर्स ने लोगों को कुपोषण, एनीमिया के बारे में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए सुझाव दिए। गांव में स्वयंसेवक गांव के विभिन्न समस्याओं को लेकर के सर्वे कार्य भी कर रहे हैं। शिविर में स्वयंसेवकों को गांव की युवा सरपंच जयसिंह सोरी सरपंच व युवाओं एवं शिक्षकों सहयोग मिल रहा है। शिविर का संचालन मोहन लाल बोगा कार्यक्रम अधिकारी कर रहे है। शिविर को सफल बनाने में रिखी राम भुआर्य शिक्षक, आलोक मेश्राम, सुरेश देवांगन सीएसी, अनसिया मरकाम, संपत्ति मरकाम, ललित बघेल, परमेश्वर, लोकेश राधिका, रंभा, गिरवर, खिरेंद्र का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# मुयमंत्री साय के सुशासन में जिले के किसान बन रहे समृद्ध और आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में राज्य के किसान विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर न केवल अच्छी उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं बल्कि उनके उपज का उचित दाम भी मिल रहा है। इससे वे अच्छी आय प्राप्त करने के साथ अपने खेती किसानी के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। राज्य शासन किसानों के कल्याण और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसानों के प्रति शासन की इसी दूरदृष्टि सोच और प्रतिबद्धता का परिणाम है कि जिले के कई किसान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए एक समृद्ध व खुशहाल किसान के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रभाव अब गांव-गांव में दिखने लगा है। किसानों को अब अपनी फसल के लिए उचित दाम मिलने के साथ-साथ तकनीकी सहायता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री साय की नेतृत्व में किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहा हैं। धान



खरीदी केंद्रों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने डिजिटल व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जिले के उपार्जन केन्द्रों में निरीक्षण भी किया जा रहा है। कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र चिपावण्ड में धान बेचने पहुंचे ग्राम भगदेवा पटेलपारा के किसान चमरू कोर्राम ने बताया कि, उनका लगभग साढ़े छह एकड़ पंजीयन है और आज 136 क्विंटल का धान बेचने पहुंचे हैं। धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं से खुश कोर्राम ने बताया कि धान बेचने के दौरान कोई परेशानी नहीं हुई। राज्य शासन द्वारा 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी हो रही है। साथ ही केन्द्र में माईक्रो एटीएम की भी व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को नगद राशि निकालने के लिए बैंकों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। यह सुविधा किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है।

**शासन की योजनाओं से कृषि कार्य को आगे बढ़ाने में मिल रही मदद** – कृषक चमरू राम कोर्राम को केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसे योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे वे खेती-किसानी में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत उनके खेती की मिट्टी की जुलाई माह में कृषि विभाग द्वारा परीक्षण किया गया था, जिसके बाद रिपोर्ट कार्ड देकर उन्हें खेत में यूरिया का उपयोग कम करने और जैविक खाद का उपयोग बढ़ाने को कहा गया। इसके बाद उन्होंने जैविक खाद की मात्रा को बढ़ाते हुए कृषि कार्य किया और इसका अच्छा परिणाम सामने आया। चमरू राम ने बताया कि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी लाभ मिल रहा है, जिसका उपयोग वे खाद, बीज व कृषि कार्य से संबंधित छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने में करते हैं।

# छीसगढ़ समन्वय समिति द्वारा छीसगढ़ स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ समन्वय समिति द्वारा छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर आरती पूजा, समस्त पदाधिकारियों द्वारा किया गया। महिला प्रकोष्ट द्वारा ममता घराना, रेखा पारकर, माया कौशिक, राखी देशलहरे, देवटिन पारकर, अनुसूईया खरे, पुष्पा शान्डिल्य, मीनादास, सुनीता भांडेकर, शीतल नायक, निर्मल दुरेन्द्र द्वारा छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत बरपा पैरी के धाम, महानदी के अपार गीत के साथ कार्यक्रम आरम्भ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित . मुख्य अतिथि नितेश छत्री , सीनियर मैनेजर बी.एस.पी. अध्यक्षता रामदास मानिकपुरी, अध्यक्ष छ.ग. समन्वय समिति, विशिष्ट अतिथि सियाराम ध्रुवे - डिप्टी मैनेजर राजहरा माइंस, तथा अतिथि में विद्या रावटे, अंकालू राम देवांगन, संतोष ठाकुर, काशी राम निषाद. सरिता गौतम, घनश्याम पारकर , चेतनदास सार्वा, टी.एस. पारकर मंचस्थ थे। सभी अतिथियों का समिति के सदस्ययों द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। रामदास मानिकपुरी ने कहा कि छ.ग. राज्य निर्माण हेतु 24 वर्ष हो गये, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहते हुए कहा कि हमें एक होकर दल्ली राजहरा में छत्तीसगढ़िया मन के विकास के लिए काम करना है एवं हमें संगठित होकर रहना है। विशिष्ट अतिथि में विद्या रावटे ने कहा कि अन्य प्रांत से आये समाज आज संगठित हैं। लेकिन हम लोग संगठित नहीं है न। अंकालू राम देवांगन ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी समाज में आना पसंद नहीं करते है। प्रत्येक समाज युवाओं को जोड़ना चाहिए। युवा पीढ़ी ही समाज को आगे बढ़ायेंगे एवं छत्तीसगढ़िया लोगों को एक होना होगा । काशीराम निषाद ने छ.ग. समन्वय समिति की एकता पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक माह में पूरे 20 समाज के अध्यक्षों की मीटिंग होनी चाहिए। छ.ग. स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों को बधाई दिया तथा अपनी संस्कृति को बनाये रखने की बात कही।

# आपस में ईर्ष्या मिटाकर समाज उत्थान के लिए एकजुट हो जाइए : सेन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सेन समाज की सत्यता के संबंध में बेमेतरा सेन समाज के मीडिया प्रभारी दुर्गा प्रसाद सेन ने बताया कि भारत में अलग-अलग धर्मों में अनेकों जातियां और उपजातियां है लेकिन हिंदू धर्म में प्रमुख रूप से सभी जातियों की सहयोगी रही है नाई जाति जिसे नापित, हज्जामत जैसे नामों से जाना जाता रहा है, लोगों में जागरूकता पैदा हुई तो कुछ प्रदेशों में ठाकुर तो कुछ क्षेत्रों में लोगों ने शर्मा लिखना और बताना,कहलवाना शुरू किया, हमारे पूर्वजों के इतिहास का ज्ञान हुआ तो सविता शब्द का इस्तेमाल होने लगा, भगवान धन्वंतरि जी के वंशज होने के नाते वैद्य कुल से उत्पत्ति हुई तो वैद्य लिखना शुरू हुआ,



भक्त संत शिरोमणि की गाथा सुनने में आई और नाई शब्द से हीन भावना होने लगी तो सेन टाईटल का प्रसार प्रचार हुआ, शिक्षित और जागरूक समाज का उदय हुआ सम्राट महापद्मनंद के विषय में ज्ञान मिला तो स्वयं को नंदवंश बताया जाने लगा, विषय यह है कि आत्म सम्मान की सदैव से तलबगार रही इस ज्ञानी और मेहनती क़ौम को सम्मान क्यूं नहीं मिला, रिश्ते परखने में हुनरमंद,शादी विवाह करने में निपुण,केश काटने, संवारने अर्थात केशकला में महारत रखने वाले, मरहम-पट्टी, मालिश में निपुण, औषधियों के पहचान में माहिर, पुराने सर्जन, अपनी आस्था के कारण भगवान कृष्ण से अपना पुस्तैनी कार्य करा लेने वाले भीष्म पितामह के अवतार कहें जाने वाले सेन भक्त के वंशज होते हुए भी आज तक पीछे क्यूं है। डॉ. राजनैतिक भागीदारी के नाम पर बिल्कुल शून्य है, ऐसा क्यूं है ? देशभर के विद्वानों से विनम्र निवेदन करता हूं कि आप इस प्रशन का उत्तर समूचे सेन समाज को बताइए,हम ना कम है और ना ही कमजोर फ़िर भी उचित सम्मान में पीछे क्यूं है? जब तक आपकी जाति का पता नहीं लगता अन्य समाज के आपके परिचित आपको उचित सम्मान देते हैं और जब पता चल जाता है कि आप अमूक जाति से है तो उनके मुंह ऐसे कसैला हो जाता है ।

# वर्ष 2024 के चौथे नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में हुई बैठक



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान आगामी नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरण जैसे खातेदारो के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दं.प्र.संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, रेंट कंट्रोल एक्ट के मामले, सुखाधिकार से संबंधित मामले, विक्रय पत्र, दानपत्र, वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले एवं अन्य प्रकृति के सभी मामलों को राजस्व न्यायालय में अधिक से अधिक रखने हेतु चर्चा किया गया। इसी प्रकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोण्डागांव व नारायणपुर को जलकर, दुकान कर, संपत्ति कर एवं व्यापार कर जैसे मामलों को अधिक से अधिक आगामी नेशनल लोक अदालत 14 नवंबर को पेश कर निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

# शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पी के भाई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इसके पूर्व यू के बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने संविधान सभा के द्वारा बनाए गए संविधान के निर्माण के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया तथा संविधान के 75 वर्ष में होने वाले विविध कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई । महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के परिसर में एकत्रित कर प्रभारी प्राचार्य डॉ.संध्या भोई ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वचन कराया ।इसके पश्चात



महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. ऊषाकिरण अग्रवाल ने अपने आशीष वचन में विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना रखने तथा संविधान के आदर्श और सिद्धांत को अपने जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया । जीवन में सतत परिश्रम और धैर्य से सफलता अर्जित किया जा सकता है। इसके पश्चात राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. झरना साव ने संविधान एवं संविधान वाद के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किया, संविधानवाद के होने से ही संविधान में लिखित कानून और अनुच्छेद का महत्व बढ़ जाता है, इसी के कारण कोई भी राजनीतिक दल संविधान के किसी भी कानून का अपने राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग नहीं कर सकता । विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश कुमार जगत सहायक प्राध्यापक ने संविधान सभा के ऐतिहासिक बातों को लेकर संविधान सभा द्वारा किए गए कार्य तथा संविधान के लागू होने की तिथियां का विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। कोलंबस एक पुर्तगाली नाविक जो भारत की यात्रा पर आकर रानी के आज्ञा पत्र के माध्यम से भारतीय सम्राट से व्यापार की अनुमति मांगी । उसके पश्चात यूरोपीय देशों का भारत में व्यापार में एकाधिकार स्थापित कर लंबे समय तक शासन किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति के पश्चात देश में राष्ट्रीय आंदोलन के प्रति एक जोश और जुनून का वातावरण निर्मित हुआ। भारतीयों के मन में संविधान के प्रति अपनी मांगों को अंग्रेजी शासन के समक्ष बहुत ही पुरजोर तरीके से रखते थे।

# दुलारपाली स्कूल के छात्रों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

शाउमावि दुलारपाली के प्राचार्य प्रेमानन्द भोई के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के तहत राजीव लोचन मंदिर राजिम, कुलेश्वर महादेव मंदिर, लक्ष्मण झूला, चंपारण स्थित महाप्रभु वल्लभाचार्य प्राकट्य स्थल, विशाल गौशाला, रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन, श्रीराम मंदिर का दर्शन कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को सार्थक बनाने के लिए शिक्षकों को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया था। पुरातत्विक और ऐतिहासिक जानकारी रोहित साहू, भौगोलिक जानकारी शरद बाघ, सुशांत प्रधान विज्ञान, संस्कृति सभ्यता टेकलाल पटेल, यात्रा प्रभारी दुबेलाल पोर्ते, ममता पोर्ते एवं अहिल्या नायक, भोजन व्यवस्था आर डी निषाद, राकेश प्रधान, हाराधान चौधरी, सी एस विशाल, देवकुमार ध्रुव, डीएल खटकर और सुशांत प्रधान उपस्थित प्रभारी बनाये गये थे। जो बच्चों के प्रश्नों के जबाब देकर उनके जिज्ञासा को शांत करते रहे। प्राचीन मंदिर राजिम व चंपारण की कलाकृति, पुरखौती मुक्तांगन में बिखरी छत्तीसगढ़ की पावन संस्कृति को देख बच्चे आनंदित हुए।अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने के लिए यात्रा करते समय बस में भजन कविता अंताक्षरी का आयोजन किया गया। नदी घाटी, प्रवाह प्रणाली, वृक्षों के महत्व, पशुपालन का महत्व, महानदी और उसके तट पर होने वाले कृषि कार्य,नदियों का भारतीय संस्कृति में महत्व का अवलोकन विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
(CIN:L36911RJ1996PLC011381)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (पूर्व में एयू फाइनेंसियर्स (इण्डिया) लिमिटेड के नाम से ज्ञात) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, की धारा 13 सहपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 22-अक्टूबर-2021 को सन्दर्भ क्रमांकः SME/SAR/13-2/OCT-21/02, खाता संख्या 9001220324571620 निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी/ सहऋणी/ गांरटर/बंधककर्ता श्री ललित कुमार यादव पुत्र मोती लला यादव (ऋणी/ बंधककर्ता), श्रीमती रजनी यादव पत्नी श्री ललित कुमार यादव (गारंटर) से नोटिस में राशि रूपये 11,79,205/- (ग्यारह लाख उनयासी हजार दो सौ पांच रूपये मात्र) 14 अक्टूबर 2021 तक कुल राशि (मूल राशि, ब्याज की राशि, शुल्क, अन्य खर्चे मिलाकर) कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।
ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक **26 नवम्बर वर्ष** 2024 को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार नोटिस में राशि रूपये 20,41,981/- (बीस लाख इकतालीस हजार नौ सौ इक्यासी रूपये मात्र) 22.11.2024 तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

अचल बंधक सम्पत्ति का विवरण
प्लॉट/ मकान नं. 1/21, क्षेत्रफल 330 वर्ग फीट, मौजा लिंगीयादीह स्थित, पटवारी सर्किल नं. 20, नगर निगम सीमा में, राजकिशोर नगर आवासीय योजना के अन्तर्गत, चन्दन निवास कॉलोनी के अन्तर्ग, ब्लॉक बिलहा, आर.आई. सर्किल, तहसील एवं जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 330 वर्ग फीट, जो कि श्री ललित कुमार यादव पुत्र श्री मोती लाल यादव के स्वामित्व में है जिसकी सीमाएं: उत्तर: मकान नं. 1/20, दक्षिण: मकान नं. 1/22, पूर्व: मकान नं. 1/72, पश्चिम: रोड

दिनांक : 26.11.2024 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: बिलासपुर, छत्तीसगढ — एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## विद्यालयीन छात्रों के साथ ग्रामीण युवाओं ने लिया हिस्सा

# प्रेमनगर में युवा खेल उत्सव सपन्न, युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर संवाददाता सूरजपुर/प्रेमनगर
www.dailypioneer.com

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र के परिपालन में कार्यालय कलेक्टर खेल एवं युवा कल्याण सूरजपुर के आदेशानुसार प्रेमनगर जनपद एवं शिक्षा विभाग के नेतृत्व में एक दिवसीय युवा खेल उत्सव का आयोजन प्रेमनगर मा. शाला मैदान में किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य धरम सिंह करियाम के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता ब्लॉक नोडल व जनपद सीईओ संजय रॉय ने किया। सहायक नोडल व विकास खंड शिक्षा अधिकारी, रामबिलास साहू, बीपीओ रमेश कुमार जायसवाल, मण्डल संयोजक रहमान खान, बालक उ. मा. विद्यालय प्राचार्य विपिन कुमार पाण्डेय, पीएम सेजस प्राचार्य आर. बी. सिंह, पी.ओ.





ओम तिवारी, एकलव्य प्राचार्य ठाकुर सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया।

ज्ञात हो कि युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव ब्लॉक, जिला, राज्य स्तर पर आयोजित की जाएगी जिसमें चयनित प्रतिभागियों को 28 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव में राज्य के प्रतिभागी दल के रूप में शामिल कराया जाएगा। इसी तारतम्य में द्वय जनपद एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त नेतृत्व में युवा उत्सव का आयोजन मा. शाला मैदान प्रेमनगर में किया गया। इस युवा उत्सव में 13 विधाओं पर कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के विद्यालयीन व ग्रामीण युवा भाग लिए। सभी विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुतिकरण को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के सभी विधाओं में मार्किंग करने अलग अलग प्रभारियों व सहयोगियों की नियुक्ति की गई थी जिनके द्वारा दिये गए मापदंड अनुसार मार्किंग किया गया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला युवा उत्ससव के लिए चयन किया गया है। जिसमें विज्ञान मेला में पीएम सेजस प्रेमनगर प्रथम, सामूहिक लोकनृत्य से प्रथम ओमकेश्वर टीम, एकल सांग में प्रथम देवेंद्र प्रजापति, एकल नृत्य में एकलव्य विद्यायल से विनीता श्याम, समूह सांग एकलव्य से प्रियांशी एवं साथी, कविता में पीएम सेजस प्रेमनगर से अभिषेक साहू, निबंध लेखन में पीएम सेजस से ली जेक, चित्रकला में ग्रामीण युवा लक्ष्मीपुर से प्रीतम दास रहे। अपने उद्बोधन में जनपद सीओ संजय रॉय ने कहा युवाओं के प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए शासन के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं को अपने कलाओं को आगे लाने का मंच मिलता है।

**मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
muthoot HOUSING FINANCE
पंजीकृत कार्यालय: टीसी नंबर 14 / 2074-7, मुथूट सेंटर, पुन्नेन रोड, तिरुवनंतपुरम - 695 034, कॉर्पोरेट कार्यालय: 12/ए 01, 13वीं मंजिल, परिनी क्रेसेंज़ो, प्लॉट नंबर C38 और C39, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स-जी ब्लॉक (पूर्व), मुंबई -400051 ईमेल आईडी: authorised.officer@muthoot.com,

**मांग सूचना**
**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत**

जबकि अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ("एमएचएफसीएल") का प्राधिकृत अधिकारी है और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं। निम्नलिखित उधारकर्ता (उधारकर्ताओं), सह-उधारकर्ता(ओं), गारंटर (ओं) को जारी किए गए संबंधित नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर अद्यतित ब्याज, लागत और शुल्क सहित संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करके कंपनी के प्रति अपनी पूरी देयता का निर्वहन करने के लिए और नीचे दिए गए नोटिस के प्रकाशन के रूप में और आप पर वैकल्पिक सेवा के तरीके के रूप में कॉल करना। ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति क्रमशः उक्त उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता(ओं), गारंटर (ओं) द्वारा एमएचएफसीएल को गिरवी रखी गई है।

| क्रमांक | उधारकर्ता का नाम & लैन | एनपीए की तारीख | तिथि मांग सूचना | कुल बकाया राशि (रु) भविष्य में लागू ब्याज |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता संख्या 18600102423 & 18600104051 1. नीलम सोनी, 2. संगीता सोनी, 3. निवास सोनी, 4. पद्मा सोनी। 5. कृष्णा सोनी | 29-अक्टूबर-2024 | 25-नवंबर-2024 | रु.9,45,625.68/- (रुपये नौ लाख पैंतालीस हजार छह सौ पच्चीस और पैसे अड़सठ केवल) & रु. 5,17,266.50/- (रुपये पांच लाख सत्रह हजार दो सौ छियासठ और पैसे पचास केवल) 13-नवंबर-2024 तक |
| | **अचल संपत्ति का विवरण -** खसरा नंबर 490/1 के हिस्से पर आवासीय भूखंड का वह सब हिस्सा और पार्सल, 630 वर्ग फुट का क्षेत्र, मौजा गोगांव में स्थित है, पीएच नंबर 107, आरएनएम राय-पुर- I, वार्ड नंबर 2, रामकृष्ण वार्ड, तहसील और जिला रायपुर छत्तीसगढ़ – 492011 से घिरा हुआ है: पूर्व: सड़क पश्चिम: विक्रेता की भूमि उत्तर: दीपक की भूमि दक्षिण: भोज राज की भूमि | | | |

यदि उक्त उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) एमएचएफसीएल को भुगतान करने में विफल रहता है, तो एमएचएफसीएल ऊपर उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने का हकदार होगा और ऐसी अन्य कार्रवाई करेगा जो कानून में कंपनी के लिए उपलब्ध है, पूरी तरह से उधारकर्ताओं के जोखिम, लागत और परिणामों पर।
उक्त उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (13) के प्रावधान के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति (ओं) को स्थानांतरित करने के लिए प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे के माध्यम से हो या अन्यथा एमएचएफसीएल की पूर्व सहमति के बिना नोटिस में संदर्भित हो।

स्थान: छत्तीसगढ़, दिनांक : 30 नवंबर, 2024 — अधिकृत अधिकारी - मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया में युद्धविराम स्थायी समाधान की प्रतीक्षा

**पश्चिम** एशिया में युद्धविराम से टकराव में राहत मिली है, पर इसके स्थायित्व की गारंटी नहीं है। एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह हिजबुल्ला और इज़राइल के बीच महीनों से जारी टकराव के बाद युद्धविराम हो गया है। यह समझौता संयुक्त राज्य अमेरिका तथा फ्रांस के प्रयासों का परिणाम है जो इज़राइली समय के हिसाब से 27 नवंबर को मध्यरात्रि में लागू हुआ। इसे क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने की दिशा में संभावित पहला कदम कहा जा रहा है, पर इसकी सफलता तथा दीर्घकालीन प्रभाव अभी अनिश्चित हैं। इस युद्धविराम का लक्ष्य इज़राइल-लेबेनान सीमा पर शांति बहाल करना है जिसके अनुसार हिजबुल्ला तथा लेबेनान के अन्य सशस्त्र समूह इज़राइल के खिलाफ सभी आक्रामक कार्रवाइयां रोक देंगे। इसके जवाब में इज़राइल भी लेबेनान में किसी इलाके को निशाना नहीं बनाएगा। समझौते का एक प्रमुख पक्ष संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव 1701 स्वीकार करना है जिसके अनुसार दक्षिणी क्षेत्र में लेबेनानी राज्य बलों का विशिष्ट अधिकार है और यहां सभी अर्धसैनिक बलों को हथियार-विहीन करने का आह्वान किया गया है। इज़राइल ने इस बात पर भी सहमति प्रकट की है कि वह अपने बलों को 'ब्लू लाइन' के दक्षिण से 60 दिन के भीतर वापस बुला लेगा, बशर्ते कि समझौते की अन्य शर्तों का पालन सुनिश्चित हो। इस युद्धविराम का यह अर्थ नहीं है कि इज़राइली बल बैरकों में वापस लौट जाएंगे। इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने जोर दिया है कि वे ईरान पर ध्यान देंगे। इज़राइल कुछ लाजिस्टिक चुनौतियों के कारण समझौते पर तैयार हुआ है जिसमें हथियारों और गोला-बारूद की सप्लाई में विलंब शामिल है जिससे समुचित स्टाक बनाए रखने तथा भावी कार्रवाइयों के लिए समस्या पैदा होती है।



यह युद्धविराम क्षेत्रीय अस्थिरता के व्यापक संदर्भ में महत्वपूर्ण है। इज़राइल और हमास के बीच युद्ध की शुरुआत अक्टूबर, 2023 में इज़राइली नागरिकों पर एक नृशंस आतंकी हमले के बाद हुई थी जिसमें हजारों लोगों की जानें गई थीं। गाजा पर इज़राइली हमलों के कारण पैदा मानवाधिकार संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है।

हिजबुल्ला द्वारा हमले तेज करने पर इज़राइल की उत्तरी सीमा पर युद्ध भड़क गया था क्योंकि इज़राइल को जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, युद्धविराम उम्मीद की किरण है, पर चुनौतियां बनी हुई हैं। समझौते की सफलता इसके कठोर क्रियान्वयन पर निर्भर है जिसमें लेबेनान में मिलिशियाओं का निशस्त्रीकरण खासतौर से महत्वपूर्ण है। लेबेनान सरकार पहले ही आर्थिक और राजनीतिक संकट का सामना कर रही है। ऐसे में उसे हिजबुल्ला पर अपना अधिकार लागू करने के लिए भारी दबाव का सामना करना पड़ेगा जो बहुत विस्तृत तथा हथियारों से अच्छी तरह लैस चरमपंथी समूह है। इस समझौते के चाहे जो कारण हों, पर इससे निश्चित रूप से शांति को एक मौका मिला है। यह समझौता क्षेत्रीय शांति के लिए महत्वपूर्ण है। उचित क्रियान्वयन से इससे इज़राइल की उत्तरी सीमा पर शांति स्थापित होगी जिससे विस्थापित नागरिक अपने घरों को लौट सकेंगे तथा प्रभावित क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने में सहायता मिलेगी। लेबेनान के लिए इसका अर्थ गैर-राज्य कारकों पर लगाम लगा कर अपना अधिकार मजबूत करना है जिससे स्थायित्व को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन इज़राइल-हमास के बीच जारी टकराव तथा ईरान के साथ तनाव जैसे लंबित मुद्दे स्थाई शांति के मार्ग में बाधा बने रहेंगे। ऐसे में समझौते के क्रियान्वयन तथा विश्वास बहाली में अमेरिका, फ्रांस तथा 'यूनीफिल' की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

# दिल्ली में प्रदूषण का स्थायी समाधान

अदालती आदेशों, सरकारी वादों और अल्पकालीन उपायों, जैसे वाहनों पर नियंत्रण व कृत्रिम बरसात के बावजूद दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार बहुत खतरनाक बनी हुई है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



दिल्ली के निवासियों को हर साल प्रदूषण का सामना करना पड़ता है जबकि सत्तारूढ़ वर्ग इसका दोष हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के राज्यों में पराली जलाने पर थोपते रहते हैं? क्या वे पराली जलाने या अन्य कारणों के लिए जिम्मेदार लोगों पर दोषारोपण करने के बजाय प्रदूषण की समस्या का स्थाई समाधान नहीं खोज सकते हैं? वे केवल प्रदूषण के जिम्मेदार लोगों की तलाश कर उन पर जुर्माने लगाने के रास्ते खोजते रहते हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण डब्लूएचओ द्वारा निर्धारित सीमा से आठ गुना अधिक है। यह ऐसे स्तर पर पहुंच गया है जहां न्यायपालिका, कार्यपालिका और संसद एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं, लेकिन प्रदूषण लगातार बढ़ता रहता है।

एक महीने पहले अमेरिका से छुट्टियां मना कर लौटते समय मुझे पिछले सप्ताह आधी रात को दिल्ली पहुंचने पर तत्काल प्रदूषण संकट से निपटने की जरूरत पड़ी। दिल्ली के आसमान में धूल की पर्तों के कारण अंधेरा छाया है और गरमी के कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। ऐसे में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता स्पष्ट होती है। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इस सप्ताह और बढ़ गया है। यह खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है जिसके कारण राज्य के अधिकारियों को आवागमन पर नियंत्रण लगाना पड़ा है तथा हवा में मौजूद जहर को निकालने के लिए कृत्रिम बरसात की योजना बनानी पड़ी है। इसके कारण दिल्ली के स्कूलों और कार्यालयों को बंद करना पड़ा है तथा शहर गहरे घने स्मागं से घिरा हुआ है। इससे तत्काल निपटने की आवश्यकता है।

प्रदूषण के कारण बच्चों और वयस्कों में श्वसन तंत्र की बीमारियां जोर पकड़ रही हैं और इसके साथ ही अन्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे भी सिर उठा रहे हैं। उत्तर भारत में जाड़े के समय हर साल स्मागं पूरे क्षेत्र में फैल जाता है। आग जलाने, निर्माण और फैक्ट्रियों के कारण फैलने वाले प्रदूषक कण लोगों को परेशान करने लगते हैं। जब किसान नई फसलों के लिए खेत खाली करने हेतु धान की पराली जलाना शुरू करते हैं तो समस्या और गंभीर हो जाती है। हर साल लगभग ऐसी ही या इससे भी अधिक गंभीर स्थिति सामने आती है। लेकिन नागरिक इन स्थितियों में असहाय अनुभव करते हैं, जबकि राजनेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में लग जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप जनता खराब वायु गुणवत्ता का खामियाजा भुगतती है जिससे उसके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा होता है। अमीर लोग अक्सर जाड़े के महीनों में थोड़े गरम स्थानों में चले जाते हैं, लेकिन बच्चों और बुजुर्गों को इसका सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ता है।

आजकल अनेक स्कूल बंद हैं और नागरिकों को घरों के भीतर रहने की सलाह दी जाती है। निर्माण कार्य पर रोक लग गई है और सरकार प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए 'आड-इवेन' योजना लागू करने पर विचार कर रही है। इससे वाहनों की संख्या पर लगाम लगेगी। हालांकि, यह सही दिशा में एक कदम हो सकता है, पर स्थिति की गंभीरता से निपटने के लिए तत्काल अन्य कठोरतम कदम उठाए जाने चाहिए। केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड, विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा अन्य निगरानी एजेंसियों के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता-एक्यूआई 1,200 से 1,500 के बीच है। भारत की एक्यूआई को 200 पार करने पर खराब, 300 पार करने पर बहुत खराब तथा 400 पार करने के बाद गंभीर या खतरनाक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इसके अनुसार, एक्यूआई की सीमा 0 से 100 के बीच रहनी चाहिए। इस खतरनाक स्थिति के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्री तथा विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीय अपनी वार्षिक भारत यात्रा टाल देते हैं। सरकार और राजनेताओं को समस्या के मूल कारणों का अच्छी तरह पता है, पर वे आरोप-प्रत्यारोप के खेल में उलझे रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसी स्थिति में सरकार को कठोर कदम उठाने का आदेश दिया है। अतीत में उसके प्रयासों से दिल्ली में वायु गुणवत्ता सुधरी है। उसने ऐसे नियम निर्धारित किए हैं जिनके आधार पर वाहन शहर में चल सकते हैं, उसने अनेक वायु प्रदूषण करने वाली फैक्ट्रियों को शहर से बाहर ले जाने के आदेश दिए हैं तथा उत्सर्जन रोकने के लिए बिजनेसों को बंद किया है। अदालत ने सरकार को कार्रवाई के लिए मजबूर भी किया है।

> प्रदूषण के कारण बच्चों और वयस्कों में श्वसन तंत्र की बीमारियां जोर पकड़ रही हैं और इसके साथ ही अन्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे भी सिर उठा रहे हैं। उत्तर भारत में जाड़े के समय हर साल स्मागं पूरे क्षेत्र में फैल जाता है। आग जलाने, निर्माण और फैक्ट्रियों के कारण फैलने वाले प्रदूषक कण लोगों को परेशान करने लगते हैं।

वास्तव में समस्या अदालत द्वारा निर्धारित नियमों के सटीक क्रियान्वयन में है। पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि स्वच्छ हवा एक मूलाधिकार है। उसने केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों को आदेश दिया है कि वे प्रदूषण रोकने पर त्वरित कार्रवाई करें। लेकिन अदालत द्वारा निर्धारित अधिकांश कदम जैसे, वाहनों के आवागमन पर नियंत्रण, औद्योगिक विनियमन तथा सार्वजनिक जागरूकता अभियान वायु गुणवत्ता सुधारने में ज्यादा प्रभावी सिद्ध होने चाहिए। आलोचक अक्सर अदालतों द्वारा लिए गए फैसलों पर सवाल उठाते हैं और अक्सर वे कार्यकारी मामलों में न्यायपालिका के हस्तक्षेप पर भी सवाल उठाते हैं।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी-आप सरकार ने अपने 2024 के घोषणापत्र में पहले की तरह प्रदूषण नियंत्रण के कोई वादे नहीं किए थे। इसके बजाय उसके घोषणापत्र में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु गुणवत्ता कार्यक्रम-एनसीएपी तथा वायु प्रदूषण रोकने की बात कही गई है। इस प्रकार आप ने नागरिकों की सहभागिता की आवश्यकता तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए बिजली-संचालित बसों की आवश्यकता उजागर की है। अब प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकारों को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने के असली दोषियों के प्रति कठोर कदम उठाने पर विचार करना चाहिए। हर जाड़े में पराली जलाने से पैदा धुंआ दिल्ली को घेर लेता है और दिल्ली के आसमान पर छा जाता है।

किसान अपने खेतों को खाली करने के सबसे सस्ते रास्ते के रूप में पराली जलाते हैं। राज्य सरकारों ने केन्द्र से मांग की है कि वह पराली जलाने से पैदा प्रदूषण रोकने में किसानों की सहायता करे, लेकिन यह मुद्दा हर साल पहले की तरह बना रहता है। इस बीच राजनीति अपनी भूमिका अदा कर रही है। केन्द्र में भाजपा की सरकार है, जबकि आप का शासन दिल्ली और पंजाब में है। ऐसे में कांग्रेस केवल तमाशबीन की भूमिका निभा रही है।

इस दृष्टिकोण से समस्या के समाधान में कोई सहायता नहीं मिल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब आधे-अधूरे कदमों का समय बीत गया है और इनके बजाय समग्र उपाय किए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए, ग्रैप-3 को उच्चीकृत कर ग्रैप-4 में बदला जाना चाहिए तथा सरकार को 'आड-इविन' नियम कठोरता से लागू करना चाहिए। दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में आम लोगों को इसे चुनावी मुद्दा बनाना चाहिए। दिल्ली निवासियों को प्रदूषण नियंत्रण के त्वरित कदमों पर विचार कर मास्क पहनने, इंडोर एयर-प्यूरीफायरों के प्रयोग, स्टीम बाथ लेने, स्वस्थ भोजन करने तथा घरों में हवा का आवागमन सुनिश्चित करने के उपाय करने चाहिए। नागरिकों को प्रदूषण नियंत्रण में अधिकारियों की सहायता भी करनी चाहिए।

# बुद्धिमान मस्तिष्क के लिए बुद्धिमान हृदय

> आध्यात्मिकता के शाश्वत नियम के अनुसार, इस भौतिक दुनिया में सब कुछ पुराना हो जाता है, क्षय हो जाता है और अपने मूल तत्व रूप में समाहित हो जाता है।

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हम इंसानों को सिर्फ़ एक ही दिल मिला है जो तब तक साथ देता है जब तक हम जीते हैं। या फिर, हम तब तक जीते हैं जब तक दिल है। इस अर्थ में, दिल मानव शरीर की जीवन रेखा है। शारीरिक रूप से, यह एक महत्वपूर्ण अंग है जो पूरे शरीर को रक्त की आपूर्ति करता है। प्रतीकात्मक रूप से, इसे मानव आत्मा की सबसे शक्तिशाली भावनाओं यानी प्रेम के साथ-साथ सहज ज्ञान, रुचि और गहरी भावनाओं के साथ जोड़ा जाता है।

इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि दिल हमारे जीवन पर राज करता है। लेकिन, आज वही दिल वाकई चिंता का विषय बन गया है क्योंकि चौंकाने वाले आंकड़े बताते हैं कि यह हमारी आधुनिक जीवनशैली और प्रदूषित वातावरण के कारण अनगिनत बीमारियों की चपेट में आने के लिए कितना कमज़ोर है। दिल के स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं ने इसकी लंबी उम्र और सुचारू कार्यक्षमता को बढ़ाने के तरीकों को खोजने के लिए अनुसंधान में विस्फोट कर दिया है। हालांकि, जब दिल को बचाने के सभी प्रयास विफल हो जाते हैं तो हमारे पास इसे बदलने का विकल्प भी होता है। क्या यह बढ़िया नहीं है? लेकिन फिर भी, स्वास्थ्य रिपोर्ट के आंकड़े इन विकासों की प्रभावशीलता के बारे में कोई अच्छी कहानी नहीं बताते हैं क्योंकि आज हमारे पास ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है जो हृदय रोग से पीड़ित हैं या जोखिम का सामना कर रहे हैं।

आध्यात्मिकता के शाश्वत नियम के अनुसार, इस भौतिक दुनिया में सब कुछ पुराना हो जाता है, क्षय हो जाता है और अपने मूल तत्व रूप में समाहित हो जाता है। इसी तरह, प्रकृति में सब कुछ पुनर्चक्रित हो रहा है क्योंकि ऊर्जा निरंतर



प्रवाह में है। इसलिए, आत्मा के रूप में, हम सभी को हर जन्म में एक नया शरीर मिलता है। हालाँकि, शरीर का निर्माण करने वाले तत्व वही पुराने पदार्थ हैं। इस अर्थ में, दुनिया में सब कुछ पुराने पदार्थ हैं जिन्हें नए के रूप में पैक किया गया है। इसलिए, हर लगातार जन्म के साथ, हम आत्माओं के रूप में एक पुनर्चक्रित शरीर और इसलिए एक पुनर्चक्रित हृदय प्राप्त करते हैं। हमें एक नया शरीर तभी मिलता है जब हम पहली बार आत्मा की दुनिया से नीचे आते हैं क्योंकि हम शुद्ध होते हैं और जब हम इस दुनिया में प्रवेश करते हैं तो उपलब्ध संसाधनों में से सर्वोत्तम प्राप्त करने के हकदार होते हैं।

ऊपर बताई गई बातों के बाद, हमें यह तथ्य नहीं भूलना चाहिए कि वास्तव में एक समय था जब हम सभी के पास एक नया हृदय था। हाँ! वास्तव में वह समय स्वर्ण युग कहलाता था जब सभी मानव आत्माएँ और प्रकृति के तत्व पवित्र और शुद्ध थे। वहाँ हर कोई परिपूर्ण और शुद्धतम था और इसलिए उनके पास जो कुछ भी था, जिसमें उनका शरीर भी शामिल था, वह भी परिपूर्ण था। उन्हें अपने दिल का ख्याल रखने की कोई ज़रूरत नहीं थी।

दिल इतना मज़बूत और स्वस्थ था कि इसने शरीर को लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए सहारा दिया। हालाँकि, आज हम सभी स्वर्ण युग यानी लौह युग के बिल्कुल विपरीत जी रहे हैं और आज दुनिया में शायद ही कोई इंसान हो जो किसी भी शारीरिक बीमारी से मुक्त हो, चाहे वह अमीर हो या गरीब, सभी किसी न किसी बीमारी से पीड़ित हैं जो अस्वस्थ जीवनशैली और पारिस्थितिकी तंत्र के क्षरण से जुड़ी है।

वर्तमान युग में, हर किसी का मन कमज़ोर और नकारात्मक विचारों से घिरा हुआ है जो स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में सबसे बड़ी बाधा है। अपने पूरे जीवन में, हम कभी नहीं समझते कि सभी बीमारियों का मूल कारण हमारे गलत कर्म हैं। यह एक सिद्ध तथ्य है कि हमें अपने गलत कर्मों की सजा मिलती है।

इसलिए यह समझना बहुत ज़रूरी है कि सभी बीमारियों की उत्पत्ति गलत विचारों और कार्यों से होती है। आज, चिकित्सा विज्ञान ने स्वीकार किया है कि स्वस्थ जीवनशैली के साथ-साथ ध्यान भी स्वस्थ हृदय को बढ़ावा दे सकता है, क्योंकि यह नकारात्मक विचारों को नियंत्रित करके हृदय की कार्यप्रणाली को विनियमित करने में मदद करता है जो शरीर में तनाव से संबंधित हार्मोन को प्रेरित करते हैं जिससे हानिकारक प्रभाव होते हैं।

क्रोध, भय, घृणा और अहंकार जैसे बुरे 'संस्कारों' (व्यक्तित्व लक्षणों) से आत्मा को शुद्ध करके, यह बीमारी के मूल कारण को ठीक करता है और समग्र उपचार की ओर ले जाता है। इसलिए स्वस्थ हृदय पाने के लिए, स्वस्थ जीवनशैली के अलावा, एक अच्छे दिल वाला व्यक्ति होना और मन को शुद्ध विचारों और भावनाओं के स्वस्थ आहार से पोषित करना आवश्यक है।

## आप की बात

### न्यायसंगत निर्णय

**माननीय** उच्चतम न्यायालय ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग वाली याचिका को ख़ारिज कर दिया है, फिर भी संकीर्ण मनोवृत्ति वाले राजनीतिक दल ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की वकालत करने में पीछे नही रहना चाहते। देश का इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा कि उच्च तकनीकी युग में भी राजनीतिक दल देश को आदिम युग में धकेलने की बात करने से परहेज़ नही करते। वस्तुस्थिति यह है कि जब जब कांग्रेस सहित विपक्षी दलों की नीतियों को जनता द्वारा नकारा जाता है, तब तब ये अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग या ईवीएम पर फोड़ने से बाज नही आते तथा बैलेट पेपर से चुनाव कराने की माँग करते हैं। यह बात आम आदमी की समझ से परे है कि मतदान के लिए प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन किस प्रकार से विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ भिन्न भिन्न व्यवहार कर सकती है। यह भी ध्यान देने योग्य तथ्य है कि जहां जहां विपक्ष को बहुमत से सत्ता प्राप्त होती है, वहाँ वहाँ ईवीएम ठीक कार्य करती है और जहां जहां उन्हें सत्ता से बेदख़ल किया जाता है, वहाँ वहाँ ईवीएम विपक्ष विरोधी बन जाती है। निसंदेह इन सियासी तत्वों की बुद्धि पर तरस आना स्वाभाविक है। भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता में ऐसे तत्व ही अवरोध उत्पन्न करते हैं, जिनकी जितनी भी निंदा की जाए, सो कम है।

- **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### संघर्ष विराम

**बेहद** खुशी की बात है कि अमेरिका एवं फ्रांस की मध्यस्थता में अब इसराइल एवं हिजबुल्ला के बीच 14 महीनेसे चली आ रही जंग अब 60 दिनों केलिए यानी दो माह के लिए रुक गई है, हम इसे एक अच्छा कदम मानते हैं, खुशी है कि नए साल में प्रवेश अब इन दोनों देशों के द्वारा संघर्ष विराम की सूरत में ही होगा फिर अब हम तो यह भी कहना चाहते हैं कि अमेरिका, फ्रांस, संयुक्त राष्ट्र संघ सहित सभी देशों को अब ऐसे प्रयास भी करना चाहिए अब यह संघर्ष विराम स्थाई रूप ले ले एवं आगे से दोनों को फिर से हथियार उठाने का अवसर ही ना ही मिले। कारण पिछले अक्टूबर 23 से जिस तरह से दोनों के बीच में आपस में हमले की शुरुआत हुई थी तब से लेकर आज तक दोनों और काफी कुछ नुकसान हो चुका है एवं हजारों जानें भी जा चुकी है अतः आज हुए इस संघर्ष विराम के इस निर्णय की सभी को सराहना करना होगी फिर अब हमारा तो यह भी कहना है कि एक ओर अन्य युद्ध रूस एवं यूक्रेन के बीच में भी काफी समय से चल रहा संघर्ष भी अब खत्म होना चाहिए एवं बड़ी महाशक्तियों को इन दोनों देशों की लड़ाई में भी अब संघर्ष विराम अवश्य करना चाहिए। अतः विश्वास है कि इस दिसंबर माह में शीघ्र ही रूस एवं यूक्रेन के बीच में भी संघर्ष विराम अवश्य कराया जाएंगा ताकि यह दोनों देश भी खुशी खुशी शांति के साथ नए साल में प्रवेश कर सकेंगे।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### ईवीएम का रोना बंद करें

**महाराष्ट्र** चुनाव के बाद भाजपा को प्रचंड जीत दर्ज हुई। और विपक्ष के सफेद पोश नेताओं का ईवीएम पर ऊंगली उठाना , संदेह जताने का रोना गाना शुरू हो गया। जब यह जीत हासिल कर लेते हैं तब ईवीएम बे कसूर होती है। और हार का मुंह देखने के बाद ईवीएम को कोसने में पीछे नज़र नहीं आते। आखिर विपक्षी दल की यह पूर्वा ग्रह मानसिकता क्या दर्शाती हैं ? समझ से परे लगता है। देश आधुनिकरण की और अग्रसर है और अब चुनावी प्रक्रिया में बैलेट पेपर की मांग हास्यपद लगती है। विपक्ष के दिग्गज नेता बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव करवाने की बात कहते है। क्या यह तर्क संगत है ? कहीं योजनाओं में सरकार पेपर लेस कार्य को बढ़ावा दे रही , और काग्रेस के ए वर्तमान दौर के नेता बैलेट पेपर के मांग रखकर देश को पीछे ले जाने की सोच रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की फटकार लगने के बाद भी विपक्ष को समझ नहीं आता। जबकि विश्लेषण यह होना चाहिए कि जनता जनार्दन ने आपकी खोखली नीति रीति के कारण नकार दिया। विपक्ष के दिग्गज नेताओं की अनर्गल टीका टिप्पणी और बयानबाजी के कारण भी हार का मुंह देखना पड़ता है। कुछ भी हों विपक्ष को करारी हार का आत्म विश्लेषण करना चाहिए। जनता जनार्दन के बीच कैसी जगह बनाएं आत्म चिन्तन की ज़रूरत है। विपक्ष ने पूर्वाग्रह को त्याग कर पार्टी की गरिमा को जीवंत रखना चाहिए।

- **योगेश जोशी**, बड़वाह

### अनर्गल आरोप

**महाराष्ट्र** और हरियाणा चुनावों में हारने के बाद विरोधियों ने ईवीएम और चुनाव आयोग पर बीजेपी को जीतने में सहयोग देने का आरोप लगाया। ईडी और सीबीआई द्वारा विरोधियों को गिरफ्तार करने पर यह बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया बताया गया। गिरफ्तारी को अदालत द्वारा उचित ठहराए जाने पर विरोधियों द्वारा अदालत के आदेशों को भी अप्रत्यक्ष रूप से इस तरह पेश किया गया जैसे वे बीजेपी या सरकार के फायदे के लिए दिए गए हों। इस तरह की बयानबाजी बार बार होने से अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में हमारी न्याय व्यवस्था के साथ ही पूरी प्रजातांत्रिक प्रणाली की साख कम होती है। साथ ही ऐसे माहौल का फायदा उठाकर विदेशी शक्तियां देश की सरकार और सामाजिक सौहार्द्र को अस्थिर करने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए झूठी और आधारहीन बयानबाजी करने वाले राजनेताओं के विरुद्ध सरकार और संवैधानिक संस्थाओं को कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए। आवश्यक हो तो ऐसी बयानबाजी के विरुद्ध विशेष कानून बनाए जाएं। साथ ही गैरसरकारी संस्थाएं भी यदि चाहे तो जनहित याचिका दायर कर सकती हैं।

- **ललित दुबे**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# मोहरेंगा से पौसरी मार्ग को अप्रेल माह तक बनना था 14 माह में सड़क के साइड सोल्डर शुरू हुआ

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मोहरेंगा से ग्राम पौसरी मार्ग लापरवाही और उदासीनता के चलते इतनी जर्जर हो गई है कि सड़क कुछ स्थानों पर बीचोंबीच दो भाग में बंट गया है। कई जगह उबड़-खाबड़ हो गया है संबंधित विभाग के द्वारा इस सड़क को बनाने के लिए 14 महीने पहले ठेकेदार को ठेका दे कर बोर्ड लगा दिया गया है, लेकिन सड़क का निर्माण का कार्य अभी तक काम के नाम पर शुरू हुआ है। जिससे ग्रामीणों के लिए राहत देने के स्थान पर परेशान करने वाले हो रहा है।





सड़क नहीं बनने से बरसात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मोहरेंगा से पौसरी मार्ग जो लगभग पौने तीन किलोमीटर है जिसका नवीनकरण एवं संधारण कार्य प्रारंभ होने का तिथि 3 अगस्त 2023 था। जिसे पूर्ण करने की तिथि 13 अप्रेल 2024 था। लागत इसका 130.88 लाख रुपए था, लेकिन लगभग 14 महीने हो गए यहां पर इस मार्ग में अभी तक कार्य निर्माण के नाम पर सड़क में साइड सोल्डर के नाम पर अभी मुरम कम बोल्डर डाला गया है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है इस काम को देख रेख करने वाले कोई जिम्मेदार अधिकारी कब आते हैं कब जाते लोगों को पता ही नहीं चलता। ग्रामीणों के द्वारा इस आने जाने में हो रही परेशानी को अवगत कराने के लिए अधिकारियों को फोन मोबाइल करते हैं। लेकिन अधिकारी फोन उठाना भी उचित नहीं समझते। यह रोड बेमेतरा से कबीर अनुयायियों के लिए दामाखेड़ा जाने का सबसे कम दूरी वाला रोड है, जिसके कारण इस रोड में हमेशा लोगों को आना-जाना बना रहता है। इसके अतिरिक्त यह मार्ग बिलासपुर मुंगेली और भाटापारा जाने वाले मार्ग को भी जोड़ता है।

### मार्ग हो गया है जर्जर, चलने में परेशानी

मोहरेंगा से पोसारी मार्ग का समय पर मरम्मत एवं नवीनीकरण नहीं हो पाया, जिसके कारण यह रोड एकदम जर्जर हो गया है। कई जगह पर या रोड उखड़ गया है तो कहीं पर मार्ग दो भाग में बट गया है। बताया जाता है कि सन 2008 में इस मार्ग पर दो तरफनाली तो बना दिया गया था पर उसमें मिट्टी नहीं डाला गया था। बताया जाता है रोड जर्जर होने के बाद भी ग्राम पोसारी वालों को इस मार्ग से हर महीने गुजरना पड़ता है क्योंकि पोसरी के लोगों का सोसायटी मोहरेंगा है जिनको हर महीने चावल से लेकर तेल तक का यहां पर लेने के लिए आना पड़ता है। यह भी जानकारी मिली है कि इस मार्ग के किनारे कुछ खेत वालों ने धीरे-धीरे जगह बढ़ाकर सड़क के इतना करीब आ गया है कि दो वाहन एक साथ आ-जा नहीं सकते। यदि दो विपरीत दिशा से वाहन आते हैं तो एक वाहन को दूर में सुरक्षित जगह पर खड़ा करना पड़ता है तब दूसरा वहां से गुजरता है। परन्तु वाहन को सड़क किनारे में खड़ा करने पर जमीन में बरसात की दिनों में जमीन में फंसने की संभावना बनी रहती है यह बताया गया है कि इस मार्ग को बनाने के लिए 5 साल की गारंटी तो दिया गया है, लेकिन अभी तक इस मार्ग में निर्माण का काम शुरू भी नहीं हुआ है।

## रोजगार कार्यालय में दो और तीन दिसंबर 2024 को 930 पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 02 एवं 03 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 04 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। 02 दिसंबर 2024 को क्रेस क्रॉप लिमिटेड, 405 बी, चतुर्थ तल, रवि भवन, जय स्तंभ चौक, रायपुर द्वारा पद एसेम्बली ऑपरेटर, प्रोडक्शन ट्रेनी एवं विजुअल इंस्पेशन के 900 पदों (शैक्ष.यो. 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, आईटीआई, मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रानिक्स में डिप्लोमा, वेतन 14,600-19,700, आयुसीमा 18-28 वर्ष, कार्यक्षेत्र अहमदाबाद, पुणे, बैंगलोर, चेन्नई) तथा 03 दिसंबर 2024 को देवांगन एजेंसी, वार्ड नं. 8, शिक्षक नगर, कवर्धा द्वारा पद सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव के 30 पदों (शैक्ष.यो. 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतन 6,000-30,000, आयुसीमा न्यूनतम 18 वर्ष, कार्यक्षेत्र संपूर्ण कबीरधाम जिला) पर भर्ती किया जाना है।

# अधिकाधिक प्रकरणों के राजीनामे पर जोर : नेशनल लोक अदालत की तैयारियों में जुटा जिला न्यायालय

### प्रकरणों के त्वरित निपटारे के लिए निरंतर हो रही बैठके

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

आगामी 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा विभिन्न विभागों और संस्थानों के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों का उद्देश्य अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा हेतु नेशनल लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करना है। जिला



एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष, सत्यभामा अजय दुबे ने जिला न्यायालय परिसर के सभागार में मोटर बीमा दुर्घटना दावा प्रकरणों (एमएसीटी) से संबंधित बीमा कंपनियों के अधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया और अधिवक्ताओं से अधिकाधिक प्रकरणों को राजीनामा हेतु अदालत में प्रस्तुत करने की अपील की।

### विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित

इससे पूर्व, 26 नवंबर 2024 को पुलिस थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें अपने थाना क्षेत्रों के प्रकरणों में चालान शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। 27 नवंबर 2024 को बैंकों, दूरसंचार विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग और जिला पंचायत के अधिकारियों-प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अधिकाधिक प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद) प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया।

### राजीनामे से प्रकरणों के त्वरित निपटारे का लक्ष्य

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित और आपसी सहमति से समाधान किया जा सकता है। यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करती है, बल्कि पक्षकारों को न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग का अनुभव भी कराती है।

### लोक अदालत में प्रकरणों को लेकर उत्साह

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी संबंधित विभागों और अधिवक्ताओं से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत के महत्व को समझते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को अदालत में प्रस्तुत करें। इससे न केवल न्याय प्रक्रिया को गति मिलेगी, बल्कि पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण समझौता भी स्थापित होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा इन तैयारियों के तहत आगामी दिनों में और भी बैठकें आयोजित करने की योजना है। न्याय प्रक्रिया में ऐसे प्रयासों से समाज को न्याय सुलभ कराने की दिशा में प्रगति हो रही है।

## राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2024 का आयोजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

पावरग्रिड पॅश्चिम क्षेत्र-1 के रायपुर (कुम्हारी) उपकेंद्र में छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूली बच्चों के लिए ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में करीब एक लाख बीस हजार स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम चरण में राज्य के विभिन्न स्कूलों से करीब सौ बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें, ए वर्ग (कक्षा 5, 6 तथा 7 कक्षा) के 50 बच्चे तथा बी वर्ग (कक्षा 8, 9 तथा 10) के 50 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रजनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक, पावरग्रिड, पश्चिम क्षेत्र-1, नागपुर उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में आर के शुक्ला, प्रबंधक निदेशक, सी एस पी टी सी एल, रायपुर, रविंद्र कुमार, सहायक आयुक्त, केवीएस, आर ओ,



रायपुर, आर. एल. ठाकुर, संयुक्त निदेशक, दुर्ग, लोक शिक्षण निदेशालय, छतीसगढ, आर. के. दाश, वरि.महाप्रबंधक, पावरग्रिड, रायपुर एच. पी. पाल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पावरग्रिड नागपुर तथा छत्तीसगढ राज्य के विभिन्न जिलों से उपस्थित बच्चे एवं उनके माता- पिता तथा पावरग्रिड परिवार के सदस्यगण पावरग्रिड प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2024 में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रजनीश तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष देशभर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। देश का विकास प्राकृतिक संसाधनों तथा ऊर्जा की उपलब्धता पर निर्भर करता है। अतः हम सभी नागरिकों का यह कर्त्तव्य है कि ऊर्जा के किसी भी रूप चाहे वो बिजली, पानी या ईंधन को अपनी आवश्यकता के अनुरूप ही प्रयोग करें तभी इस प्रकार के आयोजनों को सफलता मिलेगी। जितनी ऊर्जा हम बचाएंगे उतनी ऊर्जा हम देश के लिए उत्पन्न करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य निर्माता हैं इनकी पवित्र कल्पनाओं को रंगों से भरकर ऊंची उड़ान भरने दीजिए। यही बच्चे आगे चलकर हमारे देश को विकसित राष्ट्र बनाएंगे, ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं। कार्यक्रम के अंत में मंचासीन विशिष्ट अतिथियों द्वारा सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में राज किशोर दाश, पावरग्रिड, डॉ. विकास चंद्र, सहायक प्राध्यापक, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ, राधिका, पाठक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ, करमन खट्टर, उप संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छ.ग., निहार रंजन साहू, परियोजना समन्वयक क्रेडा, रायपुर, पिंकी सिंह, टीजीटी (कला शिक्षा) केन्द्रीय विद्यालय, बीएमवाई भिलाई ने अपना योगदान दिया। पुरस्कृत विद्यार्थियों में ए वर्ग (कक्षा 5, 6 व 7 आयुष साहू (कक्षा 7), सेण्ट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल, रायगढ, द्वितीय पुरस्कार हिमांशु दास, (कक्षा 7) विजय अंग्रेजी मीडियम स्कूल, चिरीमीरी एवं तृतीय पुरस्कार यशिका बागवानी।

## पंचायतों एवं स्कूलों में बाल विवाह रोकथाम का सामूहिक प्रयास करने की शपथ ली गई

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत अंजोरा ख परिक्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम सचिव एवं जन प्रतिनिधियों के द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत पंचायतों एवं स्कूलों में जाकर शपथ लिया गया एवं बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई। इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने की शपथ ली गई। अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम संकल्प का कार्यक्रम एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण की परियोजना अधिकारी ऊषा झा, अंजोरा परिक्षेत्र की पर्यवेक्षक गीतांजलि भैंसारे, पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा, एकीकृत बाल संरक्षण, सखी वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ,



पंचायत के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा कॉलेज ऑफ वेटनरी साइंस अंजोरा दुर्ग, अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं उच्च एवं उच्चतर विद्यालय अंजोरा में जाकर बाल विवाह रोकथाम संकल्प लिया गया एवं कम उम्र में शादी करना एक सामाजिक बुराई है जो कानूनन अपराध है और एक कुप्रथा है। न ही स्वयं कम उम्र में विवाह करना है और न ही कही होने देना है का संकल्प लिया गया। यदि किसी को ऐसे विवाह होने की जानकारी मिलती है तो तत्काल विभाग को सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु स्कूल एवं कॉलेज के प्राचार्यो, प्रोफेसरों, शिक्षकों का सहयोग रहा एवं शपथ हेतु स्वयं उपस्थित भी रहे। पूर्व माध्यमिक शाला सिरसा खुर्द में भी बालविवाह रोकथाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी स्कूली बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाया गया। पर्यवेक्षक ममता साहू द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु विवाह के लिए लड़की के उम्र 18वर्ष लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। बालविवाह कुप्रथा को दूर करने के लिए समाज में जागरूकता जरूरी है। बाल विवाह को रोकने के लिए सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक कारणों को समझना और दूर करना पड़ेगा। प्रधान पाठिका सेंगर ने अपने उदबोधन में कहा कि बाल विवाह में बहुत सारे दुष्परिणाम है। सभी महिला पुरुष को आर्थिक रूप से सक्षम होना बहुत जरूरी है। कम उम्र में शादी होने से शारीरिक मानसिक दुष्प्रभाव पड़ते है। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण कौशल्या ठाकुर, रामबाई डहरिया, पद्मिनी बंजारे, सरिता सोनी, सीता मनराग, नीलम शांडिल्य, विमू दुबे, यशुभारती सोनी, पुष्पेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार देशमुख, आनंद कुमार साहू, आनंद तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुलेश्वरी यादव, बसन्ती तिवारी

## विधायक साहू ने जिया मे 78 लाख रूपये के विभिन्न विकाश कार्यो का किया लोकार्पण

### विधायक साहू सर्व समाज, यादव समाज के लिए सामाजिक भवन एवं सांस्कृतिक मंच निर्माण की घोषणा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिया मे विधायक सम्मान समारोह एवं मड़ाई मातर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्यातिथि के रूप मे शामिल हुए। विधायक के गांव पहुंचते ही यादव समाज सहित सर्व समाजनों ने भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान विधायक साहू लगभग 78 लाख रूपये के लागत राशि के विभिन्न विकाश कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिसमें ग्राम जिया मे कार्यालय सह - गोदाम निर्माण सेवा सहकारी समिति के 25 लाख 98 हजार लागत राशि, प्राथमिक शाला जिया मे अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 24 लाख 30



हजार रूपये, मेन रोड से बाईपास रोड तक सीसी रोड निर्माण 20 लाख रूपये, कर्मा भवन मे सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख रूपये, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार की राशि, मेन रोड से सीताराम सेन के घर तक 2 लाख 60 हजार, मेन रोड से कृपाल के घर तक सीसी रोड 2 लाख रूपये, कबीर आश्रम मे टाइल्स कार्य हेतु 1 लाख रूपये की विकाश कार्यों की लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत जिया मे लगभग 78 लाख रूपये के लागत राशि के विभिन्न विकाश कार्यों का लोकार्पण हुआ है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक साहू ने सबसे पहले विधानसभा और लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देकर भाजपा सरकार बनाने और मोदी की हाथ को मजबूत करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसके लिए समस्तग् रामवासयों और क्षेत्रवासियो का धन्यवाद आभार प्रकट किया। तत्पश्चात उन्होंने कहा की आप सभी लोगो ने आशीर्वाद देकर मुझे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक के रूप मे चुने है तों अब आगे मेरी जिम्मेदारी है आप लोगो की पांच साल सेवा करना। आप लोग जैसे विकाश चाहेंगे हम सब मिलकर गांव क्षेत्र और पुरे विधानसभा का हर गांव गली मोहल्ला मे विकाश करेंगे। हमारी सरकार मोदी की गैरेंटी को पूरा करते हुए विष्णुदेव की सुशासन वाली सरकार अपना चुनावी घोषणा पत्र का हर वादा कुछ ही महीनों मे पूरा करके निभाया है। जिसमे किसानो को 2 साल का बकाया बोनस, 31 सौ रूपये की भाव से धान खरीदी, महिलाओ को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रूपये जैसे विभन्न वादों पर सरकार बनते ही पूरा किये है जिसके फलस्वरूप डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ मे साय साय विकाश हो रहा है। इस दौरान छोटू राम साहू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, डे वर्मा, केशव साहू, टीकाराम साहू, शाहा वर्मा, रज्जु पाल, लेखमणी वर्मा, शिव कुमार विश्वकर्मा, नवीन तिवारी, महेतरु वर्मा, मनोज वर्मा, रंग सिँह वर्मा, संदीप तिवारी पेखन वर्मा, अशोक वर्मा, राजू वर्मा, होरिलाल विश्वकर्मा, कुमार यादव, गजेंद्र साहू, अश्वनी मार्कण्डेय, अनिल वर्मा, पुनाराम मांडले, उमेश रावटे, कमलेश वर्मा, जीतेन्द्र साहू, गोलू कोशले, उमेश यादव सहित समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## हार निराशा नहीं बल्कि जीत की प्रेरणा देती है : डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शैक्षणिक सत्र 2024-25 की वार्षिक क्रीड़ा कार्यक्रम के तहत संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का सफलतापूर्वक आयोजन संकुल केंद्र जेवरा के प्राथमिक शाला पथर्रा मैदान में किया गया। संकुल समन्वयक उद्धव कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की नियमित संकुल गतिविधियों के तहत संयुक्त रूप से संकुल केंद्र जेवरा व जीया के अधीनस्थ विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच बाल खेलों का आयोजन हुआ। खेल स्पर्धा का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदय भास्कर सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी, तथा सालिक दुबे जेवरा की उपस्थिति में संकुल प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन की अगुवाई में प्रारम्भ हुई। मां सरस्वती के पूजन अर्चन के बाद



अतिथियों के द्वारा गोली फेंक कर क्रीड़ा स्पर्धा को शुरू किया गया। अपने उद्बोधन में पूर्व सरपंच व सेवानिवृत शिक्षक उदय भास्कर सिंह ने बच्चों से कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ सामाजिक गुणों का विकास होता है। डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी ने सभी बच्चों का उत्साह बढाते हुए कहा कि खेल हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए, हार से निराशा नहीं बल्कि भविष्य के लिए बेहतर करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। संकुल प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन ने सभी शिक्षकों को खेल समभाव से स्पर्धा संपन्न कराने की अपील की। संयुक्त रूप से संकुल द्वय जेवरा व जीया के अधीन विद्यालय 07 प्राथमिक एवं 03 पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बालक-बालिका अ तथा ब वर्गो में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर पर आलू दौड़, बोरा दौड़, घड़ा दौड़, सुरीली कुर्सी दौड़ त्रिटंगी दौड़ तथा 100 मी., 200 मी, 400 मी. 800 मी. दौड़ सहित लंबी कूद, गोला फेंक व सामूहिक खेलों में खो - खो, कबड्डी, रिले रेस में स्कूली छात्रों ने बढ चढकर हिस्सेदारी की तथा पुरस्कार से सम्मानित हुए।

# बस संचालन में होने वाली परेशानी को लेकर बस संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ की बैठक में बस संचालन में होने वाले परेशानी पर विचार विमर्श किया गया। तदउपरांत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में प्रदेश भर के बस संचालक शामिल हुए जिसमें महासंघ के संरक्षक प्रमोद दुबे, संयोजक प्रकाश देशलहरा, प्रदेशाध्यक्ष अनवर अली शामिल हुए। इस संबंध में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के बेमेतरा जिला अध्यक्ष रामगोपाल साहु ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के बस संचालकों को बस संचालन के व्यवसाय में आ रही कठिनाईयों एवं अंधाधूंध स्थायी परमिट स्वीकृत किये जाने के विरूद्ध शिकायत एवं बिन्दुवार ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि बस संचालकों के लिये आये दिन नये नियम कानून बनाये जा रहे हैं। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार द्वारा अपनी स्वेच्छा, रूचि से बस संचालकों को चुन-चुनकर अपनी पसंद के बस संचालकों को स्थायी परमिट किसी भी पुराने बस संचालकों के आगे-पीछे एवं समान समय-चक्र, कासिंग समय-चक्र



के साथ लगातार स्वीकृत किया जा रहा है जिससे मार्ग में दुघटनाएं लगातार हो रही हैं तथा बस संचालकों के मध्य अप्रिय स्थिति, शांतिभंग, हिंसा एवं अराजकता की स्थिति भी उत्पन्न हो चुकी है जिसका रोकथाम अत्यंत आवश्यक है। मोटरयान अधिनियम 1988 को धारा 72 की उपधारा 02 के खंड 05 के तहत् दो यात्री बसों के मध्य अंतराल का निर्धारण किया जाये एवं अनियमित अंतराल, कासिंग समय-चक्र, समान समयचक पर स्वीकृत 01.01.2024 से 19.11.2024 तक स्वीकृत समस्त परमिटों को राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से रद्द किया जाये। केन्द्र सरकार द्वारा व्हीकल लोकेशन टेकिन डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन को 19.01.2020 के पश्चात् के पंजीकृत यात्री बसों पर लगाये जाने के संबंध में अधिसूचना जारी की गयी थी, किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सारे नियम कायदे कानून को दरकिनार करते हुए 19.01.2020 के पूर्व पंजीकृत यात्री बसों पर भी व्हीकल लोकेशन टेकिंग डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाया जाना थोप दिया गया है। जबकि पुरानी बसों में व्हीकल लोकेशन टेकिंग डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन के अनुरूप आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं होते हैं। देश के अन्य राज्यों में व्हीकल लोकेशन टेकिंग डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाये जाने का मूल्य नियमानुसार 6500/- रू है किन्तु छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा प्रत्येक डिवाईस के लिये 13,500/रू वसूला जा रहा है जबकि समान कंपनी के डिवाईस अन्य राज्यों में 6500/- रू से कम कीमत में भी उपलब्ध हैं। इस कारण बस संचालकों पर आर्थिक भार पड़ रहा है। इसलिये व्हीकल लोकेशन टेकिंग डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाये जाने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाये अथवा प्रति डिवाईस 3000/-रू में उपलब्ध कराये जाने बाबत् समस्त डीलरों को निर्देशित किया जाये। छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्व से संचालित बसों में पूर्व में रेडियम पट्टी लगाया जाना अनिवार्य किया गया था, शत प्रतिशत बसों में रेडियम पट्टी लगी हुई है। अब नये आदेश के माध्यम से शासन द्वारा पुनः रेडियम पट्टी लगाये जाने कहा जा रहा है। पूर्व में 1200/-रू में रेडियम पट्टी प्रत्येक फिटनेस के समय लगाया जाता था किन्तु अब 2500/-रू प्रति बस प्रति रेडियम पट्टी लगाये जाने के लिये बस संचालकों पर दबाव बनाया जा रहा है। इसलिये जिन बसों में पूर्व में लगी हुयी रेडियम पट्टी सही व सुरक्षित स्थिति में है उनमें पुनः: 2500/- रू वाला रेडियम पट्टी लगाये जाने हेतु दबाव न बनाये जाये तथा यदि नया रेडियम पट्टी लगाया जाना परिवहन विभाग को आवश्यक प्रतीत होता है तो पुरानी दर 1200/- रू प्रति बस के मूल्य से ही अनिवार्य किया जाये।

### 88/8 का दुरुपयोग पर लगाया जाए जुर्माना

छत्तीसगढ़ राज्य में स्टेज कैरिज अर्थात मंज़िली गाड़ी का अस्तित्व समाप्त हो चुका है जिसका प्रमुख कारण ऑल इंडिया परमिट के तहत् गांव-गांव, शहर-शहर, कस्बा-कस्बा संचालित ऑल इंडिया परमिट की बसें हैं साथ ही धारा 88 की उपधारा 08 के तहत सीमित अवधि का शादी-विवाह, धार्मिक कार्य का स्पेशल परगिट लेकर बस संचालकों द्वारा स्टेज कैरिज के रूप में संचालन किया जा रहा है जिससे न केवल पूर्व से संचालित स्टेज कैरिज वस आपरेटरों से विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है बल्कि राज्य सरकार से करोड़ों रूपये के कर की चोरी भी हो रही है जबकि ऑल इंडिया एवं स्पेशल परमिट की तुलना में स्टेज कैरिज आपरेटर अधिक कर शासन को प्रतिमाह अदा करते हैं। इसलिये ऑल इंडिया परमिट की बसों को केवल जिला मुख्यालय से संचालन की अनुमति दी जाये 100 कि.मी. से कम का स्टापेज प्रतिबंधित किया जाये, ऑल इंडिया परमिटों की बसों में ओवरसीट का संचालन प्रतिबंधित किया जाये, धारा 88 की उपधारा 08 के विशेष परमिट को स्टेज कैरिज के रूप में संचालन करते पाये जाने पर 10,000/- रू प्रति सीट प्रतिमाह के आधार पर आर्थिक दंड अधिरोपित किया जाये या ऐसी बसों के राजसात का कानून पुनः बनाया जाये। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर किसी भिन्न आरटीओ कार्यालय से एनओसी लेकर किसी अन्य जिले में एराईवल कराने पर पुराना नंबर दूसरे जिले का होने के कारण संबंधित जिले के टोल टेक्स बेरियर द्वारा उन्हें अपने जिले का न मानकर टोल वसूली की जाए। आरटीओ कार्यालय से दूसरे जिले के आरटीओ कार्यालय में एराईल करते समय उसी जिले का पंजीयन कमांक प्रदान किया जाये जहां पर यात्री बसों का एराईवल हो रहा है।

इसलिये संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के बस स्टैंडों में केवल पेपरलेंस ऑनलाईन टिकिट काटने की अनुमति ही बुकिंग एजेंटों को दी जाये, बुकिंग एजेंटों के लिये मैनुअल टिकिट काटने की प्रथा समाप्त की जाये। सिटी बस का संचालन जिले वार अंतर्गत सिटी बसे जिले की अंतर्गत नगर निगम की सीमा के अंदर हो न कि एक जिले में दूसरे जिले तय किया जाये चूकिं स्टेज कैटियर बसों का संचालन किया जा रहा है उन बसों के रूट परमिट समय के साथ सिटी बसें का टकराव ना किया जाना चाहिये, सभी गाड़ियों का अस्थायी आनलॉईन परमिट बनाना चाहिए। स्पेयर परमिट जिसके पास एक दो तीन परमिट भी हो उनको भी प्राप्त होना चाहिये। शहरी मार्ग में कम से कम 10 मिनट के अंतराल व ग्रामीण क्षेत्र में 25 से 30 मिनट के अंतराल में ही परमिट जारी होना चाहिये।

### व्हील वेज को पूर्ण समाप्त किया जाए

व्हील वेज का जो कानून अभी वर्तमान में है उसे पूरी तरह से समाप्त करके एक नया कानून बनना चाहिए उसमें यह नियम प्रस्तावित होना चाहिए कि किसी की भी गाड़ी 60:, से ज्यादा ओवर हैंग नहीं होगी और होगी तो कहीं भी रजिस्टर्ड छत्तीसगढ़ के आरटीओ ऑफिस में नहीं होगी उसी के हिसाब से सीटिंग कैपेसिटी उसकी कारपेट एरिया के हिसाब से डिसाइड होगा यह नियम प्रकाशन दिनांक से एक माह के बाद से गाड़ियों पर लागू होगा ऐसा नियम बनाना चाहिए पुराने नियम को पूरा समाप्त करके क्योंकि पुरानी गाड़ियों में आज भी उतनी सीट नहीं लग पा रही है जितना बिल्वेश के आधार से सीटिंग कैपेसिटी बनाया गया है ज्ञापन में बताया गया है कि सेक्टर 27 में बाबू लोग बैठते हैं जो आवेदन लेते हैं और अधिकारी से हस्ताक्षर लेने के लिए इंद्रावती भवन अधिकारी के पास जाते हैं यह बहुत ही तकलीफ दायक कार्य है या तो अधिकारी सेक्टर 27 में बैठे या कर्मचारी इंद्रावती भवन में बैठे यह सबसे बड़ी समस्या हो गई है इसको भी सुधार किया जाए और अंत में लोकसभा विधानसभा निर्वाचन में जो गाड़ियां चली है 23 और 24 में उसका पेमेंट तत्काल होना चाहिए की मांग किया गया है।

# जिले में अब तक 12 हजार 323 बच्चों को कराया गया न्योता भोज, सामुदायिक भागीदारी को मिल रहा बढ़ावा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई है। बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए शुरू की गई इस योजना के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों एवं छात्रावासों में अब तक 134 न्योता भोज का आयोजन किया जा चुका है। इसके माध्यम से 12 हजार 323 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है। न्योता भोज में खीर, पूड़ी, मिठाई सहित तरह-तरह के पकवान परोसे जाते हैं।

### आदिवासी कन्या छात्रावास रामगढ़ से हुई इसकी शुरूआत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव के जन्मदिवस के अवसर पर जिले के ग्राम रामगढ़ स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में सबसे पहले न्योता भोज का आयोजन किया गया, जहां कलेक्टर ने बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन किया। इसी तरह ग्राम खेढ़ा में नव निर्मित आदिवासी कन्या आश्रम में 06 मार्च को न्योता भोज का आयोजन किया गया, इसमें मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर ने वहां बालिकाओं के साथ बैठकर भोजन किया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों और छात्रावासों में न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है।

### त्योहारों एवं विशेष अवसरों पर स्कूलों में करा सकते हैं न्योता भोज

न्योता भोज, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक भागीदरी से समृद्ध बनाने की एक अभिनव पहल है। कोई भी व्यक्ति या संगठन विभिन्न त्योहारों एवं अवसरों जैसे जन्मदिन, राष्ट्रीय पर्व आदि पर्व पर बच्चों के लिए भोज का आयोजन कर सकता है। इसमें न केवल भोजन बल्कि पूरक पोषण जैसे मिठाई, फल और अंकुरित अनाज का योगदान किया जा सकता है। इस पहल ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को न केवल स्वादिष्ट भोजन का आनंद दिलाया है, बल्कि उनके जीवन में खुशियों का नया अध्याय भी जोड़ा है।

## 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान अंतर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ




**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देशानुसार पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल दाउपारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल पथरिया, दशरंगपुर, बिरगांव और खम्हरिया में जिला ''बाल विवाह मुक्त भारत'' अभियान के तहत शपथ दिलाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तारकेश्वर सिन्हा ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई के साथ कानूनी अपराध भी है। बाल विवाह से जहां बालिकाओं एवं बालकों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है, वहीं बाल अधिकारों का हनन भी होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत विवाह हेतु बालिका की आयु 18 वर्ष व बालक की आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। विवाह हेतु निर्धारित उम्र से कम में होने पर बाल विवाह माना जायेगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती अंजूबाला शुक्ला ने बताया कि बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

# सभी घरेलू पशुओं में शतप्रतिशत टैंगिंग कार्य सुनिश्चित करें: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में पशु कल्याण एवं क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर राहुल देव ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के पालन प्रतिवेदन और समिति में प्राप्त राशि एवं उसकी उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने सभी घरेलू पशुओं में शतप्रतिशत टैंगिंग कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सड़क दुर्घटना में जनहानि और पशुहानि को कम करने के लिए रेडियम के माध्यम से सड़कों पर घुमन्तू एवं आवारा पशुओं की सुरक्षा हेतु उपाय किए जाने के संबंध में चर्चा की।

**मवेशी के कारण सड़क दुर्घटना में मालिक के विरूद्ध होगी कार्रवाई - एसपी**

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि जिले में सबसे ज्यादा दुर्घटना वाला क्षेत्र सरगांव और जरहागांव है। आवारा एवं घूमंतू मवेशियों के कारण दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो संबंधित मवेशी मालिक के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने पशु स्वामी से अपने मवेशी का टैगिंग कराकर सुरिक्षत रखने की अपील की। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने अभियान चलाकर कृत्रिम गर्भाधान के लिए लोगों को जागरूक करने और गौ सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

बैठक में पशु चिकित्सालय एवं पशु औषधालय (कुल 42 संस्थाओं) हेतु 01 लाख 08 हजार रुपये की प्लास्टिक चेयर प्रदाय करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। साथ ही 05 संस्थाओं के आवश्यक मरम्मत हेतु 01 लाख रुपए का प्रस्ताव पारित किया गया। पंजीयन शुल्क अगली बैठक तक यथावत रखने का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण में सरगांव एवं बरेला से करही सड़क मार्ग पर रेडियम के माध्यम से घुमन्तू एवं आवारा पशुओं की सुरक्षा हेतु उपाय किया जाना प्रस्तावित किया गया। बैठक में आवारा कुत्तों की जन्मदर नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका मुंगेली एवं पशुधन विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अन्य जिलों का भ्रमण कर बधियाकरण की विस्तृत कार्ययोजना बना कर बधियाकरण जल्द से जल्द करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी सी.के. घृतलहरे, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रवीण कुमार शुक्ला, समिति के सदस्य राम शरण यादव, प्रतिनिधि मोनू उपाध्याय, डॉ. नूतन पंचखांडे, डॉ. डी. के सारस्वत, डॉ. शत्रुहन सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में उपसंचालक एवं पशु कल्याण समिति के सचिव डॉ आर. एम. त्रिपाठी के द्वारा सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया गया।

# उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का समीक्षा बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड जैजैपुर में असाक्षरों को साक्षर बनाने हेतु उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सक्ती द्वारा कार्यालय विकासखण्ड साक्षरता मिशन समिति जैजैपुर को वर्ष 2024-25 में 2500 असाक्षरों को 250 स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाने हेतु लक्ष्य प्रदान किया गया है। इस हेतु विकासखण्ड जैजैपुर में 30 ग्राम पंचायतों का चयन कर यह लक्ष्य पूर्ण किया गया है। सर्वे में चिन्हांकित असाक्षरों को 200 घण्टे की पढ़ाई उल्लास साक्षरता केन्द्र में कराना है। कार्यक्रम के मूल्यांकन एवं समीक्षा हेतु बी.आर.सी. कार्यालय जैजैपुर के सभा कक्ष में ग्राम प्रभारियों का समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में चिन्हांकित 30 ग्राम पंचायत के प्रभारी उपस्थित रहे। विकासखण्ड परियोजना अधिकारी रामकुमार साहू (स.वि.ख.शि.अ.) ने सभी प्रभारियों की बैठक में परिचर्चा कर उल्लास साक्षरता केन्द्र की प्रगति एवं स्वयंसेवी शिक्षकों को अध्यापन कार्य में आ रही समस्याओं का निराकरण करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है जिसे हम सभी को मिलकर सफल बनाना है। साक्षरता केन्द्र का सतत् मूल्यांकन करने हेतु निर्देश दिया गया। राज्य स्तर एवं जिला स्तर से कभी भी उच्च अधिकारियों द्वारा उल्लास साक्षरता केन्द्र का औचक निरिक्षण किया जा सकता है अतः सभी केन्द्रों को सुव्यस्थित रखने एवं प्रतिदिन साक्षरता केन्द्र लगाने हेतु मार्गदर्शन किया गया। बैठक उपरांत स्वयंसेवी शिक्षकों एवं असाक्षरों हेतु पुस्तक कॉपी एवं लपेट श्यामपट का वितरण किया गया तथा अन्य पाठ्य सामाग्री उच्च कार्यालय से प्राप्त होने पर वितरण होने की जानकारी प्रदान की गई।

# पर्यावरण विभाग ने चांपा नपा को ठोका 9 करोड़ 90 लाख की पेनाल्टी

### शहर के नालियों के पानी को हसदेव में छोड़ने का मामला, एसटीएम प्लांट का काम अधर में, सीएमओ ले रहे हल्के में

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका की लापरवाही किस कदर चरम पर पहुंच गई है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पर्यावरण के फरमान को नजर अंदाज करते हुए शहर के नालियों का गंदा पानी सीधे हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। इसके लिए पर्यावरण विभाग ने सिर्फ 9 महीने का 9 करोड़ 90 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। जिसे तत्काल जमा करते हुए नाली के पानी को नदी में प्रवाहित न करने की हिदायत दी है।इसके बावजूद लगातार नाली के पानी को नदी में बहाया जा रहा है। नगर पालिका सीएमओ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनने के बाद इस समस्या से राहत मिलने का हवाला दे रहे है। जबकि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पिछले 4 सालों से प्रगति पर है।वहीं इसके तहत नदी किनारे बिछाई गई पाइप लाइन अपेक्षाकृत नहीं हैं। अभी से पाइप में कई जगह जाम की समस्या है। जब पूरे शहर के नालियों का पानी इस छोटे पाइप में प्रवाहित होगा तो निश्चित ही जगह-जगह जाम और पाइप फूटने की समस्या खड़ी हो जाएगी। फिर से नाली का पानी सीधे नदी में ही जाएगा। इधर पर्यावरण विभाग नाली का पानी नदी छोड़कर हसदेव को प्रदूषित करने के खिलाफ है। उन्होंने तीसरी बार अभी 26 नवंबर को लिखे अपने पत्र में अल्टीमेटम देते हुए नाली के पानी को फिल्टर किए बगैर सीधे नाली में छोड़ने के कारण 10 लाख रुपये प्रतिमाह की दर से 9 महीने का 9 करोड़ 90 लाख रूपए पेनाल्टी ठोका है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है यह राशि तत्काल जमा किया जाए अन्यथा नगर पालिका के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले भी पर्यावरण विभाग ने वर्ष 2021 में 2 और 2022 में एक पत्र लिखकर पेनाल्टी की यह राशि जमा करने को कहा था। लेकिन नगर पालिका ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। नगर पालिका ने निर्माणधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का हवाला देते हुए कुछ समय मांगा था लेकिन उसके अनुसार काम पूरा नही हो सका है। दूसरी ओर लोगों का कहना है सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जो पाइप बिछाई गई है वह काफी छोटी है जिसकी क्षमता शहर के सभी नालियों के पानी को अपने अंदर लेकर व्यवस्थित तरीके से ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुचाने की नही है। ठेकेदार तो 14 करोड़ के इस प्रोजेक्ट का काम करके निकल जायेगा लेकिन फिर से उसी प्रदूषित नदी का गंदा पानी जनता के नसीब में आएगा।

### इस गंभीर मसले में सीएमओ का हिला-हवाला

नाली के पानी को हसदेव नदी में छोड़ने के मामले में पर्यावरण विभाग से आए नोटिस को सीएमओ हल्के में ले रहे है। मीडिया ने जब उनसे इस संबंध में बात की तो वो गंभीर नजर नही आए बल्कि वो मेरे समय का मामला नही होने का हवाला देकर चलता कर दिया जबकि उनको पता होना चाहिए कि आज भी शहरवासी नाली के प्रदूषण युक्त हसदेव नदी के पानी मे निस्तार करने मजबूर है।

## कलेक्टर ने नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर किया नियुक्त



**सक्ति।** छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 13 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-सक्ती अमृत विकास तोपनो ने नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये हैं। जारी आदेश के तहत नगर पालिका परिषद सक्ती के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती अरुण कुमार सोम और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सक्ती संजय सिंह को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत नया बाराद्वार के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार नया बाराद्वार गरिमा मनहर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नया बाराद्वार लक्ष्मण सिंह को नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत जैजैपुर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार जैजैपुर लक्ष्मीकांत कोरी और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जैजैपुर योगेंद्र कुमार कर्ष को नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत अड़भार के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा रूपेंद्र पटेल और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगरपालिका अधिकारी अड़भार आनंद राय को नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत डभरा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डभरा बालेश्वर राम और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी डभरा तीजराम चौहान को नियुक्त किया गया है और नगर पंचायत चंद्रपुर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर प्रभारी तहसीलदार चंद्रपुर अनुराग भट्ट को और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रपुर रामसंजीवन को नियुक्त किया गया है।

## जिले के सभी धान उर्पाजन केंद्रो में पर्याप्त मात्रा में हैं बारदानों की उपलब्धता

**सक्ति।** कलेक्टर अमृत प्रकाश तोपनो द्वारा जिले में सुव्यवस्थित धान खरीदी करने तथा किसानों को धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश दिए गये हैं। जिला विपणन अधिकारी सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिला सक्ती में 52 लाख क्विंटल अनुमानित खरीदी होने की संभावना है, इस हेतु नये बारदाने 90 प्रतिशत आवश्यकतानुसार समस्त उपार्जन केन्द्रों में पहुँचा दिये गये है और साथ ही आगामी 15 दिवस की खरीदी के लिए पुराने बारदाने की व्यवस्था समस्त उपार्जन केन्द्रों में कर दी गई है। इस प्रकार जिले के सभी धान उर्पाजन केंद्रो में पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता हैं।

## विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल का आयोजन 03 दिसंबर को

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर के मार्गदर्शन में युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि युवा उत्सव विकासखण्ड, जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेल का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में 03 दिसंबर को सुबह 09 बजे से आयोजित किया जाएगा। युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष तक की आयु वर्ग के युवा विभिन्न विधाओं में भाग लेंगे। इनमें सामूहिक व व्यक्तिगत लोक नृत्य, सामूहिक व व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला, तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद, रॉक बैंड विधा को भी शामिल किया गया है। इसी तरह 09 से 18 वर्ष की महिला खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती, बास्केटबाल, फुटबाल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी का आयोजन किया जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जिला स्तर और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# जिले के किसान उत्साहपूर्वक धान उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे अपना धान विक्रय करने

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में सभी किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल तक कि धान खरीदी की जा रही हैं। जिससे जिले के किसान खुश हैं और वे उत्साहपूर्वक धान उपार्जन केंद्रों में अपना धान विक्रय करने पहुंच रहे हैं। डभरा विकासखण्ड क्षेत्र के निमोही ग्राम के निवासी किसान राजकुमार डडसेना धान खरीदी केन्द्र सिंघीतराई केन्द्र क्रमांक 1087 में 66 क्विंटल धान बेचने के लिए पहुंचे थें। किसान राजकुमार डडसेना ने कहा कि धान खरीदी केन्द्र सिंघीतराई में धान खरीदी की अच्छी व्यवस्था है किसानों के लिए सारी आवश्यक सुविधा उपलब्ध है। धान अच्छे से खरीदी केन्द्र में पहुंचते ही तौल हो गया, साथ ही साथ यहां पानी एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध है। साथ ही किसानो के बैठने के लिए छायादार किसान कुटीर भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि धान विक्रय में उपार्जन केंद्र के प्रभारी और कर्मचारीयों द्वारा बहुत ही अच्छे से सहयोग किया जा रहा है। इसके लिए किसान राजकुमार डडसेना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

# धान खरीदी: 09 हजार 559 किसानों को 92 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 105 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी व्यवस्थित रूप से जारी है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने सुव्यवस्थित धान खरीदी के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, उपार्जन केन्द्रों का लगातार मॉनिटरिंग करने और कोचियों-बिचैलियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 05 लाख 80 हजार 305 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। वहीं जिला सहकारी बैंक के माध्यम से 09 हजार 559 किसानों को 92 करोड़ 66 लाख 53 हजार रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

### वनांचल क्षेत्र के किसानों को धान बेचने में हो रही सुविधा

शासन-प्रशासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में की गई व्यवस्था से वनांचल क्षेत्र के किसानों को धान बेचने में सुविधा हो रही है। उन्हें आसानी से टोकन मिल रहा है। इससे पंजीकृत सभी बैगा किसानों में भी खुशी की लहर है। छपरवा खरीदी केन्द्र में धान बेचने आए किसान जोसेफ केरकेट्टा ने बताया कि वे 34 क्विंटल धान विक्रय करने आए है। खरीदी केन्द्र में अच्छी व्यवस्था है, ऑनलाईन टोकन कट रहा है। धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई है। इसके लिए उन्होंने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। बता दें कि खुड़िया समिति अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र में छपरवा में कुल 327 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 14 किसानों ने धान विक्रय किया है।

# महिलाओं से छत्तीसगढ़ में अरबो रुपए की धोखाधड़ी, शक्ति शहर में भी धड़ल्ले से चल रहा था कंपनी का दफ्तर

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न शहरों तथा ग्रामीण इलाकों में फ्लोरा मैक्स कंपनी ने हजारों महिलाओं को अपनी ठगी का शिकार बना लिया है, तथा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हजारों की संख्या में महिलाओं से अरबो रुपए की धोखाधड़ी की गई है, तथा इस मामले की शिकायत एक महिला ने पुलिस थाना चाम्पा में भी दर्ज कराई है,पुलिस ने कंपनी फ्लोरा मैक्स की महिला टीम लीडरों के पास से सात कार को जब्त किया है। कंपनी उक्त कार टीम लीडरों को दिया था, छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में महिलाओं को आय में बढ़ोत्तरी का झांसा देकर ठगी करने वाली कंपनी फ़्लोरा मैक्स की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है। नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस ने महिला टीम लीडरों के पास से सात कार को जब्त किया है। कंपनी उक्त कार टीम लीडरों को दिया था, फ़्लोरा का डायरेक्टर तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 37 हजार महिलाओं से ठगी में फ्लोरा मैक्स में खिलाफ एफआईआर में महिला टीम लीडर भी शामिल बताई जा रही है, एवं 37 हजार महिलाओं से करीब 150 करोड़ की ठगी हुई है।

## फ्लोरा मैक्स की शिकार महिलाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कहा कैसे भरेंगे बैंक की किस्त, छलक गये महिला के आंसू

इस मामले में पुलिस ने फ़्लोरा मैक्स के टॉप-10 टीम लीडर को गिरफ्तार किया है। इसमें सभी महिलाएं हैं। बताया जाता है कि फ़्लोरा मैक्स का डायरेक्टर महिलाओं को कार इसलिए दिया था कि वह इससे अलग-अलग क्षेत्रों में घूम सके और लोगों के बीच यह संदेश दे सके कि कंपनी बड़ी है और उनका निवेश सुरक्षित है। कंपनी महिला टीम लीडरों को कार देकर दूसरी महिलाओं के बीच यह ललक पैदा करना चाहती थी कि फ़्लोरा मैक्स से जुड़कर काम करने पर उन्हें भी कार मिल सकता है। इसके अलावा कंपनी इस कार में अपनी सामान भी बिक्री के लिए महिला टीम लीडरों के जरिए भेजती थी। ठगी का खुलासा होने के बाद महिला निवेशकों की परेशानी बढ़ गई है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि ठगी के इस घटना से वे कैसे उबरें। कंपनी में निवेश करने वाली ज्यादातर महिलाओं ने अलग-अलग माइक्रो फायनेंस कंपनियों से कर्ज लेकर इसमें निवेश किया है। अब कंपनी पर साजिश रचकर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है। इसके डायरेक्टर पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस ने कागजों में दर्ज कंपनी के असली डायरेक्टर राजू सिंह, केशियर मयाराम साहू को भी गिरफ्तार कर लिया है।ये महिलाएं पुलिस की गिरफ्त में पुलिस ने फ़्लोरा मैक्स से जुड़ी जिस टॉप-10 टीम लीडरों को गिरफ्तार किया है उसमें संतोषी साहू, सरिता वैष्णव, पूनम मुदलियार, सरोजनी वैष्णव, सरोजनी चंद्रा, गुड़िया सिंह, उमेश्वरी नायडू, हेमबाई यादव, कल्याणी नामदेव और हेमा ताड़िया शामिल है। फ्लोरा मैक्स की ठगी मामले में पुलिस थाना चाम्पा जिला जांजगीर चांपा में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें महिला ने बताया है कि मै ग्राम दारंग मे रहती हूं, घरेलू काम करती हूं चाम्पा स्थित फ्लोरा मेक्स कंपनी के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, नितिशा बघेल उपाध्यक्ष निवासी उरगा, राजू सिंह राजपूत, सचिव इमलीडूग्गू, गुड़िया देवी कोषाध्यक्ष इमलीडूग्गू एवं ईश्वर महंत केशियर लीमगांव जिला कोरबा द्वारा चाम्पा तथा आसपास के लोगो से नगदी रकम जमा कराकर सामान देने एवं प्रत्येक महिने 2700 रूपये देने का लालच देकर करीबन 380 महिलाएं से रकम जमा कराकर कार्यालय बंद कर भाग जाने एवं रकम वापस नही कर धोखाधडी करने के संबंध मे लिखित आवेदन प्रस्तुत करती हूं, कार्यवाही चाहती हूं।

## जिले में अब तक 18923 क्विंटल धान की हुई खरीदी,29 नवंबर के लिए 363 टोकन हुवे जारी



**सक्ति।** राज्य शासन के निर्देशन में प्रदेश में 14 नवंबर से धान खरीदी के महाअभियान की शुरुआत हो गई है। जिसके तहत सक्ती जिले में भी 14 नवंबर से धान खरीदी कार्य विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में सुव्यस्थित ढंग से किया जा रहा है। धान खरीदी कार्य अंतर्गत जिले में अब तक कुल 18923.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 28 नवंबर 2024 को शाम 5 बजे तक की स्थिति में जिले के धान खरीदी केंद्रों में मोटा धान 2797.60 क्विंटल और सरना धान 1574 क्विंटल इस प्रकार 28 नवंबर को कुल 4371.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसी क्रम में 29 नवंबर को धान खरीदी कार्य के लिए जिले में 363 टोकन जारी हुवे है, जिसके तहत धान खरीदी कार्य किया जाएगा।

# जिले में पंचायत एवं निकाय चुनाव की तैयारियां प्रारंभ

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1995 के नियम 20 तथा 21 (1) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-सक्ती अमृत विकास तोपनो ने जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य व जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये हैं। जारी आदेश के तहत जिला पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के लिए रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) अमृत विकास तोपनो तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नोडल अधिकारी जिला पंचायत बी.पी. भारद्वाज और डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार होंगे। इसी तरह जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य सरपंच एवं पंच के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार सक्ती रविशंकर राठौर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती प्रीति पवार और नायब तहसीलदार सक्ती जागृति होंगी। जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य सरपंच एवं पंच के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार मालखरौदा मनमोहन प्रताप सिंह तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मालखरौदा संदीप कश्यप और तहसीलदार छपोरा बिसाहीन चौहान होंगे। जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य सरपंच एवं पंच के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार डभरा संजय मिंज तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डभरा सी. के. आदिले और नायब तहसीलदार डभरा आशीष पटेल होंगे। जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य सरपंच एवं पंच के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार जैजैपुर एन.के. सिन्हा तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर वर्षा रानी चिकनजूरी और नायब तहसीलदार हसौद भीष्म पटेल होंगे।

# आयुर्वेद केवल ईलाज प्रक्रिया नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है : डॉ. रमन

## विधानसभा अध्यक्ष मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव शहर के मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं गुरू घासीदास भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 75 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं 10 लाख रूपए की लागत से गुरू घासीदास भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 37.17 लाख रूपए की लागत से बने हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया में येलोपैथी से हटकर आयुर्वेद और योगा की बड़ी मान्यता है। पहले बड़ी संख्या में लोग ईलाज के लिए केरल, बैंगलोर और हैदराबाद में पंचकर्म कराने के लिए जाते थे। उन्होंने कहा कि आज पंचकर्म की सर्वसुविधा यहां उसी पद्धति से चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है। पंचकर्म के माध्यम से सभी प्रकार की बीमारियों का ईलाज किया जाता है। आयुर्वेद में केवल ईलाज




प्रक्रिया नहीं है, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है। इसमें सभी प्रकार की दिनचर्या या ऋतुचर्या, योग, प्राणायाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं आयुर्वेद के चिकित्सक है और जीवन की शुरूआत इसी से की। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में आयुष विभाग का गठन किया और आज छोटे-छोटे स्थानों में इस प्रकार के शिविर लग रहे हैं। आयुर्वेद के तहत शत-प्रतिशत गारंटी के साथ बिना किसी रियेक्शन एवं एलर्जी के यहां पर ईलाज की व्यवस्था होती है।

### लाखों की स्वीकृतियाँ, जल्द काम होंगे

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि 25 लाख रूपए की लागत से मोतीपुर रेल्वे क्रांसिंग से लेकर मुक्ति धाम तक डामरीकरण, वार्ड नंबर 3 में मंगल भवन के लिए 25 लाख रूपए, बड़े तालाब के किनारे नाली निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, सड़क किनारे पेवर ब्लॉक के लिए 11 लाख 50 हजार रूपए, फुलवारी पारा में नाली निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, वार्ड नंबर 8 की गलियों में सीसीरोड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, मुक्ति धान में नाली निर्माण के लिए 38 लाख रूपए, मुक्ति धाम में बाउंड्री निर्माण के लिए 18 लाख रूपए और वार्ड नंबर 3 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।

### मधु ने भवन के लिए मांग रखी

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि शासन का प्रयास आम जन को स्वस्थ रखना है और इसके लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार दोनों ही संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आयुष को एक अलग मंत्रालय के रूप में बनाया गया और इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी आ रही है। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की मांग भी रखी। इससे पहले जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करने के साथ विभागीय प्रतिवेदन का वाचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने योग नृत्य का प्रदर्शन भी किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, खुबचंद पारख, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत, पार्षद शिव वर्मा, किशुन यद्दु, कमलेश बंधे, श्रीमती रंजू मदन यादव, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# आयुष्मान कार्ड सभी नागरिकों के बनाकर देने प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर और लोक सेवा केन्द्रो में व्यापक अभियान के निर्देश



## 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें 5 लाख तक का स्वास्थ्य कवर देने तेजी से कार्य करे

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन के चतुर्थ तल पर डाटा सेंटर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्र सरकार की अभिनव लोकस्वास्थ्य हितकारी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाकर देने जोनों एवं वार्डो में शिविर के माध्यम से किये जा रहे कार्य को लोकहित की दृष्टि से अभियान के तौर पर करने के निर्देश दिए है। चिप्स के नोडल अधिकारी एवं रायपुर जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, नगर निगम रायपुर के कंप्यूटर प्रोग्रामर राधेश्याम एक्का, एनयूएलएम की मिशन प्रबंधक सुषमा मिश्रा की उपस्थिति में सभी लोक सेवा केन्द्रो में आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाकर सभी नागरिकों को शहर में देने का कार्य अभियान के रूप में करने के निर्देश दिए है। केन्द्र सरकार के निर्णय के अनुसार 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें 5 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य कवर देने की अभिनव स्वास्थ्य हितेषी योजना का अभियान पूर्वक तेजी से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए है। निर्देश दिए गए है कि आयुष्मान कार्ड बनाकर देने की योजना से शहर क्षेत्र का कोई भी नागरिक छूटने ना पाए इस हेतु सभी वार्डो एवं जोनों में नोडल अधिकारी बनाये जाएँ एवं एनयूएलएम के माध्यम से मितानिनों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं के सहयोग से घर-घर सर्वे अभियान चलाया जाये जिससे कि कोई भी नागरिक आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने से छूटने ना पाए।

# विधायक सिन्हा ने किया 'शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर' का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत महासमुंद जिले के शहरी क्षेत्र में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नयापारा के तहत नवनिर्मित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ मंगलवार को स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, पार्षद उर्मिला विजय और अन्य पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया साथ नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसके संचालन में स्थानीय नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम






से शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाने की दिशा में हम एक कदम और बढ़ चुके हैं। इससे न केवल नागरिकों को त्वरित इलाज मिलेगा, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी उन्हें आसानी से मिलेगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिरूध्द कसार, जिला प्रबंधक-शहरी राहुल कुमार ठाकुर, अनुपम शर्मा, जिला सलाहकार, तेजस राठौर एफ.एल.ओ., लेखराज ठाकुर उपअभियंता सीजीएमएससी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने बताया कि हमर शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य पहलुओं जैसे की संक्रमण नियंत्रण, टीकाकरण अभियान और महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य योजनाओं पर काम किया जाएगा। शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर महासमुंद शहर के प्रमुख इलाकों मौहारीभांठा, गुडरूपारा, कुम्हारपारा और पिटियाझर में स्थापित किया गया है। इन स्वास्थ्य केंद्रों का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाना है। इससे विशेष रूप से शहरी गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी, जो पहले दूरदराज के अस्पतालों तक पहुंचने में सक्षम नहीं होते थे। क्लिनिक में शहरी क्षेत्र के नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच, मातृ और शिशु स्वास्थ्य, दवाइयां और उपचार की सेवाएं मिलेगी तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी भी मिलेगी।

# बालको अस्पताल ने बीएमसी के सहयोग से लगाया निःशुल्क कैंसर जांच शिविर





पायनियर संवाददाता ◀ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

बालको अस्पताल ने बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) के सहयोग से समुदाय के लिए निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। कैंसर विशेषज्ञ के नेतृत्व में विभिन्न सत्रों का आयोजन तथा ओपीडी एवं मोबाइल कैंसर जांच वैन के माध्यम से स्क्रीनिंग की गई। इस अभियान के माध्यम से समुदाय में कैंसर संबंधित बीमारी के शीघ्र पहचान के बारे में जागरूकता बढ़ाई गई। कैंसर शिविर में 140 से अधिक समुदाय के सदस्यों एवं बालको कर्मचारियों ने परामर्श लिया। इन्हीं में से 33 लोगों की वैन की मदद से स्क्रीनिंग की गई। तीन दिवसीय कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर में विभिन्न प्रकार के कैंसर स्तन, गर्भाशय सर्वाइकल, सिर एवं गर्दन के कैंसर की जांच तथा विशेषज्ञ परामर्श दी गई। मोबाइल कैंसर वैन में मैमोग्राफी, पैप स्मीयर टेस्ट, ब्रश साइटोलॉजी, एफएनएसी, वीआईए परीक्षण की सेवाएँ प्रदान करती है। जरूरत पड़ने मरीज को बालको मेडिकल सेंटर में रेफर करने की सुविधा। इसके साथ ही बीएमसी ने पिछले महीने स्तन कैंसर जागरुकता माह के दौरान शर्म छोड़ो, गाँठों पर बोलो थीम पर व्यापक अभियान चलाया। जिसका लक्ष्य स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाना तथा इस बीमारी से जुड़े कलंक को हटाना। बीएमसी का उदेश्य लोगों को कैंसर रोग के प्रति जागरूक तथा इसकी रोकथाम व जांच हेतु विभिन्न उपायों को प्रोत्साहन दिया जाए।

# बालक देखरेख संस्था में निवासरत् बालको को मिला परिवार



पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशन में बाल कल्याण समिति के आदेश से जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था में निवासरत दो बालक में से एक बालक को पालन-पोषण देखेरख परिवार जिला दुर्ग, एवं दूसरे बालक को पालन-पोषण देखेरख परिवार जिला रायपुर तथा बालिका गृह कोरबा में निवासरत एक बालिका को पालन-पोषण देखेरख परिवार जिला कांकेर को नियमानुसार अस्थायी आदेश पर सपुर्द किया गया। जिसमे परिवार का आवेदन, आवश्यक दस्तावेज पुलिस सत्यापन रिपोर्ट, चिकित्सा रिपोर्ट, आय प्रमाण पत्र एवं गृह अध्ययन रिपोर्ट आदि का अवलोकन किया गया। बच्चों के उनके पालन-पोषण परिवार के साथ समन्वय हेतु मैचिंग प्रक्रिया करायी गयी। जिसमें बालक एवं पालक को एक दूसरे को समझने का अवसर प्राप्त हुआ एवं बच्चों द्वारा भावी पालन-पोषण देखेरख परिवार के साथ उनके घर जाने की इच्छा जाहिर की गयी और परिवार द्वारा भी बच्चों को अपने गृह जिला निवास ले जाने हेतु सहमति पर बाल कल्याण समिति द्वारा अस्थायी आदेश जारी किया गया। उक्त कार्यवाही में अनिता अग्रवाल जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा, यूनसेफ रायपुर से चेतना देसाई चाईल्ड प्रोटेक्शन स्पेशिलस्ट, सुश्री स्नेहिल कंसल्टेन्ट यूनीसेफ, अभिषेक त्रिपाठी सोशियल बिहेवियर चेन्ज यूनीसेफ, सोना बर्मन राज्य कार्यक्रम अधिकारी रायपुर, सुश्री सविता साव जिला कार्यक्रम अधिकारी रायगढ़, देवेन्द्र कुमार कर्ष जिला कार्यक्रम अधिकारी रायपुर, गजेन्द्र सिंह जायसवाल जिला बाल संरक्षण अधिकारी, पूजा तिवारी संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख, प्रजेश कुमार शर्मा परामर्शदाता, धीरज राठौर डाटा एनालिस्ट, अमित भोई आउटरिच वर्कर, निर्भय सिंह समन्वयक चाईल्ड लाईन, शिवनंदन सिंह मरकाम आउटरिच वर्कर, मनीष कुमार लाल संस्था अधीक्षक, नरेन्द्र कुमार चंद्रा संस्था परामर्शदाता का विशेष सहयोग रहा।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से सामाजिक अंधविश्वास हटेंगे : डॉ. दिनेश मिश्र

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

किसी भी व्यक्ति को बचपन से ही अक्षर ज्ञान के साथ सामाजिक अंधविश्वासों व कुरीतियों के संबंध में सचेत किया जाना चाहिए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से विभिन्न अंधविश्वासों व कुरीतियों का निर्मूलन संभव है, व्यक्ति को अपनी असफलता का दोष ग्रह-नक्षत्रों पर न थोपने की बजाय स्वयं की खामियों पर विश्लेषण करना चाहिए। उक्त विचार अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय कसडोल द्वारा आयोजित व्याख्यान में व्यक्त किये। डॉ. मिश्र ने अंधविश्वास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आयोजित कार्यक्रम पर कहा हमारे देश के विशाल स्वरूप में अनेक जाति, धर्म के लोग हैं जिनकी परंपराएँ व आस्था भी भिन्न-भिन्न है। लेकिन धीरे धीरे कुछ परंपराएँ, अंधविश्वासों के रूप में बदल गई है। इसके कारण आम लोगों को न केवल शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ता है बल्कि ठगी का शिकार होना पड़ता है। कुछ चालाक लोग आम लोगों के मन में बसे अंधविश्वासों, अशिक्षा व आस्था का दोहन कर ठगते हैं। उन अंधविश्वासों व कुरीतियों से लोगों को होने वाली परेशानियों व नुकसान के संबंध में समझा कर ऐसे




शासकीय महाविद्यालय कसडोल में व्याख्यान

कुरीतियों का परित्याग किया जा सकता है। विभिन्न सामाजिक व चिकित्सा के संबंध में व्याप्त अंधविश्वासों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा देश के विभिन्न प्रदेशों में अनेक प्रकार के अंधविश्वास प्रचलित हैं जो न केवल समाज की प्रगति में बाधक हैं बल्कि आम व्यक्ति के भ्रम को बढ़ाते हैं, उसके मन की शंका-कुशंका में वृद्धि करते हैं। डॉ. मिश्र ने कहा छत्तीसगढ़ में टोनही के नाम पर महिला प्रताड़ना की घटनाएँ आम है जिनमें किसी महिला को जादू-टोना करके नुकसान पहुँचाने के संदेह में मारपीट और हत्या तक कर दी जाती है। जबकि कोई नारी टोनही या डायन नहीं हो सकती, उसमें ऐसी कोई शक्ति नहीं होती जिससे वह किसी व्यक्ति, बच्चों या गाँव का नुकसान कर सके। जादू-टोने के आरोप में महिला प्रताड़ना रोकना आवश्यक है। अंधविश्वासों के कारण होने वाली टोनही प्रताड़ना/बलि प्रथा,तथा सामाजिक बहिष्कार जैसी घटनाओं से भी मानव अधिकारों का हनन हो रहा है। अंधविश्वासों एवं सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन के लिये प्रदेश में पिछले 29 वर्षों से कोई नारी टोनही नहीं अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. मिश्र ने कहा कि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास अतिआवश्यक है। कई बार लोग चमत्कारिक सफलता प्राप्त करने की उम्मीद में ठगी के शिकार हो जाते हैं, जबकि किसी भी परीक्षा, साक्षात्कार, नौकरी प्रमोशन के लिए कठोर परिश्रम व सुनियोजित तैयारी आवश्यक है। तुरन्त सफलता के लिए किसी चमत्कारिक अँगूठी, ताबीज, तंत्र-मंत्र कथित बाबाओं के चक्कर में फंसने की बजाय परिश्रम का रास्ता अपनाना ही उचित है। उन्होंने कहा समाज में जादू-टोना, टोनही आदि के संबंध में भ्रामक धारणाएँ काल्पनिक है, जिनका कोई प्रमाण नहीं है। पहले बीमारियों के उपचार के लिए चिकित्सा सुविधाएँ न होने से लोगों के पास झाड़-फूंक व चमत्कारिक उपचार ही एकमात्र रास्ता था, लेकिन चिकित्सा विज्ञान के बढ़ते कदमों व अनुसंधानों ने कई बीमारियों, संक्रामकों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है तथा कई बीमारियों के उपचार की आधुनिक विधियाँ खोजी जा रही है। बीमारियों के सही उपचार के लिए झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र की बजाय प्रशिक्षित चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। कोरोना काल में भी आधुनिक चिकित्सा के सहयोग से महामारी पर नियंत्रण पाया जा रहा है। डॉ मिश्र ने कहा आमतौर पर अंधविश्वासों के कारण होने वाली घटनाओं की शिकार महिलाएँ ही होती है। अपनी सरल प्रवृत्ति के कारण से सहज ही चमत्कारिक दिखाई देने वाली घटनाओं व अफ्वाहों पर विश्वास कर लेती है व ठगी व प्रताडना की शिकार होती है, जिससे भगवान दिखाने के नाम पर रूपये, गहने दुगुना करने के नाम पर ठगी की जाती है। अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन व सामाजिक जागरण में अपना अमूल्य योगदान विद्यार्थी एवं स्थानीय ग्रामीण भी दे सकते हैं।

# हमारी प्राथमिकता मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : मनोज पिंगुआ



पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा.चिकित्सालय रायगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न वार्डो का निरीक्षण करते हुए सिकल सेल यूनिट संचालन की जानकारी ली। साथ ही चिल्ड्रन वार्ड, मेजर ओटी का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने नेत्र जांच विभाग एवं सर्जरी वार्ड का निरीक्षण किया। डीन मेडिकल कालेज डॉ.विनीत कुमार जैन ने वार्ड में बेड एवं स्टाफ कमी की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर समस्याओं को अतिशीघ्र दूर करने एवं सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान की सुविधा अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर है। वहीं परिजनों के रूकने की व्यवस्था नहीं है, इसके लिए कार्य किया जाएगा। अस्पताल में जो भी कमियां नजर आयी है उसे दूर किया जाएगा।

**कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (भ/स) सुकमा संभाग, सुकमा**

**// मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक -3677/NIT-05/2024-2025/ व ले लि    दिनांक : 26/11/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः 09.12.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 16-12-2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा खोलने की तिथिः 17-12-2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में): T0026 TO T0031 - 1500.00
एस.ओ.आर.- The Rates and Specification are based as per Road/Bridge/Culvert SOR issued CGRRDA 2018
कार्य की अवधिः- Period fiy Months From Reckoned Date

| एनआईटी क्र. निविदा क्रं. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि (रू.मे) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 05 T0026 | सामसुली -डोंगीनपारा मार्ग में परिया नाला पर 8 मी. × 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट -1 जिला सुकमा (1st Call) | 36.81 28000.00 555000.00 |
| 05 T0027 | सामसुली - डोंगीनपारा मार्ग में परिया नाला पर 8 मी. म 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट - 2 जिला सुकमा (1st Call) | 43.62 32800.00 654300.00 |
| 05 T0028 | सामसुली - डॉगीनपारा मागे में परिया नाला पर 8 मी. 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट - 3 जिला सुकमा (1st Call) | 30.54 23000.00 458500.00 |
| 05 T0029 | बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. म 3 स्पान माइनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग - 01) (1st Call) | 36.81 28000.00 555000.00 |
| 05 T0030 | बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. म 3 स्पान माइनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग - 02) (1st Call) | 43.62 32800.00 654300.00 |
| 05 T0031 | बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. × 3 स्पान माइनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग - 03) (1st Call) | 30.54 23000.00 458500.00 |

**निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।**
**शर्तेः-** 1. वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 2. शपथ पत्र 3. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, 4. पैन कार्ड, 5. आधार कार्ड, 6. वैध बैंक साल्वेंसी, 7. ठेकेदारों के द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि प्रमाण पत्र (E.P.F.) 8. आयकर चुकता प्रमाण/वाणिज्यकर कार्यालय में जी.एस.टी. पंजीयन व कर चुकता प्रमाण पत्र (विगत त्रैमास/माह) सभी संबंधित दस्तावेज स्वंय के नाम पर पंजीकृत हो प्रस्तुत करना अनिवार्य है न होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा 9. टी.डी.आर./एफडी.आर. फोटोकापी होने की स्थिति में अनर्ह माना जावेगा।
(D) Financial offer. (E) Bid capacity (Appendi& v), information in Anne&ure 1. 6 SPECIAL CONDITIONS OF N.I.T.19(A)-(FOR TENDER value less than Rs, one crore) (F) E&isting commitments and ongoing all ellises of civil engineer-ing construction works, by the Prime Contractor information in Anne&ure 2 (G) Affidavit inrescribed format Anne&ure x attached in N.I.T. Documents

जी-242504124/4

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा संभाग सुकमा

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

न्या.कले. का रा.प.के. 202410200100020/ अ-19(1)/2024-25
मौजा-बडेकनेरा, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोतीराम पिता सोनधर जाति गांडा निवासी ग्राम बडेकनरा तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम बडेकनेरा प.ह.नं.-28 तहसील कोण्डागांव में स्थित खसरा नंबर 284/5, 284/6, 635/119 रकबा 0.121, 0.081, 0.121 कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.323 हे. भूमि शासकीय पट्टे के अंतर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया गया है, को आबंटन पश्चात् 20 वर्ष पूर्ण होने से छत्तीसगढ़ नगरेत्तर क्षेत्रों में स्थित शासकीय पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम, 2023 के प्रावधानों के तहत् उपरोक्त भूमि का भूमिस्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला कोण्डागांव को प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण शीर्ष अ-19 (1) में दर्ज कर जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथि 05.12.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया

**पेशी तिथि- 05.12.2024**
**जारी तिथि- 19.11.2024**

मुहर
नायब तहसीलदार
कोण्डागांव

**कार्या. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

क्रमांक /1296/वा.-1/अविअ./2024    महासमुंद, दिनांक 29/11/2024
ग्राम-अछोली, प.ह.नं. 31

आवेदक जयंत पिता तिलक, जाति कुर्मी
निवासी ग्राम अछोली
तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.)
विरूद्ध.............................आवेदक
छ.ग. शासन....................अनावेदक

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण **ग्राम-अछोली, प.ह.नं. 31** तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जयंत पिता तिलक, जाति कुर्मी निवासी ग्राम अछोली तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा ग्राम अछोली, प.ह.नं. 31 तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 688/1 रकबा 2.010 हेक्टे. में से 0.60 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद औद्यौगिक प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन करानेआवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अत एव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
महासमुन्द

**शपथ पत्र**

मैं विरेन्द्र कुमार टण्डन उम्र 42 वर्ष पिता कालिका प्रसाद जाति सूर्यवंशी साकिन देवरी थाना शिवरीनारायण तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का निवासी हूँ। जो कि निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ :-
1. यह की मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री सानिया टण्डन पिता विरेन्द्र कुमार टण्डन का जन्म दिनांक 05/06/2014 को ग्राम देवरी में हो चुकि है। तथा उनका जन्म प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत देवरी ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जारी किया गया है जिसका पुस्तक कमांक 456 अनुक्रमांक 10 रजिस्ट्रिकरण संख्या 10 रजिस्ट्रिकरण दिनांक 18/04/2016 है।
3. यह कि मेरी उक्त पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र ऑफ्लाइन बना हुआ है चुकि वर्तमान समय मे सभी स्थानो पर जन्म प्रमाण पत्र ऑनलाइन मांगा जा रहा है इसलिए उक्त जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाइन दर्ज कर दूसरा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जावे।
4. यह कि मैं यह शपथपत्र अपने पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाइन कराने के समर्थन मे यह शपथपत्र निष्पादित कर रहा हूँ जिसी समस्त दायित्व मेरी स्वयं की होगी।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं विरेन्द्र कुमार टण्डन उम्र 42 वर्ष पिता कालिका प्रसाद सत्यापित करता हूं। की शपथपत्र कि कंडिका 1. से लेकर 4. तक कि लिखी बाते मेरी स्वतः कि ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है जिसे स्थान पामगढ़ दिनांक 23/11/2024 को लिखा पर कर सुन व समझकर सत्यापित किया।
**स्थान - पामगढ़**
**दिनांक -23/11/2024**

सत्यापनकर्ता

**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा. प्र. क. अ...... /2023-24

ग्राम सिंगारपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋतुराज आ. कृष्ण कुमार जाति ब्राम्हण निवासी सिंगारपुर तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम सिंगारपुर हल्का नं..... तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 31/1 का टुकड़ा रकबा 0.25 ए. फौती / नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं वा अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 04/12/2027 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/24 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

# डॉ. रमन का महापौर के दावेदार की ओर इशारा, हलचल बढ़ी



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा से महापौर के दावेदारों को लेकर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नया राग छेड़ दिया है। मोतीपुर में मंच पर मौजूद शहर के नेताओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा- देख लीजिये ये जो मंच पर हैं, ये हीं आने वाले समय के महापौर और पार्षद हैं। डॉ. रमन के इस बयान से मौके पर मौजूद सभी नेता एक दूसरे की ओर देखने लगे. वरिष्ठ नेताओं से लेकर निगम पार्षद तक मंच पर ही थे। विस स्पीकर ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक चातुर्य से पार्टी नेताओं में खलबली मचा दी है। सभी इस उलझन में हैं कि आखिर डॉक्टर साहब का इशारा किस ओर था. इस पहेली का सवाल बूझने में सभी जुटे हुए हैं। ये भी कि डॉ. रमन ने इस बयान के साथ ही अब निगम चुनाव में दावेदारियों और तैयारियों को हवा दे दी है। इस वाक्ये के बाद अब निगम चुनाव को लेकर माहौल गर्म हो गया है। दबी जुबान चल रही लॉबिंग और दावेदारियों खुल कर जल्द ही सामने आने लगेंगी।

# ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान के तहत ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण अंर्तगत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा ग्रामीण युवाओं के लिए फलों एवं सब्जियों के कटाई पश्चात प्रसंस्करण व पैकेजिंग विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर उनके कौशल का विकास करना था। प्रशिक्षण में 28 युवाओं को फलों एवं सब्जियों के कटाई पश्चात प्रसंस्करण व पैकेजिंग एवं उसके प्रसंस्कृत पदार्थ तैयार करने की विधि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने युवाओं को जैम, जैली, आचार, पापड़, बड़ी, मशरूम पकोड़ा एवं अन्य व्यंजन बनाने की प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। केन्द्र के वैज्ञानिक अंजली घृतलहरे, डॉ. नूतन रामटेके, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास द्वारा युवाओं को फ्रोजन मटर बनाने की प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, मनीष सिंह, आशीष शुक्ला, जितेन्द्र कुमार मेश्राम द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

# पोखरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पोखरा में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण उद्योग, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं से संबंधित 351 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। शिविर में विधायक एवं कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया।

# शराब की अवैध बिक्री करते हुए आरोपी पकड़ा गया

पायनियर संवाददाता ‹ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

अवैध शराब विक्रय करते पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी आरके सिन्हा ने बताया कि अमले द्वारा दुकान, होटल, ढाबों तथा मुख्य एवं अवैध शराब के पारम्परिक मार्ग एवं संदिग्ध जगहों में लगातार गश्त की जा रही है। विभाग ने अवैध शराब की बिक्री की शिकायत पर कार्रवाई कर 20 नग देशी मंदिरा प्लेन शोले की जब्ती बनायी है। उन्होंने बताया कि विभाग जिले के खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम मुढ़ीपार में लगातार अवैध शराब बिक्री की शिकायत आ रही थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए ग्राम मुढ़ीपार निवासी मन्नू पिता दशरथ से 20 नग देशी मंदिरा प्लेन शोले बरामद की गई है, जिकी कुल मात्रा 3.780 लीटर है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धरा 34 ख के तहत कार्रवाई की गई है। उपनिरीक्षक विजेन्द्र कुमार टंडन ने बताया कि नवंबर–2024 माह में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अब तक 19 प्रकरण दर्ज कर चुके है। इस दौरान कुल 169ण740 बल्क लीटर मंदिरा एवं महुआ लाहन 360 किग्रा आबकारी वृत्त खैरागढ़–छुईखदान–गंडई द्वारा जब्त की गई है।

# वीआईपी कल्चर से नहीं अपितु एकदम सादगी के माहौल में हुआ पुस्तक का विमोचन

पायनियर संवाददाता ‹ पामगढ़
www.dailypioneer.com

पामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम पंचायत हिर्री के रहवासी एम बी बलवंत सिंह खन्ना द्वारा लिखित पहली किताब 'है, तो है' का विमोचन किया गया। विमोचन किसी प्रशासनिक अधिकारी या राजनैतिक हस्ती के द्वारा वीआईपी कल्चर में न होकर एकदम सादगीपूर्ण तरीके से सामान्य माहौल में लेखक के गुरुजनों और परिवार के आशीर्वाद से हुआ। इस अवसर पर लेखक के प्राथमिक शाला के गुरु रामखिलावन दिनकर, माध्यमिक शाला के गुरु रामजी खरे और हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के गुरु नरेंद्र पाण्डेय ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस दिन को महत्वपूर्ण और विशेष बना दिया। पुस्तक के विमोचन के बाद, लेखक ने अपने पहले गुरु के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'मेरे जीवन के पहले गुरु, जिन्होंने मुझे अ से अनार और जीवन के कई महत्वपूर्ण नैतिक पहलुओं का ज्ञान दिया, उनके आशीर्वाद के कारण ही मैं आज इस किताब को लिखने में सक्षम हो पाया हूं।' उन्होंने आगे कहा कि 'जीवन में आपके पास कुछ कम है तो दुखी नहीं होना है, और अगर जरूरत से ज्यादा है तो घमंड भी नहीं करना है' यही इस किताब में बताने का प्रयास किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में अनेक उतार-चढ़ावों से गुजरते हुए, हमें निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। बिना द्वेष, बिना ईर्षा और बिना लालच के निरंतर आगे बढ़ते रहना ही जीवन का असली अर्थ है। इसके लिए एक सच्चे गुरु का मार्गदर्शन और सही शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। लेखक ने अपनी माँ का भी विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके पालन-पोषण, शिक्षा और सतत मार्गदर्शन से जीवन में सकारात्मक सोच विकसित करने की उन्हें प्रेरणा मिली। किताब का मुख्य उद्देश्य अपने सिद्धांतों पर दृढ़ रहना और अपनी वास्तविकता को अपने व्यक्तित्व और आचरण में समाहित करना है। 'है, तो है' इस विचार को ही व्यक्त करती है और यह पुस्तक कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक विचारों और ऊर्जा के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना कर पाने की हर किसी को प्रेरणा देती है। लेखक ने आगे बताया कि इस पुस्तक के बाद उनकी दूसरी किताब 'बड़ा शहर और मैं' अगले साल प्रकाशित होने वाली है, जिसे लेकर वे अत्यंत उत्साहित हैं। विमोचन में मुख्य अतिथि रहे नरेंद्र पाण्डेय ने स्कूल के दिनों को याद करते हुए कहा कि बलवंत मेरे स्कूल में 2005 से 2007 तक ग्यारहवीं और बारहवीं की पढ़ाई पूर्ण किया उस दौरान से मैं उसके संघर्षों को देखते आ रहा हूँ। बलवंत एवरेज स्टूडेंट से थोड़ा ही ऊपर रहा लेकिन जिस तरीके से एक गाँव से निकल कर राजधानी में जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण किया और केवल शिक्षा ही नहीं ग्रहण किया अपितु अनेक पदो पर कार्यरत रहा। उन्होंने आगे कहा कि बलवंत ने अभी पहली किताब अवश्य लिखा उसके लिए मैं बलवंत को शुभकामनाएं देता हूँ लेकिन मैं हमेशा ही बलवंत द्वारा लिखे लेखों को पढ़ता रहा हूं और उसके हर लेखन में मुझे गाँव की खुशबू, गाँव की झलक और पूरी तरह से ग्रामीण परिवेश दिखायी दिया है, यही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। आप कहीं भी जाओ और जीवन के किसी भी क्षेत्र में कार्य करो, लेकिन अपनी जड़ों से मत कटो, जहाँ से निकलकर आगे बढ़े हो, उसको हमेशा सम्मान दो।



लेखक के प्राथमिक शाला के शिक्षक रहे रामखिलावन दिनकर ने लेखक के प्राथमिक शाला के दिनों को याद करते हुए कहा कि शिक्षक के रूप में मेरी पहली पदस्थापना इसी गाँव में हुई, जहाँ मैंने कई वर्षो तक सेवा दिया। उसी बीच बलवंत को भी मैंने कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक पढ़ाया है। मुझे बेहद खुशी और गर्व का अहसास हो रहा है कि आज बलवंत ने अपने अनुभवों के आधार पर एक किताब का लेखन किया है और सबसे बड़ी खुशी की बात है कि उस किताब का विमोचन आज अपने स्कूल में अपपनी माँ और अपने गुरुजनों के हाथों करवाया।

# गेहूं बोने वाले किसान करें फिटकरी का प्रयोग : अशोक चौधरी

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों ने खेतों में सुप्त अवस्था में पड़े हुए रसायनिक खाद को सक्रिय करने के लिए नया शोध किया है। जिसमें बताया गया है कि गेहूं की फसल में 1 से 2 किलो फिटकरी का छिड़काव करने से जमीन में जो फर्टिलाइजर सुषुप्त अवस्था में पड़ा हुआ है वह पौधों की जड़ों के माध्यम से फसल को प्राप्त हो सकता है।

किसान अशोक चौधरी ने बताया कि प्रथम सिंचाई के समय फिटकरी के डल्ले को पाइप के पास जहां से पानी निकलता है वहां पर एक कपड़े में बांधकर रख देना है जो पानी के साथ में घुलकर खेतों में पहुंच जाएगा और पौधों की जड़ों में पहुंचने के साथ जो रासायनिक खाद जमीन में जमा है वह सक्रिय होकर पौधों को जड़ों के माध्यम से मिल जाएगा। किसान भाई याद रखें कि फिटकरी जमीन में ही जाना चाहिए। किसान भाई यदि घोल बनाकर स्प्रेयर के माध्यम से अथवा स्प्रिंकलर के माध्यम से पौधों के पत्तों पर डालेंगे तो फसल जल जाएगी। इसलिए 2 किलो फिटकरी को पीसकर गेहूं बुवाई के पहले खेतों में छिड़काव कर दें अथवा पहली सिंचाई में पानी के माध्यम से पौधों की जड़ों में सिंचाई कर दें। इसका बहुत अच्छा परिणाम फसल उत्पादन में आएगा ऐसा गेहूं अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया है।

2 किलो फिटकरी का दाम 100रूपये के आसपास बनेगा। 100 में हजारों रुपए का फर्टिलाइजर का लाभ पौधे को मिलेगा। ऐसा करने में कोई नुकसान नहीं है। गेहूं की पछेती खेती करने वाले अथवा धान फसल के बाद खेती करने वाले किसानों को खास तौर पर इसका उपयोग करना चाहिए।

# मिशन क्लीन सिटी के कर्मियों को सामग्री वितरण

■ नपं अध्यक्ष एवं सीएमओ ने सौंपा छता किट

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत नगर पंचायत के स्वच्छता दीदी को साड़ी एवं स्वच्छता भैया को लोवर व टीशर्ट सहित स्वच्छता संबंधी अन्य सामग्री प्रदान किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा भाई निषाद एवं सीएमओ विनम्र जेमा द्वारा स्वच्छता कर्मियों को मिशन क्लीन सिटी का स्वच्छता किट वितरण किया गया।

नगर पंचायत के सभागार में आयोजित मिशन क्लीन सिटी के संक्षिप्त कार्यक्रम में नपंअध्यक्ष हीरा निषाद ने कहा कि निकाय क्षेत्र में स्वच्छता कार्यो में स्वच्छता दीदी व भैया लोगों का सहयोग अतुलनीय है। नपंअध्यक्ष हीरा भाई निषाद, सीएमओ विनम्र जेमा एवं मिशन क्लीन सिटी के स्वच्छता दीदी व भैया, ड्राइवर, हेल्पर सहित निकाय के समस्त स्वच्छताकर्मी उपस्थित थे।

# कामरभौदी में नए शासकीय राशन दुकान खोलने आवेदन 12 दिसम्बर तक आमंत्रित

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के प्रावधान के अनुसार उचित मूल्य दुकान के संचालन के युक्तियुक्तकरण के तहत अनुविभाग गरियाबंद में ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत कामरभौदी में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान आबंटन किया जाना है। राशन दुकान संचालन हेतु लेम्पस, ग्राम पंचायत, महिला स्वसहायता समूह, वन सुरक्षा समितियां, अन्य सहकारी समितियों से निर्धारित प्रारूप में 11 दिसम्बर 2024 तक आवदेन आमंत्रित किये गए है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में एसडीएम कार्यालय गरियाबंद में स्वीकार किये जायेंगे। राशन की दुकान निजी व्यक्ति को आबंटित नहीं की जायेगी। ग्राम पंचायत, महिला स्वसहायता समूह, वन सुरक्षा समिति, अन्य सहकारी समिति, राज्य सरकार के द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम जिनका पंजीयन विज्ञापन तिथि से 03 माह अथवा उसके पूर्व का होना चाहिए। उक्त संस्था निरंतर कार्यरत हो एवं सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में कार्य का अनुभव हो। आवेदक संस्था का बचत बैंक खाता संचालन एवं छः माह से लेन-देन का विवरण होना चाहिए।

## बालमेला में सम्मिलित हुए जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू

# नन्हे विद्यार्थियों के रुचिपूर्ण आयोजन सराहनीय : जपं अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम जारवाही स्कूल में बाल मेला आयोजित हुआ। मेले में नन्हे विद्यार्थी बच्चों सहित पालकों ने सहभागिता निभाई। विद्यार्थी बच्चे मेला में व्यंजनों के स्टॉल लगाकर तथा क्रय विक्रय कर रोमांचित हुए। बच्चों के साथ पालकों सहित शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भी बाल मेला में बच्चों द्वारा बनाये गए व्यंजनों का लुफ्त उठाकर पाक कला की सराहना की।

इस मौके मुख्य अतिथि बतौर सम्मिलित हुए पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाल दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयोजित बाल मेला पुर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बच्चों के प्रति उनके प्यार और स्नेह के लिए किवंदती बन चुका है। इसे सकारात्मक दिशा देते हुए हम पालकों को भी अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पर्याप्त अवसर और दिशा देने की दरकार है। बाल दिवस हमें अहसास दिलाता है कि हम पालकों के लिए बच्चे धरोहर है। सभी बच्चों के भीतर कुछ खास प्रतिभाएं हैं, जिनसे वे समाज में बदलाव ला सकते है। इसमें शिक्षक की भूमिका अहम है। बच्चे भी आज नवाचार करके अपने प्रतिभा को निखार रहें हैं। हम सभी पालकों को बच्चों के गतिविधियो पर नजर रखते हुए उनके बेहतर प्रयासों को सदैव प्रोत्साहित करना चाहिए।

इस दरम्यान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। उक्त कार्यक्रम में पुरूषोत्तम साहू, भूषण देवांगन, लोकेश सिन्हा, स्कूल समिति के अध्यक्ष बुधराम साहू, रामचंद्र चंद्रवंशी, हेमराय चंद्रवंशी, उत्तम कंवर, सुंदर सिन्हा, दुधे सिन्हा मेश्राम, प्रधान पाठक देवांगन व शिक्षिका दामले सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकागण तथा ग्रामीणजन बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

# कलेक्टर की संवेदनशीलता से आयुष्मान का लाभ मिल रहा लोगों को : चावलानी

■ जिले के समग्र विकास पर पूरा फोकस

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य और पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी ने सरकार की आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की सराहना करते हुए कहा है कि इससे वरिष्ठ नागरिकों और सर्व सामान्य को निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने का अवसर मिला है। उनकी चुनौतियां काफी हद तक दूर हुई है और सहूलियत मिली हैं।

नगर पालिका निगम कोरबा के ओपन थिएटर के नजदीक स्थित सियान सदन में आयोजित आयुष्मान कार्ड से संबंधित शिविर में 54 वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिला जो 70 वर्ष से अधिक आयु के है। भाजपा नेता अशोक चावलानी ने इस प्रकार की कोशिश के लिए कोरबा के जिला अधिकारी अजीत वसंत के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी प्राथमिकता के साथ सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगा हुआ है और जन-जन को लाभान्वित कर रहा है। प्रशासन का तंत्र पूरी निष्ठा के साथ ऐसे कार्यों को आगे बढ़ाने में संलग्न है जो कुल मिलाकर आम लोगों के हितों को संरक्षित कर सकते हैं। स्वास्थ्य का मामला अपने आप में संवेदनशील होता है और ऐसी स्थिति में यदि लोगों को निशुल्क उपचार प्राप्त हो तो फिर उनकी बहुत बड़ी परेशानी दूर हो जाती है। अशोक चावलानी ने कहा है कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए कई योजना संचालित की जा रही है । अधिकतम संख्या में लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अशोक चावलानी ने कहां है कि कोरबा जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य , सड़क संपर्क के साथ- इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को लेकर जिलाधीश अजीत बसंत के मार्गदर्शन में अत्यंत प्रभावी कार्य किया जा रहे हैं और इनसे संबंधित क्षेत्र व लोगों को लाभ मिल रहा है।

# विभिन्न वार्ड में किया दौरा, जनता की समस्याओं का निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com





पंडरिया विधायक भावना बोहरा लगातार जनता के बीच पहुंचकर उनसे मुलाकात कर रही हैं वहीं विभिन्न वार्ड में जनसंपर्क के माध्यम से जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान भी कर रहीं हैं। इसके साथ ही वो भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी जनता तक सीधे पहुंचाते हुए आमजनों को उसका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहीं हैं। शुक्रवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में सघन जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारा कर्तव्य हैं, क्योंकि इसके लिए जनता ने हमें एक जनप्रतिनिधि के रूप में चुना है। ऐसे में उनसे संवाद करना और उनकी समस्याओं से अवगत होना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जनसंपर्क एवं जनसंवाद बहुत ही आवश्यक है। हमने पंडरिया नगर के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में निवासरत जनता से मुलकात की है और उनसे प्राप्त सुझावों को अमल में लाने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। अगर हमें क्षेत्र का विकास करना है तो उसके लिए जनता के बीच जाकर वहां की समस्याओं से अवगत होना बहुत ही आवश्यक है। विकास कार्यों की गुणवत्ता, जनता की सुविधाओं का विस्तार, निर्माण कार्यों की गति जैसे बहुत से कार्य हैं जिनका निरिक्षण करने के साथ ही क्षेत्र की कमियों को जानना भी महत्वपूर्ण है और उन कमियों को दूर करने का संयुक्त प्रयास ही क्षेत्र को तरक्की एवं उन्नति की ओर ले जाता है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को निर्धारित करके निरंतर कार्य कर रही है। यह लक्ष्य तभी संभव हो सकता है जब हम जनता की सुविधाओं का विस्तार करें, अधोसंरचनाओं का विकास करें एवं जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन करें, जिसके लिए हमें जनता के बीच जाना होगा। एक जनप्रतिनिधि का कार्य यही है कि वह अपने क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहे, उनकी समस्याओं को सुनें, क्षेत्र की प्रगति के लिए उनके सुझावों पर अमल करें, इसलिए हम लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता के समक्ष पहुंचकर हर संभव प्रयास कर रहें हैं जिससे जनता को सुविधा मिले, क्षेत्र की प्रगति हो और पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाने के हमारे लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकें। छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से विकास कार्य तेजी से हो रहें हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया उसके अनुरूप छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार जनहित के लिए कार्य कर रही है। हमें विश्वास है कि 11 माह में हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में जो कार्य किये हैं उससे जनता में एक नया आत्मविश्वास आया है और आगामी नगरी निकाय एवं पंचायत चुनाव में भी भाजपा के प्रति जनता के इस अटूट विश्वास व समर्थन से भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत हासिल करेगी और हमारे नगरी निकाय क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों का भी डबल इंजन की रफ़्तार से विकास होगा, जनता को योजनाओं का अविराम लाभ मिलेगा। भावना बोहरा ने कहा कि इससे जनता एवं जनप्रतिनिधि के बीच एक बेहतर सामंजस्य बनता है, जनता बेझिझक अपनी बातों को रख पाते हैं और हमें भी अपने कर्तव्यों को निभाने में सहयता मिलती है। ये संयुक्त प्रयास ही बेहतर परिणाम लेकर आते हैं, जिससे जनता अपने परिवार की भांति अपने हर सुख-दुःख और समस्याओं को हमसे साझा करते हैं। क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता का भी भरपूर स्नेह मुझे मिलता है, इससे मुझे भी प्रोत्साहन मिलता है कि जितना स्नेह वो मुझे दे रहें हैं उससे अधिक मैं उनकी सेवा कर सकूँ। उनके सुख-दुःख की सहभागी बन सकूँ, उनकी सुविधाओं के लिए और समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर सकूँ, यही मेरी प्राथमिकता है। मेरा हमेशा यही प्रयास रहेगा की मैं पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता के बीच जा सकूँ और उनके समस्याओं का समाधान कर सकूँ।

# सफलता के लिये लक्ष्य निर्धारण आवश्यक डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नयापारा खुर्द के रायल किड्स स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल व अतिथियों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन कर किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक विधायक प्रतिनिधि छबीलाल रात्रे अनूप अग्रवाल पुष्पराज गजेंद्र सुमित अग्रवाल प्रकाशसिंहा युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय राज पटेल अभिमन्यु जायसवाल सादराम पटेल किशान रैदास गोयल मोर्चा अध्यक्ष अजय डडसेना संजय गोयल मंचस्थ थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि सम्पत अग्रवाल ने कहा की आप सब बच्चे एक लक्ष्य निर्धारित कर अपना अधिक से अधिक समय पढ़ाई में लगाये निश्चित तौर पर किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने एक लक्ष्य निर्धारित होना अतिआवश्यक है। अग्रवाल ने स्कूल प्रबंधन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाये भी दी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहाँ ये वार्षिक उत्सव आप सब के शाल भर के विभिन्न क्रियाकलापो का आईना होता है निश्चित ही बच्चों का प्रदर्शन प्रशंसनीय है।कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य सुरेखा अवस्थी ने किया व मंच संचालन दिलीप निषाद ने किया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य और गीत संगीत और भाषण, कविता आदि की प्रस्तुत देकर सब का मनमोह लिया।

# केंद्रीय विद्यालय में ग्रैंडपेरेंट्स दिवस का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पीएम केंद्रीय विद्यालय जशपुर में विद्यालय के बच्चों ने दादा-दादी, नाना-नानी दिवस के आयोजन में हर्षोल्लास से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव एवं उनकी धर्मपत्नी अर्चना जूदेव शामिल हुए। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के उपरांत बच्चों ने स्वागत गीत, नृत्य, संगीत लघु नाटक एवं काव्य पाठ के माध्यम से ग्रैंड पैरेंट्स डे पर अद्भुत प्रस्तुति दी। तत्पश्चात वरिष्ठ लोगों द्वारा विद्यालय में बच्चों के समक्ष अमूल्य विचार साझा किए गए। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन क्रम में विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने वर्तमान परिवेश में बुजुर्गों के प्रति युवा पीढ़ी को जिम्मेदार रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि रणविजय सिंह जूदेव ने अपने संबोधन में बच्चों को वरिष्ठों से नैतिक मूल्य सीखने समावेशी भावना विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की प्रस्तुति से अभिभूत मुख्य अतिथि ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान को वृहद स्तर पर आयोजित करने एवं सामान्य जन को जागरूक रहने के संकल्प की प्रेरणा दी। अंत में विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक बिरेंद्र कुमार प्रधान के धन्यवाद प्रस्ताव के द्वारा कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## बदलते मौसम में भी श्रीराम सुपर 1 एसआर 14 और 303 गेहूं बीज से मिल रहे किसानों को सबसे बेहतर परिणाम



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित श्रीराम सुपर 1 एसआर 14 और श्रीराम सुपर 303 गेहूं बीज उल्लेखनीय परिवर्तन लाए हैं। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 1 एसआर 14 और श्रीराम सुपर 303, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभरी नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों से मिलने वाले परिणाम श्रेष्ठ हैं। अधिक तापमान और बीमारियों के प्रति सहनशीलता, कल्लों की अधिक संख्या, बड़े-सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। दुर्ग के एक किसान, बिशन वर्मा का कहना है कि श्रीराम सुपर 1 एसआर 14 में कई विशेषताएं देखने को मिलीं, जैसे कल्लों की अधिक संख्या, वजनदार लंबी बालियां, 75-80 दाने प्रति बाली और अधिक उपज क्षमता (17-18 क्विंटल प्रति एकड़)।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ देखी साबरमती रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने अपने विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण के भाजपा साथियों एवं समाज के विभिन्न वर्गो के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म चंद्रा मौर्या टॉकीज में देखकर गोधरा कांड के दिवंगतो को नमन किया। द साबरमति रिपोर्ट 2002 के दुर्भाग्यपूर्ण और क्रूर गोधरा ट्रेन अग्निकांड के सच को परत-दर-परत खोलने का सशक्त दस्तावेज़ है। आप सभी इस फिल्म को जरुर देखें। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने इस फिल्म को टैक्स फ्री किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रीतपाल बेलचंदन, जिला मंत्री रोहित साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फ्तेलाल वर्मा, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, महामंत्री राजू जंघेल, सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, फ्लेंद्र राजपूत, भाजपा नेता चंदू देवांगन, रूपेश पारख, सतीश चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, हरीश यादव, लक्ष्मीनाराय साहू, खुबीलाल साहू, सोहन रिगरी, डीकेश वर्मा, नरेन्द्र साहू, कारण सेन, भीमसेन सिन्हा, हरीश यादव, लोकेश देवांगन, हुबलाल चंद्राकर,नीलम गड़े, धनश्याम चंद्राकर, बिमला कांमडे, संगीता रजक, लता सोनवानी, वैभव देवांगन,सुनीता वर्मा, ममता चंद्राकर, शीलता राजपूत, भीष्म देवांगन, दुर्गा सेन, राजूलाल साहू, मंशा भारती, लुकेश्वरी साहू, गिरिश शर्मा, पूनम सपहा, दुर्गेश साहू, विक्की सोनी, पार्षद धर्मेंद्र भगत, विनय जैन, मोनू चौधरी, राहुल देवांगन, संजय कुमार उपस्थित थे।

# होटल इंडियन हेरिटेज में महिला कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

होटल इंडियन हेरिटेज, स्टेशन रोड़, रायपुर में शाम 5.00 बजे महिला कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई जिसमें महिला विंग के कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। जिसमें आगामी कार्यक्रम करने की रुपरेखा तैयार की गई बैठक में छ.ग. सिक्ख संगठन के प्रदेशाध्यक्ष दलजीत सिंग चावला, संस्थापक हरपाल सिंग भामरा, लवली अरोरा, रिंकु मक्कड, रंजीत अरोरा,यशवंत सिंग, गुरुभेज सिंग उपस्थित थे। बैंठक में छ.ग. सिक्ख संगठन की महिला विंग की कार्यकारिणी में प्रदेशाध्यक्ष श्वेता अरोरा, प्रदेश उपाध्यक्ष सिम्मी चावला, प्रदेश महासचिव रोमी सलुजा, प्रदेश कोषाध्यक्ष रुबी गांधी, प्रदेश सचिव किम्मी होरा का गठन किया गया। बैंठक में सर्वसम्मति से उपस्थित सदस्य गुरुमित चावला, गुरुजीत कौर छाबड़ा, गगनप्रीत कौर होरा, गुरुदीप कौर सिद्धु, रुपिंदर कौर होरा, गुरुप्रित कौर होरा, हरप्रित कौर होरा, गुरुप्रित कौर सेठी, निर्मल आनंद, गगन प्रति कौर, सुनिता बग्गा, रमनदीप कौर छाबड़ा उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम जशपुर नवीन आदर्श विद्यालय में न्योता भोजन का आयोजन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय जशपुर में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में और शिक्षकों की सहभागिता से विद्यार्थियों के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया गया, इस अवसर पार्षद व शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यगण की विशेष उपस्थिति में विद्यालय के लगभग 700 बच्चो व शिक्षक न्योता भोजन में शरीक हुए, उल्लेखनीय है कि बाल दिवस के उपलक्ष में इस नवंबर माह में विद्यालय का चार दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा पहल की गई न्योता भोजन के नवाचार के तहत बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करने, आपसी सामंजस्य व बच्चों से जुड़ाव की दिशा में कार्य करते हुए प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने शाला परिवार की ओर से वार्षिक उत्सव के तीसरे दिन विशेष रूप से न्योता भोजन का कार्यक्रम रखा, 27 से 30 नवंबर तक विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके प्रथम दिवस 27 नवंबर को विज्ञान प्रदर्शनी व आनंद मेला का आयोजन बच्चों के द्वारा किया गया, दूसरे दिन 28 नवंबर को खेल प्रतिभाओं को आगे लाने की दिशा में कार्य करते हुए खेल का आयोजन पुलिस ग्राउंड में किया गया, और 29 नवंबर को आज न्योता भोजन का आयोजन आज सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ यह वार्षिक उत्सव दिनांक 30 तारीख को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा। और इसी दिन संस्था की पत्रिका द सेजेस कैनवस का विमोचन भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक व्यापक व पोषक बनाने हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा न्योता भोजन कार्यक्रम की शुरुआत अपने जन्मदिन के अवसर पर गृह ग्राम बगिया से की गई है।

# अमेजन इंडिया का पहला ब्लैक फ्राइडे इवेंट 29 नवंबर को होगा लाइव

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन इंडिया ने अपने पहले ब्लैक फ्राइडे इवेंट की घोषणा की है, जो 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित होगा। वैश्विक स्तर पर एक बेहद लोकप्रिय इवेंट अमेजन इंडिया का पहला ब्लैक फ्राइडे इवेंट होगा, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, एप्लाएंसेस, फैशन और ब्यूटी कैटेगरी में एप्पल, सैमसंग, सोनी, नाइक, कैल्विन क्लेन, एडिडास, टॉमी हिलफगिर, पैनासोनिक, जीन पॉल, डाबर, एलजी, एल्डो, स्वारोवस्की जैसे ब्रांड्स पर डील्स मिलेंगी। सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट, कैटेगरीज, अमेजन इंडिया ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 की रिकॉर्ड तोड़ सफलता ने भारी बचत के लिए भारतीय ग्राहकों की भूख को प्रदर्शित किया है। अब हम वैश्विक स्तर पर अमेजन के लोकप्रिय शॉपिंग इवेंट ब्लैक फ्राइडे को पहली बार भारत में अमेजन.इन पर लेकर आ रहे हैं, जिसमें भारतीय और इंटरनेशनल दोनों ब्रांड्स के इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी, होम एप्लाएंसेस और डेकोर पर बड़ी बचत होगी। यह सभी श्रेणियों में ग्राहकों को असाधारण कीमत और शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। ग्राहक एचडीएफसी, इंडसइंड, बॉब कार्ड और एचएसबीसी बैंक डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई के साथ 10 प्रतिशत इंस्टैंट डिस्काउंट हासिल कर सकते हैं।

# सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मनोरा को अर्धवार्षिकीय आयु पूर्ण होने पर दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास के सार्थक प्रयास से जिले के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों का पेंशन सहित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को गंभीरता से लिया जा रहा है। साथ ही सभी अधिकारियों को इस प्रकार के प्रकरणों को गंभीरता से लेने के भी निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिला पशुपालन विभाग ने पशु चिकित्सालय मनोरा के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सीताराम तिर्की 30 नवम्बर 2024 को अर्धवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृति हो रहे हैं। पशु विभाग द्वारा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी तिर्की के अर्धवार्षिकीय आयु पूर्ण होने के एक दिवस पूर्व सम्मान समारोह का अयोजन कर तिर्की को विदाई दिया गया। साथ ही इस अवसर पर उन्हें पेंशन अदायगी प्रमाण-पत्र जारी किया गया। ताकि उन्हें पेंशन मिलने में विलंब न हो। इस अवसर पर पुश चिकित्सा सेवा विभाग के उप संचालक और सभी स्टाफउपस्थित थे।

# दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहा वासिफ और पति के सामने पत्नी को छेड़ने वाला इन्दर साय गिरफ्तार

## महिलाओं के विरूद्ध घटित अपराध में जशपुर पुलिस की सख्त कार्यवाही



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पहले प्रकरण के संबंध में पुलिस ने बताया कि जशपुर जिले के एक थाना क्षेत्र के ग्राम की 28 वर्षीय युवती ने माह जनवरी में थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसका वर्ष 2018 में वासिफ अंसारी निवासी सिमडेगा से जान पहचान हुआ था, तब वासिफ अंसारी ने एक दिन वर्ष 2019 में इसके पास आकर आदिवासी युवती होना जानकर शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया, तत्पश्चात् झांसा देकर वर्ष 2023 तक दुष्कर्म करता रहा। प्रार्थिया द्वारा शादी करने हेतु कहने पर वह साफ इंकार कर दिया। प्रार्थिया युवती की रिपोर्ट पर थाना में धारा 376(2)(ढ), 493 भा.द.वि. एवं 3(2-5) एससी/एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी वासिफ अंसारी अपने विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी पाकर गिरफ्तारी से बचने के लिये फरार हो गया, पुलिस द्वारा फरारी में चालान माननीय न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय से आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था।

### झारखंड से गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा पुराने प्रकरण के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उप पुलिस अधीक्षक स्तर के नेतृत्व में सायबर सेल को सम्मिलित कर विषेष अभियान चलाया जा रहा है, एवं वे स्वयं मानीटरिंग कर रहे हैं। उक्त प्रकरण के फरार आरोपी की पतासाजी हेतु उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ के नेतृत्व में विगत 15 दिनों से पुलिस टीम झारखंड के विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही थी, इसी दौरान आरोपी के रांची क्षेत्र के पुंदाग में होने की जानकारी मिली, टीम द्वारा दबिश देकर उक्त आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया। आरोपी वासिफअंसारी उम्र 29 साल निवासी ईदगाह मोहल्ला सिमडेगा (झारखंड) के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ, उप निरीक्षक सुनील सिंह, स.उ.नि. मनोज साहू, प्र.आर. छविकांत पैंकरा, आर. 315 राजेन्द्र तिर्की एवं सायबर सेल से उप निरीक्षक नसरूद्दीन अंसारी एवं अन्य स्टॉफका योगदान रहा है।

### जुर्म कबूला

विवेचना दौरान आरोपी घटना घटित कर फरार था उसे मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर एक जंगल से अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ में उसके द्वारा उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया। आरोपी इन्दर साय उम्र 30 साल के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक रामसाय पैंकरा, स.उ.नि. बैजंती किण्डो, प्र.आर. 213 लक्ष्मण सिंह, आर. उमेष भारद्वाज का योगदान रहा है।

### पति के सामने पत्नी को छेड़ा

दूसरे प्रकरण में विवाहित प्रार्थिया उम्र 22 वर्ष ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि इनके घर में 26 नवंबर को धान कटाई एवं धुलाई कराकर रात्रि में खाना खाकर सो रहे थे, उसी दौरान रात्रि लगभग 10 बजे इनके गांव का आरोपी इन्दर साय इनके घर का सांकल को तोड़कर अंदर आ गया और बदनियति से छेड़छाड़ करने लगा, प्रार्थिया एवं उसके पति द्वारा मना करने पर वह वहां से भाग गया। प्रार्थिया की उक्त रिपोर्ट पर थाना में भारतीय न्या. संहिता की धारा 332(ख), 74 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषड बलौदाबाजार
## जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक/1686/लो.नि.वि./ न.पा.नि./2024 बलौदाबाजार दिनांक 29.11.2024

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम निविदा आमंत्रण) //
Main portal- http://cgeprocurement.gov.in
Sub portal- http:// undd.cgeprocurement. gov.in
Email- cmobalodabazar @rediffmail.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा राज्य प्रवर्तित योजना मद अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पजीकृत ठेकेदारों से ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निधर्धारित समयावधि | निविदा दर प्रस्तुत करने की अतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 162063 | वार्ड क्र. 06 स्थित पिपर तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौदयीकरण कार्य। | 70.58 | 53000.00 | 3000.00 | 08 माह | 20.12.2024 |

**टीप-** उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurment.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cge-procurment.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद्र बलौदाबाजार

# राजेश मूणत का विकास रथ पहुंचा खमतराई : सड़कें, सामुदायिक भवन के लिए दिए 64 लाख रुपए, वार्ड के लोगों ने जताया आभार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के दिग्गज विधायक तथा तीन बार के मंत्री राजेश मूणत हर वार्ड में आम लोगों की सुविधा के लिए पिछले पांच माह से करोड़ों रुपए के काम शुरू करवा चुके हैं। खमतराई के लोगों की जरूरत के आधार वीर शिवाजी वार्ड में सड़कें-नालियां और सामुदायिक भवन के विस्तार के लिए राजेश मूणत 64 लाख रुपए के प्रोजेक्ट लेकर पहुंचे। उन्होंने सभी कार्य शुरू भी करवा दिए और नगर निगम अफसरों से कहा कि जितने भी काम शुरू हुए हैं, सभी समय पर पूरे होंगे तो लोगों को जल्दी सुविधा मिलेगी। इससे पहले रायपुर पश्चिम के दर्जनभर वार्डों में मूणत करोड़ों रुपए से स्कूलों का जीर्णोद्धार तथा बुनियादी सुविधाओं से जुड़े दर्जनों कार्य शुरू करवा चुके हैं और इनमें से कुछ पूरे हो गए या होने वाले हैं। अधोसंरचना तथा अन्य मदों से फंड मंजूर करने के लिए मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव का आभार जताया है। रायपुर पश्चिम में बेहतर सरकारी स्कूल, साफ चौड़ी सड़कें और सफाई का इफ्रास्ट्रक्चर, पीने का पानी तथा बिजली लाइनों के लिए राजेश मूणत ने एक बार फिर अपने विजन के साथ काम शुरू करवाए हैं। मूणत अपने विधानसभा क्षेत्र में मोहबाबाजार ओवरब्रिज, गुढ़ियारी की बेहतर कनेक्टिविटी, कई ओवरब्रिज-अंडरब्रिज तथा खेल सुविधाओं के विकास के लिए जाने जाते हैं। वीर शिवाजी वार्ड में जब वे 64 लाख रुपए के कार्यों के साथ पहुंचे, तो भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और उनका स्वागत किया। उन्होंने इस इलाके में सफाई के हिसाब से सबसे बड़ी जरूरत यानी खमतराई बाजार के दोनों ओर चौड़ी नालियों के लिए 24 लाख रुपए से काम शुरू करवाया। सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए खमतराई सामुदायिक भवन में विधायक मूणत ने दूसरे माले का निर्माण कार्य मंजूर करवाया और फिलहाल 10 लाख रुपए का फंड अलाट किया है। वार्ड के नीम डबरी इलाके में कंक्रीट रोड और नालियों का 17 लाख रुपए का काम और साहूपारा इमली पेड़ के पास सीसी रोड और नाली के लिए उन्होंने 10 लाख रुपए के काम का भूमिपूजन भी कर दिया। खास बात ये है कि भूमिपूजन के दौरान मौजूद निगम अफसरों और ठेकेदारों को उन्होंने समय सीमा तथा काम की क्वालिटी का खयाल रखने के लिए ताकीद की है।

### पश्चिम में लोगों की हर जरूरत पूरी होगी : मूणत

तीन बार के मंत्री रहे राजेश मूणत ने इस अवसर पर पार्षद, नेताओं तथा बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को आश्वस्त किया कि उनके वार्ड से लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं में कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय विकास के लिए भेजे जाने हर प्रोजेक्ट को मंजूरी दे रहे हैं, ताकि रायपुर का राजधानी जैसा स्वरूप और सुविधाएं बरककार रहें तथा लगातार बढ़ती रहें। उन्होंने बताया कि उनकी टीमें हर वार्ड की जरूरतों का आंकलन करने के लिए सर्वे करती रहती हैं। लोग चाहें तो उन्हें अपनी जरूरतें सीधे बता सकते हैं। इनमें से प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का सिलसिला जारी रहेगा।

# नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करने वाले अब ई-चालान के दायरे में, 16,100 रुपए जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 से ई-चालान सिस्टम का विद्यिवत शुरूआत किया गया। शहर में गंदगी फैलाने वाले लोगों और निर्माण कार्य के नियमों के उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाती रही है। यह चालानी कार्यवाही दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट, बाजारों में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों, कचरा को एकत्रित न कर इधर-उधर फेंकने वालों, गिला-सूखा कचरा अलग-अलग न करने वालों, खाली भूखंडों में कचरा फेंकने और उसे जलाने वालों, खुले स्थान पर शौच और पेशाब करने वालों पर नगर निगम के स्वास्थ विभाग द्वारा जुर्माना लगाया जाता रहा है। इसके साथ-साथ कंस्ट्रक्शन वेस्ट फैलाने, मकान निर्माण के दौरान सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों, निर्माण में नियमों का उल्लंघन करने वालों तथा ग्रीन नेट न लगाने वालों पर नियमानुसार चालान की कार्यवाही निगम की नगर निवेश विभाग द्वारा जुर्माना लगाया जाता था। नगर निगम के इस चलानी कार्यवाही में मौके पर भुगतान राशि को किसी कारण से न भुगतान कर पाने की स्थिति अथवा संपत्तिधारक के अनुपस्थिति में चलानी कार्यवाही में बाधा आती थी जिससे कई बार कार्यवाही को रोकना भी पड़ जाता था। ऑनलाइन ई-चालान सिस्टम में न केवल नगर निवेश और स्वास्थ्य की टीम बल्कि निगम के सभी कर्मचारी अधिकारी को जोड़ा गया है जो कहीं और कभी भी इन नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही चालानी कार्यवाही कर सकते हैं। इसके लिए निगम के अधिकारी और कर्मचारियों को ई-चालान सिस्टम हेतु तैयार मोबाइल एप्लीकेशन में खुद का रजिस्ट्रेशन करना होगा। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर फोटो लेकर, स्थल का जियो टैगिंग करते हुए ई-चालान की कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही जुर्माने राशि की गणना नियमानुसार सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा। इस दौरान मौके पर भुगतान की सुविधा नागरिकों को दी जाएगी। नागरिक पॉस मशीन से कैश अथवा यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन चालान का भुगतान कर सकते हैं। यदि भुगतान मौके पर नहीं किया जाता है तो संबंधित संपत्ति के आईडी पर बकाया के रूप में चालान की राशि ऑनलाइन एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी। ऑनलाइन चालान में चालान की राशि का ब्यौरा और पेमेंट लिंक दर्ज रहेगा।

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने 9 विशेषज्ञ चिकित्सकों व 10 चिकित्सा अधिकारियों के संविदा नियुक्ति आदेश जारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में 09 विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के साथ बस्तर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 10 चिकित्सा अधिकारियों (संविदा) की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों और संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं।

# महाविद्यालय के लिये सुरक्षित रखी गई 9 एकड़ शासकीय भूमि को रामा बिल्डर को आबंटित कर दी गई है : तीरथ साहू

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर ग्रामीण विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शासन द्वारा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 के अमलीडीह में 9 एकड़ शासकीय भूमि को रामा बिल्डर को आबंटित कर दी गई है जो कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन द्वारा महाविद्यालय के लिये सुरक्षित रखी गई थी। शासन द्वारा आबंटित उक्त महाविद्यालय की भूमि देने से समस्त वार्डवासियों एवं विद्यार्थियों में भारी आक्रोश है। उक्त आबंटन के विरोध में आज युवा कांग्रेस, रायपुर ग्रामीण विधानसभा एवं एनएसयूआई द्वारा छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में जोन क्रमांक 10 कार्यालय के सामने अमलीडीह पानी टंकी के समीप एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं रैली तथा पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया था। इस आयोजन में छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि शासन द्वारा एक बिल्डर को कालेज के लिये सुरक्षित रखी गई भूमि आबंटित करने से कालेज में अध्ययनरत बच्चों का भविष्य खतरे में पड गया है, उन्होने शासन से सवाल करते हुये पूछा कि वर्तमान में महाविद्यालय शासकीय शाला में संचालित किया जा रहा है, अब भूमि आबंटन के पश्चात महाविद्यालयीन विद्यार्थी कहां अध्ययन करेंगे क्योंकि शासकीय शाला में भी लगातार विद्यार्थियों की संख्या बढ रही है।

# धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर कांग्रेस किसानों को गुमराह करने और अराजकता फैलाने में लगी है : किरण सिंह

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ फैलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर जमकर निशाना साधा है। देव ने कहा कि बैज समेत सभी कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को गुमराह करने और प्रदेश में येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडा पर चल रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियाँ उड़ाई तो अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर नया टूलकिटिया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे, कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फँसकर कांग्रेस छटपटाने लगी।

# अभनपुर मंडी में अवैध धान परिवहन पर कारवाई, 80 क्विंटल धान जब्त

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर अवैध धान परिवहन पर निरंतर कार्रवाई जारी है। 28 नवंबर को अभनपुर मंडी क्षेत्र में विद्या मंदिर परसदा के पास से एक वाहन को पकड़ा गया। जिसकी जांच की गई और उसमें धान का परिवहन करते हुए वाहन क्रमांक सीजी 05 एए 6023 में 200 कट्टा सरना जब्त किया गया। लगभग 80 क्विंटल धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिन भी वाहनों से अवैध धान परिवहन किया जा रहा है, तो उन वाहनों के धान को जब्त किया जा रहा है।

## महानदी पर तटबंध निर्माण के लिए 10.92 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने रायपुर के विकासखंड अभनपुर के ग्राम टीला के पास महानदी पर तटबंध निर्माण कार्य के लिए 10 करोड़ 92 लाख 68 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। ग्राम टीला के पास महानदी पर 1080 मीटर लंबाई में तटबंध निर्माण किया जाना है। मंत्रालय महानदी भवन जल संसाधन विभाग से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना को तटबंध निर्माण कार्य कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

# पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से 5 कर्मचारियों की भावभीनी विदाई



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के सेवाभवन में ट्रांसमिशन कंपनी के 5 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) राजेश कुमार शुक्ला द्वारा प्रशस्ति पत्र, घड़ी, शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कनिष्ठ पर्यवेक्षक अरविंद कुमार सोलोमोन, रायपुर, लाइन सहायक श्रेणी-एक, अशोक कुमार साहू, भिलाई, लाइन सहायक श्रेणी-दो, सीताराम साहू, भिलाई, लाइन परिचारक श्रेणी-एक, हसेंद्र कुमार वर्मा, भिलाई, फार्मासिस्ट मूल सजीवन शर्मा, रायपुर को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई समारोह में सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक के.एस.मनोठिया, एम.एस.चौहान, संजय पटेल, डी.के. तुली, मुख्य अभियंता जी.आनंद राव, सी.एम.ओ. डॉ. एच.एल. पंचारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा को दी विकास की नई दिशा, 55 लाख के कार्यों का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर विधायक और वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अधोसंरचना मद के अंतर्गत चार वार्डों के 55 लाख के पांच विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड क्रमांक 21 बुधवारी के दशहरा मैदान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में विधिवत पूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया। मंत्री देवांगन ने विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर, शहर के भविष्य को और सुदृढ़ बनाने की पहल की। इन कार्यों में सीसी रोड, नाली निर्माण, मंच जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं, जो कोरबा की बुनियादी सुविधाओं को और सशक्त बनाएंगे। मंत्री देवांगन ने कहा कि अब विष्णुदेव सरकार में शहर के सभी 67 वार्डों में एक साथ कार्य डीएमएफ शुरू हो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य उद्देश्य विकास के कार्यों का लाभ शहर के हर नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोरबा को आधुनिक और सुसज्जित शहर बनाने की दिशा में यह सिर्फ एक शुरुआत है। आने वाले समय में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएंगे, जिससे यहां के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और शहर की समृद्धि में वृद्धि होगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद पंकज देवांगन, पार्षद अजय गौंड, सुखसागर निर्मलकर, दिनेश वैष्णव, अनीता सुकंदी यादव, युवा मोर्चा के पंकज सोनी, अतुल दास, श्याम साहू, मीरा सोनी, वैभव शर्मा, अनिल यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।

### इन कार्यों का भूमिपूजन संपन्न

वार्ड क्रमांक 28 फेस 01 दशहरा मैदान के पास नवनिर्मित उद्यान तक नाली निर्माण कार्य लागत 20. 10 लाख, वार्ड क्रमांक 22 शिवाजी नगर में नाली निर्माण कार्य लागत 10 लाख,वार्ड क्रमांक 21 में रमेश किराना स्टोर के पास सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य लागत 5 लाख ,वार्ड क्रमांक 21 में सीसी रोड निर्माण कार्य, लागत 10 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 17 नया मानस नगर, व पुराने मानस नगर में विकास कार्य 10 लाख कार्य की आज भूमिपूजन संपन्न हुआ।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403